राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 20 दिसंबर 2025

वर्ष 07, अंक 81, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

अवैध कब्जे पर चला प्रशासन का बुलडोजर महिला अस्पताल की बाउंड्रीवाल कराई गई मुक्त...03

24 घंटे काम और सैलरी सिर्फ 14 हजार साहब ऐसे जुलुम मत करिए...12

## सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना हाईकोर्ट के फैसले को पलटा, कहा-ड्राइविंग लाइसेंस सिर्फ कागजी दस्तावेज नहीं, अनुभव और अभ्यास भी जरूरी

**● सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना पुलिस ट्रांसपोर्ट ऑर्गनाइजेशन और स्टेट डिज़ास्टर रिस्पॉन्स और फायर सर्विसेज डिपार्टमेंट में 325 ड्राइवर पोस्ट की भर्ती से जुड़े तेलंगाना हाई कोर्ट के फैसले को पलट दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ड्राइविंग केवल लाइसेंस प्राप्त करने भर की औपचारिकता नहीं है**

सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच के एक फैसले के खिलाफ सुनवाई के दौरान ड्राइविंग लाइसेंस पर टिप्पणी की है. कोर्ट ने कहा कि वाहन चलाना केवल कागजी योग्यता तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए व्यावहारिक अनुभव और नियमित अभ्यास भी उतना ही आवश्यक है. कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अभ्यास की कमी किसी व्यक्ति की ड्राइविंग क्षमता को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है, विशेषकर तब जब वाहन का उपयोग पुलिस कार्यों या आपदा राहत जैसे संवेदनशील और जिम्मेदारीपूर्ण कार्यों के लिए किया जाना हो. दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना पुलिस ट्रांसपोर्ट ऑर्गनाइजेशन और स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स और फायर सर्विसेज डिपार्टमेंट में 325 ड्राइवर पोस्ट की भर्ती से जुड़े तेलंगाना हाई कोर्ट के फैसले को पलट दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि भर्ती प्रोसेस तीन महीने के अंदर पूरा किया जाए।

**ड्राइविंग योग्यता से जुड़े मामलों में अहम दिशा-निर्देश**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ड्राइविंग केवल लाइसेंस प्राप्त करने भर की औपचारिकता नहीं है. वास्तविक परिस्थितियों में वाहन को सुरक्षित और कुशलता से चलाने के लिए निरंतर अभ्यास आवश्यक होता है. कोर्ट ने यह भी रेखांकित किया कि पुलिस बल और आपदा प्रबंधन से जुड़े कर्मियों के लिए ड्राइविंग कौशल और अनुभव और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि ऐसी स्थितियों में जरा सी चूक गंभीर परिणाम ला सकती है. सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी को पुलिस भर्ती प्रक्रिया और ड्राइविंग योग्यता से जुड़े मामलों में एक अहम दिशा-निर्देश के तौर पर देखा जा रहा है।

**325 ड्राइवर पोस्ट की भर्ती से जुड़ा मामला**

सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना पुलिस ट्रांसपोर्ट ऑर्गनाइजेशन और स्टेट डिज़ास्टर रिस्पॉन्स और फायर सर्विसेज डिपार्टमेंट में 325 ड्राइवर पोस्ट की भर्ती से जुड़े तेलंगाना हाई कोर्ट के फैसले को पलट दिया है. जस्टिस





अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस एसवीएन भट्टी की एक डिवीजन बेंच ने यह फैसला सुनाया. यह फैसला तेलंगाना स्टेट लेवल पुलिस रिक्रूटमेंट बोर्ड (TSLPRB) की अपील पर सुनवाई के दौरान सुनाया गया. इस अपील में हाई कोर्ट के पहले के आदेश को चुनौती दी गई थी, जो कुछ कैंडिडेट्स के पक्ष में था।

**रिक्रूटमेंट बोर्ड ने जारी किए दो नोटिफिकेशन**

यह विवाद रिक्रूटमेंट बोर्ड के 5 अप्रैल और 20 मई, 2022 को जारी दो नोटिफिकेशन से शुरू हुआ था. इन नोटिफिकेशन में खास एजुकेशनल क्वालिफिकेशन तय की गई थीं और कैंडिडेट्स के पास वैलिड ड्राइविंग लाइसेंस होना जरूरी था जो कम से कम दो साल से लगातार एक्टिव हो. इन नियमों के आधार पर, 2 और 24 मार्च, 2023 को एक स्किल टेस्ट हुआ, जिसके बाद 2 अप्रैल, 2023 को एक लिखित परीक्षा हुई. जिन उम्मीदवारों के पास नोटिफिकेशन की तारीख तक लगातार दो साल तक वैलिड ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था, उन्हें टेस्ट देने की इजाज़त नहीं दी गई, जिसके कारण उन्होंने हाई कोर्ट में एलिजिबिलिटी की शर्त को चुनौती दी।

**कैंडिडेट्स को भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने की इजाजत**

डिवीजन बेंच का फैसला 3 अक्टूबर, 2023 को, तेलंगाना हाई कोर्ट की एक डिवीजन बेंच ने फैसला सुनाया कि मोटर व्हीकल (अमेंडमेंट) एक्ट, 2019 के सेक्शन 15 के तहत, आवेदकों को अपने ड्राइविंग लाइसेंस को या तो एक्सपायरी से एक साल पहले या एक साल बाद तक रिन्यू करने की इजाजत है. कोर्ट ने कहा कि ऐसे कैंडिडेट्स को भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने की इजाजत दी जानी चाहिए।

## प्रदूषण पर सख्ती, बढ़ी निगरानी... दिल्ली में 24 घंटे में 11000 से अधिक गाड़ियों का चालान

**● दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण से लड़ने के लिए जमीनी स्तर पर कार्रवाई तेज की है. बीते 24 घंटों में 11776 वाहनों पर चालान हुए. पर्यावरण मंत्री ने बताया कि धूल नियंत्रण, कचरा प्रबंधन और नियम पालन पर जोर है, जिससे इस सर्दी में वायु गुणवत्ता में सुधार दिखा है. सरकार स्थायी नीतियों पर काम कर रही है और जनता से सहयोग की अपील की**



दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए ज़मीनी स्तर पर कार्रवाई और तेज़ कर दी है. बीते 24 घंटों में ही विभिन्न विभागों की टीमों ने प्रदूषण फैलाने और नियमों का पालन न करने वाले कुल 11776 वाहनों पर चालान जारी किए हैं. यह कार्रवाई शहर भर में समन्वित और सख्त निगरानी के तहत की गई.

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण से निपटने के लिए कई स्तरों पर एक साथ काम कर रही है. इसमें वाहनों की जांच, धूल नियंत्रण, कचरा प्रबंधन और नियमों का सख्ती से पालन शामिल है. उन्होंने बताया कि इसी समन्वित प्रयास का असर है कि इस साल सर्दियों में वायु गुणवत्ता सूचकांक में पिछले वर्षों की तुलना में थोड़ा सुधार देखने को मिला है

**सरकार बोली- कदम तात्कालिक नहीं, पूरे साल की नीतियों पर काम**

उन्होंने आगे कहा कि सरकार सिर्फ तात्कालिक कदमों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे साल लागू रहने वाली, वैज्ञानिक आधार पर तैयार नीतियों और स्थायी सुधारों पर लगातार काम कर रही है, ताकि दिल्ली की हवा को लंबे समय तक साफ़ रखा जा सके। शहर की सफ़ाई और धूल नियंत्रण के मोर्चे पर नगर निगम एजेंसियों ने मिलकर 12,164.88 मीट्रिक टन कचरा हटाया. इसके अलावा 2,068.81 किलोमीटर सड़कों की मशीनों से सफ़ाई की गई और 1,830 किलोमीटर सड़कों पर पानी का छिड़काव किया गया. धूल को नियंत्रित करने के लिए 5,528 किलोमीटर क्षेत्र में एंटी-स्मॉग गन का उपयोग किया गया. निर्माण स्थलों पर लगातार धूल नियंत्रण के लिए 160 एंटी-स्मॉग गन तैनात की गई हैं।

**24 घंटों में औसतन 30,000 मीट्रिक टन कचरे का निपटारा**

कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में भी प्रगति देखने को मिली है. पिछले 24 घंटों में औसतन 30,000 मीट्रिक टन से अधिक पुराने कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान किया गया. जनता से जुड़े मामलों में भी तेज़ी दिखाई गई और 311, ग्रीन दिल्ली ऐप, समीर और सोशल मीडिया के माध्यम से मिली 57 शिकायतों का समाधान किया गया। नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए 542 गैर-निर्धारित मार्गों पर चल रहे ट्रकों को रोका गया और वापस भेजा गया. साथ ही, शहर के 34 प्रमुख ट्रैफिक जाम वाले स्थानों पर यातायात को सुगम किया गया।

सिरसा ने नागरिकों, संस्थानों और वाहन चालकों से सरकार के प्रदूषण नियंत्रण नियमों का पूरी तरह पालन करने की अपील की. उन्होंने कहा कि प्रदूषण के खिलाफ यह लड़ाई केवल सरकार की नहीं है. सभी विभाग दिन-रात सतर्क हैं, लेकिन दिल्ली को साफ़ हवा देने के लिए जनता का सहयोग भी उतना ही जरूरी है।

**सरकार बोली- GRAP-4 लागू होने के बाद दिल्ली में ट्रैफिक घटा**

दिल्ली सरकार ने कहा है कि GRAP-4 के तहत प्रदूषण नियंत्रण उपायों को सख्ती से लागू किए जाने के बाद शहर की सड़कों पर वाहनों की आवाजाही में कमी आई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कैबिनेट सहयोगियों और संबंधित विभागों से मिले फीडबैक की समीक्षा की। समीक्षा में सामने आया कि लागू किए गए उपायों का जमीनी स्तर पर सकारात्मक असर पड़ा है।

दिल्ली सरकार ने कहा कि वह वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) के निर्देशों का पूरी तरह पालन कर रही है। फिलहाल राजधानी में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान- 4 (GRAP-4) लागू है। इसके तहत गहन निरीक्षण और सख्त प्रवर्तन अभियान चलाए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### थाना ज्ञानपुर क्षेत्र अंतर्गत धोखाधड़ी/विश्वासघात एवं आपराधिक धमकी देने का अभियुक्त गिरफ्तार

**अभियुक्त द्वारा पूर्व में आवेदक को विक्रय की गई जमीन की कूट रचित दस्तावेज तैयार कर साजिश के तहत पुनः उसी जमीन का किया गया विक्रय**





थाना ज्ञानपुर पर आवेदक अक्षय कुमार सिंह पुत्र देवेंद्र कुमार सिंह निवासी जोगिनका थाना गोपीगंज जिला भदोही द्वारा सूचना दिया गया कि दिनांक 26.12.2023 को सर्वेश कुमार शुक्ला गांधी थाना गोपीगंज जिला भदोही द्वारा अपना सम्पूर्ण हिस्सा रकवा 0.076 हे0 आवेदक को दो लाख रूपया का चेक उप निबंधक कार्यालय ज्ञानपुर में लेकर बैनामा करके उसी दिन कब्जा दखल दे दिया गया। आवेदक को धोखा देने की साजिश करके कूट रचित दस्तावेज तैयार कर नगीना पाल पत्नी शिवकुमार पाल निवासी गांधी थाना गोपीगंज जिला भदोही के नाम बैनामा कर दिया गया। तथा गाली गुप्ता व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना ज्ञानपुर पर मु0अ0सं0 85/2025 धारा 419/420/467/468/471/504/506 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई। अभिमन्यु मांगलिक,पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु दिये गए निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 19.12.2025 को शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर के नेतृत्व में थाना ज्ञानपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 85/2025 धारा 419/420/467/468/471/504/506 भादवि थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही से सम्बंधित अभियुक्त सर्वेश कुमार शुक्ला पुत्र स्व0 रमाशंकर निवासी गाँधी थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 38 वर्ष को सिंहपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

## महाराष्ट्रः माणिकराव कोकाटे को मिली बड़ी राहत, बॉम्बे हाई कोर्ट ने दी जमानत, जारी हुआ था गिरफ्तारी वारंट

**» पूर्व मंत्री व एनसीपी नेता माणिकराव कोकाटे को बॉम्बे हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. नासिक के 1995 के आवास आवंटन मामले में दो साल की सजा मिलने और गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद, उच्च न्यायालय ने उन्हें 1 लाख रुपये के जमानत बांड पर जमानत दे दी है. इस फैसले से फिलहाल उनकी गिरफ्तारी टल गई है।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

एनसीपी अजीत पवार गुट के नेता व पूर्व मंत्री माणिकराव कोकाटे को शुक्रवार को बड़ी राहत मिली. बॉम्बे हाई कोर्ट ने नासिक की सेशन कोर्ट के फैसले को लेकर जमानत दे दी. आवास आवंटन में गड़बड़ी के मामले में नासिक कोर्ट ने माणिक राव कोकाटे को 2 साल की सजा सुनाई थी. उसके बाद उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। नासिक सत्र न्यायालय ने माणिकराव कोकाटे के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था, जिसके खिलाफ कोकाटे ने उच्च न्यायालय का रुख किया था. उच्च न्यायालय ने इस मामले की सुनवाई करते हुए एक बड़ा फैसला लिया है। माणिकराव कोकाटे को बड़ी राहत मिली है और उन्हें जमानत मिल गई है. उच्च न्यायालय ने एक लाख रुपये के जमानत बांड पर माणिकराव कोकाटे को जमानत दी है, जिससे अब माणिकराव कोकाटे की गिरफ्तारी का मामला सामने आया है।

नासिक फ्लैट मामले में कोकाटे को दो साल की सजा सुनाई गई थी, जिसके बाद नासिक सत्र न्यायालय ने इस मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया था. विवाद के बाद माणिकराव कोकाटे ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और गुरुवार को उनकी इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया था।

**जानें क्या है मामला**

मणिकराव कोकाटे को नासिक फ्लैट मामले में दो साल की जेल की सजा सुनाई गई थी. यह मामला 1995 का है. इसी बीच, नासिक सत्र न्यायालय ने इसी मामले में मणिकराव कोकाटे के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था. गिरफ्तारी वारंट जारी होते ही मणिकराव कोकाटे की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. कोकाटे ने इसके खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील की थी। पहले उच्च न्यायालय ने मामले की तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया था. हालांकि, उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को सुनवाई के लिए तत्परता दिखाई, जिसके अनुरूप आज सुनवाई हुई. इस मामले में कोकाटे को उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है।

**एक लाख रुपए के बांड पर दी जमानत**

उच्च न्यायालय ने कोकाटे को एक लाख रुपये के जमानत बांड पर जमानत दे दी है. इसलिए, फिलहाल कोकाटे की गिरफ्तारी टल गई है. हालांकि, न्यायालय ने माणिकराव कोकाटे की सजा पर रोक नहीं लगाई है. चूंकि कोकाटे को जमानत मिल गई है, इसलिए फिलहाल उनकी गिरफ्तारी नहीं होगी. इससे पहले यह आशंका जताई जा रही थी कि गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद उनकी गिरफ्तारी होगी, लेकिन अब उन्हें इससे राहत मिल गई है।

## बाघ संग तस्वीर, शिव पूजा और महाआरती... वनतारा के मुरीद हुए अनंत अंबानी के मेहमान मेसी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दुनिया के महानतम फुटबॉल खिलाड़ियों में शुमार लियोनेल मेसी की दुनिया दीवानी है. भारत में भी उनके चाहने वालों की बड़ी संख्या है. जब वो GOAT इंडिया टूर पर भारत आए तो इसकी झलक दिखी. इसके बाद जब वो गुजरात पहुंचे तो उनका अनोखा अंदाज भी देखने को मिला. उन्होंने अनंत अंबानी के वन्यजीव संरक्षण केंद्र वनतारा का दौरा किया था। यहां उनका भारतीय संस्कृति और वन्यजीव संरक्षण से जुड़ा खास अंदाज़ देखने को मिला. मेसी खेल के साथ ही करुणा, परंपरा और प्रकृति के अनोखा संगम में रंगे नजर आए. वनतारा में मेसी ने भारत को करीब से अनुभव किया और देश की परंपराओं से मंत्रमुग्ध हो गए. वो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से बहुत प्रभावित हुए।लियोनेल मेसी ने वन्य जीव कल्याण, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र वनतारा का दौरा कर अनुष्ठानों में हिस्सा लिया. वनतारा की टीमों के साथ बातचीत की।

मेसी ने वनतारा में रेस्क्यू किए गए बड़े वन्य जीवों जैसे शेर, बाघ, तेंदुआ, हाथी, शाकाहारी पशु, सरीसृप और संरक्षण में रखे गए अन्य जानवरों को देखा। उन्होंने इन जानवरों की देखभाल करने वालों और पशु चिकित्सा कर्मचारियों से बातचीत की. विशेष चिकित्सा देखभाल, पोषण और पुनर्वास प्रोटोकॉल सहित पशु कल्याण के बारे में जानकारी ली। मेसी के हवाले कहा गया, वनतारा जो काम करता है वह सच में शानदार है. जानवरों के लिए किया गया काम, उन्हें मिलने वाली देखभाल, जिस तरह से उन्हें बचाया और पाला जाता है सच में प्रभावशाली है। उन्होंने कहा, हमने यहां बहुत अच्छा समय बिताया. पूरे समय खुद को सहज महसूस किया. यह ऐसा अनुभव है जो यादों में बस जाता है. हम यहां दोबारा जरूर आएंगे।

वनतारा में मेसी का स्वागत देश की



परंपराओं के अनुसार किया गया. वो भी सनातन धर्म में रंगे नजर आए.मेसी ने मंदिर में पूजा भी की. वो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से बहुत प्रभावित हुए। मेसी अंबे माता पूजा, हनुमान पूजा, गणेश पूजा और शिव अभिषेक में भी शामिल हुए. उन्होंने दुनिया में शांति और एकता की कामना की. इस दौरान उनके साथी खिलाड़ी लुईस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल भी मौजूद रहे. लियोनेल मेसी के इस दौरे की तमाम तस्वीरें चर्चा में रहीं लेकिन एक तस्वीर काफी पसंद की जा रही है, जिसमें अनंत अंबानी ने उन्हें गले लगाकर स्वागत किया।

## बाल तस्करी कोई छिटपुट घटना नहीं... सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी, अदालतों को दिए संवेदनशीलता के निर्देश

**» सुप्रीम कोर्ट ने बाल तस्करी और यौन शोषण को गंभीर चिंता का विषय बताया है. कोर्ट ने निर्देश दिए हैं कि नाबालिग पीड़ितों के साक्ष्यों का संवेदनशील और यथार्थवादी ढंग से मूल्यांकन किया जाए. ताकि मामूली विसंगतियों पर गवाही खारिज न हो**

**» पीठ ने संगठित अपराध नेटवर्क की जटिलता को स्वीकारा और कहा कि पीड़ित की गवाही विश्वसनीय होने पर सिर्फ उसी के आधार पर दोषसिद्धि हो सकती है**

सुप्रीम कोर्ट ने देश में बाल तस्करी और व्यावसायिक यौन शोषण को गंभीर रूप से चिंताजनक करार दिया है. कोर्ट ने इस मसले पर निर्देश जारी किए हैं कि अदालतों को तस्करी और वेश्यावृत्ति के शिकार नाबालिग पीड़ितों के साक्ष्यों का संवेदनशील और यथार्थवादी तरीके से मूल्यांकन कैसे करना चाहिए. कोर्ट ने चेतावनी दी कि मामूली विसंगतियों या आचरण संबंधी रूढ़िवादी धारणाओं के आधार पर पीड़ितों की गवाही को खारिज नहीं किया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने देश में बाल तस्करी और व्यावसायिक यौन शोषण को गंभीर रूप से चिंताजनक करार दिया है. कोर्ट ने इस मसले पर निर्देश जारी किए हैं कि अदालतों को तस्करी और वेश्यावृत्ति के शिकार नाबालिग पीड़ितों के साक्ष्यों का संवेदनशील और यथार्थवादी तरीके से मूल्यांकन कैसे करना चाहिए. कोर्ट ने चेतावनी दी कि मामूली विसंगतियों या आचरण संबंधी रूढ़िवादी धारणाओं के आधार पर पीड़ितों की गवाही को खारिज नहीं किया जाना चाहिए।

**बाल तस्करी संगठित शोषण के एक गहरे पैटर्न का हिस्सा**

जस्टिस बागची ने कहा, बाल तस्करी के मामले कोई छिटपुट घटनाएं नहीं हैं, बल्कि संगठित शोषण के एक गहरे पैटर्न का हिस्सा हैं जो विधायी सुरक्षा उपायों के बावजूद जारी है. ऐसे मामलों का न्यायिक मूल्यांकन सबूतों के कठोर या अति-तकनीकी मानकों के बजाय नाबालिग पीड़ितों की वास्तविकताओं के प्रति संवेदनशीलता पर आधारित होना चाहिए. आइए जानते हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने पीड़िता के साक्ष्य का मूल्यांकन करते समय अदालतों को किन बातों का ध्यान रखने के लिए कहा है.

संगठित अपराध नेटवर्क की जटिल और बहुस्तरीय संरचना पर गौर किया जाना चाहिए. इस तरह की संगठित अपराध गतिविधियां स्वतंत्र इकाइयों के रूप में कार्य करती हैं. इनके गुप्त अंतर्संबंधों को छल और कपट के माध्यम से भोला बनाकर निर्दोष पीड़ितों को धोखा दिया जाता है.

भर्ती, परिवहन, आश्रय और शोषण के क्षेत्रों में अपराध इकाइयों के इस बिखरे हुए और स्पष्ट रूप से असंबद्ध तरीके से संचालित होने के कारण पीड़िता के लिए इन प्रक्रियाओं के परस्पर संबंध को सटीक और स्पष्ट रूप से वर्णित करना कठिन हो जाता है, क्योंकि ये सभी संगठित अपराध गतिविधियों के जाल हैं जिनका वह शिकार होती है।

इस स्थिति को देखते हुए मानव तस्कर के प्रत्यक्ष रूप से हानिरहित प्रतीत होने वाले लेकिन भयावह एजेंडे के खिलाफ तुरंत विरोध न करने को पीड़ित के बयान को अविश्वसनीय या सामान्य मानवीय आचरण के खिलाफ बताकर खारिज करने का आधार नहीं बनाया जाना चाहिए।

अदालतों को ध्यान रखना चाहिए कि जब नाबालिग किसी हाशिए या सामाजिक एवं सांस्कृतिक रूप से पिछड़े समुदाय से संबंधित होती है तो उसकी अंतर्निहित सामाजिक-आर्थिक और कभी-कभी सांस्कृतिक असुरक्षा बढ़ जाती है।

अगर सूक्ष्म मूल्यांकन के आधार पर पीड़िता का बयान विश्वसनीय और ठोस प्रतीत होता है तो केवल उसकी गवाही के आधार पर दोषसिद्धि को बरकरार रखा जा



सकता है. यौन तस्करी की शिकार, विशेषकर नाबालिग, सह-अपराधी नहीं होती और उसकी गवाही को पीड़ित गवाह के रूप में उचित सम्मान और विश्वसनीयता प्रदान की जानी चाहिए।

कानून प्रवर्तन एजेंसियों और न्यायालय के समक्ष भी यौन शोषण के भयावह परिदृश्य का वर्णन करना एक असहनीय अनुभव है, जो एक तरह से उत्पीड़न का कारण बनता है।

यह स्थिति तब और भी गंभीर हो जाती है जब पीड़ित नाबालिग हो और उसे आपराधिक धमकियों, प्रतिशोध के भय, सामाजिक कलंक और सामाजिक एवं आर्थिक पुनर्वास की कमी का सामना करना पड़ता हो. ऐसे में पीड़ित के साक्ष्यों का न्यायिक मूल्यांकन संवेदनशीलता और यथार्थवाद से परिपूर्ण होना चाहिए।

## यूरिया खाद की किल्लत से किसान परेशान





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** सरीला तहसील की सहकारी समितियों में यूरिया खाद की कमी से किसान खासे परेशान हैं। समय पर यूरिया खाद उपलब्ध न होने के कारण किसानों को दर-दर भटकना पड़ रहा है, जिससे खेतों में खड़ी गेहूं की फसल प्रभावित होने लगी है। किसानों का कहना है कि समितियों पर यूरिया खाद नियमित रूप से नहीं मिल पा रही है। यदि कभी खाद आती भी है तो वह कम मात्रा में होती है, जिससे सभी किसानों को लाभ नहीं मिल पाता। बीते कई दिनों से बनी इस स्थिति ने किसानों के सामने गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। किसानों के अनुसार, गेहूं की फसल में इस समय यूरिया खाद डालकर सिंचाई आवश्यक होती है, लेकिन खाद की अनुपलब्धता के चलते सिंचाई कार्य बाधित हो रहा है। मजबूरी में किसानों को निजी दुकानों से 400 से 500 प्रति बोरी तक यूरिया खरीदनी पड़ रही है। सरीला नगर, उमरिया, ममना व रिगवारा स्थित दुकानों पर यूरिया 200 से 300 अधिक दाम पर बेचे जाने के आरोप भी लगाए गए हैं। किसान देवेंद्र यादव, दुष्यंत कुमार, कलवेन्द्र, मंगल और देवसिंह सहित कई किसानों ने बताया कि समितियों पर खाद की कम आपूर्ति के कारण परेशानी बढ़ती जा रही है। किसानों ने शासन- प्रशासन से सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।

इस संबंध में समिति सचिव का कहना है कि सरकारी गोदाम से ही यूरिया कम मात्रा में प्राप्त हो रही है। किसानों की संख्या अधिक होने के कारण आपूर्ति में दिक्कत आ रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रक पर अवैध चालान का मामला हुआ उजागर,16 बार में 7.34 लाख रुपए का हुआ चालान




**बस्ती।** बस्ती जिले में कूटरचित दस्तावेज के माध्यम से ट्रक की फर्जी माइन्डटैक का उपयोग कर अवैध चालान किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कोतवाली थाना में केस दर्ज किया गया है। प्रार्थिनी मंजू देवी पत्नी विनीत कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके नाम एक ट्रक संख्या P51 AT 3549 है, जो बीते कई वर्षो से बस्ती मंडल में खाद्य एवं रसद विभाग के अंतर्गत संचालित हो रहा है। आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कूटरचित तरीके से उक्त ट्रक नंबर पर खनन विभाग की माइन्डटैक तैयार कर ली गई और उसका दुरुपयोग करते हुए विभिन्न जिलों में खनन विभाग द्वारा लगातार चालान कराया जा रहा है।जब इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए वह खनन निदेशालय, लखनऊ गई तो पता चला कि उनके ट्रक की माइन्डटैक का दुरुपयोग ट्रक संख्या P51 BT 8421 द्वारा किया जा रहा है। इसी फर्जी माइन्डटैक के आधार पर खनन चेक पोस्टों पर चालान कराए गए हैं। जांच के दौरान प्रार्थिनी द्वारा उपलब्ध कराए गए अभिलेखों के अवलोकन में यह तथ्य सामने आया कि कुल 16 बार में 7,34,910 रुपये का चालान किया गया है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### परसरामपुर पुलिस ने ओवरलोड गन्ना लदे ट्रकों पर की कार्रवाई, पांच वाहनों का चालान

**बस्ती।** बस्ती जिले में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना परसरामपुर पुलिस टीम ने थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई की है। वाहन चेकिंग के दौरान गन्ने का खोइया (पकास) ओवरलोड लदे ट्रकों को पकड़ा गया, जिन पर विधिक कार्रवाई करते हुए चालान किया गया। पुलिस के अनुसार, अपराध नियंत्रण और यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर चल रहे अभियान के क्रम में 18 दिसंबर को परसरामपुर थाना क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग की गई। इस दौरान गन्ने का खोइया ओवरलोड लेकर जा रहे कुल पांच ट्रक पकड़े गए। सभी ट्रकों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान की कार्रवाई की गई, जिससे कुल 10 हजार रुपये का सम्मन शुल्क वसूला गया। पुलिस ने बताया कि ओवरलोड वाहन सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनते हैं और ऐसे वाहनों के कारण हादसों की आशंका बनी रहती है। ऐसे वाहनों पर आगे भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### झारखंडी रेलवे ओवरब्रिज को एनएच की एनओसी, विकास को मिली हरी झंडी

**बलरामपुर –** जनपद के विकास की राह में एक बड़ी सफलता मिली है। झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग (एलसी संख्या-136, स्पेशल 3ई) पर प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी कर दी गई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ से मिली यह स्वीकृति लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करने की दिशा में अहम मानी जा रही है। बताया गया कि यह उपलब्धि विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम, अन्य जनप्रतिनिधियों तथा जिलाधिकारी के सतत और प्रभावी प्रयासों का परिणाम है। एनओसी मिलने के साथ ही अब ओवरब्रिज निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज राष्ट्रीय राजमार्ग-730 पर चैनिज 323.680 से 324.845 के मध्य उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड द्वारा निर्मित किया जाएगा। इसके बनने से झारखंडी रेलवे फाटक पर लगने वाले लंबे जाम से लोगों को राहत मिलेगी और आवागमन सुचारु होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरब्रिज बनने से न सिर्फ यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार यह परियोजना जनपद के आर्थिक और आधारभूत विकास को नई गति देने वाली साबित होगी। जिससे व्यापारियों ग्रामीणों आम जनता में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

# ग्राम पंचायत गौरा धुन्धा तेनुआ में एक फर्जी मस्टर रोल पूर्ण दूसरा मस्टर रोल जारी

**●ग्राम प्रधान बिन्दू देवी मनरेगा फर्जीवाड़ा करने में मार रही बाजी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खंड कुदरहा ग्राम पंचायत गौरा धुन्धा (तेनुआ) की महिला ग्राम प्रधान बिंदू देवी का मनरेगा फर्जीवाड़ा करने का जुगाड़ वर्तमान समय में सुचारू से चल रहा है जिससे सरकारी धन को लूटने में ग्राम प्रधान बिन्दू देवी माहिर दिख रही है । पूर्व में एक मनरेगा कार्य के नाम पर ऑनलाइन फर्जी मस्टर रोल जारी हुआ था जिस पर महिला मेट मिथिलेश ने उच्च अधिकारियों की आंख में धूल झोंककर मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाने में सफल हुई थी जिसमें सचिव,तकनीकी सहायक (जे ई) व एपीओ ने अहम भूमिका निभाया था । जिम्मेदार अधिकारियों के सहयोग से पूर्व में जारी फर्जी मस्टर रोल को पूर्ण कर भुगतान हेतु सारी प्रक्रिया पूर्ण करने में सफल होने पर ग्राम प्रधान बिन्दू देवी पुनः मनरेगा कार्य के नाम पर दूसरा ऑनलाइन फर्जी मस्टर रोल जारी करवाया है और महिला मेट मिथिलेश धड़ल्ले से मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाने में जुटी हुई है ।

स्वतंत्र प्रभातमीडिया टीम ने विकासखंड कुदरहा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गौरा धुन्धा (तेनुआ) का धरातलीय पड़ताल किया तो पता चला कि मनरेगा कार्य के नाम पर मात्र सरकारी धन खाली करने के प्रयास में ग्राम प्रधान बिन्दू देवी जुटी है । ग्रामीणों ने बताया कि मनरेगा मजदूर मनरेगा कार्य के लिए परेशान है और ग्राम प्रधान मनरेगा कार्य को मनरेगा मजदूरों से न कराकर जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों की मिली भगत से कागज में पूर्ण कर रही हैं जो बहुत ही निंदनीय कार्य है इस प्रकार ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्य के नाम पर चल रहे फर्जीवाड़ा की जांच होनी चाहिए एवं ग्राम प्रधान समेत अन्य लोगों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई होनी चाहिए । ग्राम प्रधान के कार्यो से प्रदेश सरकार की मंशा पर पानी फिर रहा है । अब देखना यह है कि खंड विकास अधिकारी कुदरहा आलोक कुमार पंकज द्वारा ग्राम पंचायत गौरा धुन्धा (तेनुआ) में चल रहे मनरेगा फर्जीवाड़ा मामले में कार्रवाई कर पाते हैं ? या लेनदेन करके पूर्व की तरह फर्जी मस्टर रोल को भुगतान करने हेतु अनुमति प्रदान करेंगे । उक्त प्रकरण में खंड विकास अधिकारी कुदरहा से फोन के माध्यम से जानकारी लेना चाहिए तो खंड विकास अधिकारी का फोन कवरेज क्षेत्र से बाहर निकला।

### नपं उसका में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर जल रहा अलाव



**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत उसका बाजार ने दिसंबर माह की सर्द रातों में राहगीरों को सर्दी से बचाने के लिए नगर में करीब 1 दर्जन से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाने की व्यवस्था शुरू कर दी है। नगर पंचायत प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जायसवाल ने बताया कि सर्द हवाओं और शीतलहर को देखते हुए उन्होंने नगर के उसका राजा बाईपास पर पुलिस पिकेट के पास, अस्पताल, टैक्सी स्टैंड, स्टेट बैंक के पास, मछली मंडी रोड और थाना रोड , ब्लॉक कार्यालय के पास रैन बसेरा के सामने समेत लगभग एक दर्जन से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाने की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। नगर पंचायत का ट्रैक्टर लकड़ी लादकर प्रतिदिन शाम को चिन्हित स्थानों पर डालकर वहां अलाव जलवाने की व्यवस्था कर रहा है।अलाव जलने से अब रात के समय में लोगों को काफी राहत महसूस हो रही हैं।

## बस्ती मे एण्टी करप्शन टीम ने दीवान को रिश्वत लेते हुये पकड़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के वॉल्टरगंज थाना क्षेत्र में एंटी करप्शन टीम ने थाने के अंदर ही दीवान राकेश चौहान को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया। शिकायतकर्ता मनीष कुमार चौधरी के अनुसार, उनके पिता मिट्टी के कारोबार से जुड़े हैं और उनकी गाड़ियां ईंट-भट्ठों पर काम करती हैं। ये वाहन अक्सर वॉल्टरगंज थाना क्षेत्र से गुजरते हैं। मनीष का आरोप है कि 10 दिसंबर को वॉल्टरगंज के थाना प्रभारी ने उन्हें बुलाकर कहा कि यदि वे थाना क्षेत्र में गाड़ियां चलाना चाहते हैं तो प्रत्येक गाड़ी के लिए 5 हजार रुपया प्रतिमाह देना होगा। मनीष ने थाना प्रभारी से कहा कि जाड़े का मौसम है इसमे आय बहुत कम हो जाती है। लेकिन इन बातों का थाना प्रभारी पर कोई असर नहीं पड़ा। इसके बाद कुल 25 हजार रुपए की मांग की गई। परेशान होकर मनीष ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। शिकायत की पुष्टि करने के बाद टीम ने दीवान को ट्रैप करने के लिये एक जाल बिछाया। बुधवार को मनीष 15 हजार रुपए लेकर वॉल्टरगंज थाने पहुंचे। आरोप है कि थाना प्रभारी ने रिश्वत की रकम सीधे लेने के बजाय दीवान राकेश चौहान को देने का निर्देश दिया। जैसे ही दीवान राकेश चौहान ने पैसे लिए, एंटी करप्शन टीम ने उसे थाने के अंदर ही रंगे हाथ दबोच लिया। इस कार्रवाई के बाद वालटरगंज थाने में हड़कंप मच गया। एंटी करप्शन टीम गिरफ्तार करने के बाद दीवान को कोतवाली ले गई जहां उनसे पूछताछ जारी है। इस मामले में थाना प्रभारी का भी नाम आ रहा है। आवश्यक होने पर वे भी कार्यवाही के दायरे मे आयेंगे।

## मनरेगा योजना में भ्रष्टाचारगौर ब्लाक के ग्राम पंचायत बढ़नी में फर्जी हाजिरी का मामला

**●आखिर क्यों नही रुक रहा मनरेगा योजना में भ्रष्टाचारपीएम सड़क से कंचनपुर आइला सरहद तक चकबंध निर्माण कार्य में लग रही फर्जी हाजिरी से जुड़ा मामला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले की मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार का एक और मामला सामने आया है। गौर ब्लाक के ग्राम पंचायत बढ़नी में पीएम सड़क से कंचनपुर आइला सरहद तक चकबंध निर्माण कार्य में फर्जी हाजिरी का मामला चर्चा में है, प्रधान और सचिव की जोड़ी मिलकर योजना को धरातल के बजाय कागजों पर ही चला रही है। प्राप्त समाचार के अनुसार -ग्राम पंचायत बढ़नी में मनरेगा योजना के तहत फर्जी हाजिरी लगाकर सरकारी धनराशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। प्रधान एवं सचिव की युगलजोड़ी की मिलीभगत से फर्जी फोटो प्रतिदिन मनरेगा साइडों पर अपलोड किया जा रहा है। 30 मजदूरो की फर्जी तरीके से कागजों में हाजिरी लगाई जा रही है। जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के कारण भ्रष्टाचारियों का हौसला बुलंद है। मीडिया टीम के धरातलीय पड़ताल नहीं मिले मजदूर कार्य करते है। डीसी मनरेगा द्वारा भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करने के बजाय लीपापोती की जा रही है, जिससे भ्रष्टाचार और बढ़ रहा है। ग्राम पंचायत बढ़नी में मनरेगा योजना के तहत फर्जी हाजिरी लगाकर सरकारी धनराशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। कागजों में केवल कार्य दिखाकर रुपया निकाला जा रहा है, भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करने की मांग की जाती है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी द्वारा लीपापोती की जा रही है। जिसके नतीजे जनपद में भ्रष्टाचार और बढ़ रहा है, और सरकारी धनराशि का लगातार दुरुपयोग हो रहा है। भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को फर्जी हाजिरी लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई और सरकारी धनराशि का दुरुपयोग करने वालों को दंडित करने के बजाय लीपापोती होती है जिम्मेदार अधिकारियों को सख्त कदम उठाने होंगे, और भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करनी होगी, ताकि सरकारी धनराशि का सही तरीके से उपयोग हो सके अब देखना यह है कि संबंधित अधिकारी इस मामले में क्या कार्यवाही करते हैं। या फिर ग्राम पंचायत बढ़नी में भ्रष्टाचार चलता रहेंगा।

## गौरीगंज रैक प्वाइंट पर पहुंची 58 हजार से अधिक बोरी इफको यूरिया

**●खतौनी व पीओएस मशीन से ही होगा उर्वरक वितरण : जिला कृषि अधिकारी**

**यूरिया की ओवररेटिंग व टैगिंग पर एफआईआर के निर्देशजनपद में इफको यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति, कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद अमेठी के गौरीगंज रैक प्वाइंट पर इफको यूरिया की 2,653 मीट्रिक टन (58,962 बोरी) की रैक प्राप्त हुई है। प्राप्त उर्वरक को रैक से ही जनपद की समस्त साधन सहकारी समितियों, एग्री जंक्शन केंद्रों, इफको सेवा केंद्रों एवं आईएफएफडीसी केंद्रों पर आपूर्ति कर दी गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद में कुल 16,135 मीट्रिक टन यूरिया तथा 2,641 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है। उपलब्ध उर्वरकों का वितरण खतौनी के आधार पर पीओएस मशीन के माध्यम से कृषकों को किया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और वास्तविक किसानों को ही लाभ मिल सके। जिला कृषि अधिकारी ने जनपद के समस्त उर्वरक विक्रेताओं को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित मूल्य पर ही, केवल खतौनी के आधार पर पीओएस मशीन से यूरिया का वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यूरिया के साथ किसी भी अन्य उत्पाद की टैगिंग या ओवररेटिंग कदापि नहीं की जाएगी। यदि कोई विक्रेता नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया गया, तो उसके विरुद्ध सीधे एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

## भगवान श्रीराम के नाम का जाप सबसे बड़ा मंत्र-आचार्य शिवम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** विकासखण्ड सांगीपुर के अठेहा स्थित भगवान बाला जी मन्दिर परिसर में चल रही श्रीराम कथा में कथाव्यास ने रामनाम की महिमा का गुणगान किया। कथाव्यास आचार्य शिवम मिश्र ने कहा कि श्रीराम का नाम सबसे बड़ा मंत्र है। भगवान शिवशंकर भी श्रीराम नाम का जप करते हैं। उन्होने बताया कि सूर्य चन्द्रमा अग्नि वायु आदि में जो शक्तियां हैं वह सब राम नाम में समाहित है। कथाव्यास आचार्य शिवम ने श्रद्धालुओं को बताया कि कलियुग में भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त वीर हनुमान ऐसे देवता हैं जो भक्तों की शीघ्र सहायता करते हैं। कथा के दौरान भगवान श्रीराम के भजनों से पाण्डाल और भक्तिमय हो उठा दिखा। इस मौके पर विशम्भरनाथ पाठक, दयाराम मौर्य, बनवारी लाल विश्वकर्मा, जगप्रवेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत गौसपुर के निर्माण कार्य मे मनमानी की शिकायत, जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केबहादुरपुर विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौसपुर निवासी श्यामनाथ चतुर्वेदी ने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और सम्बन्धित अधिकारियों को शपथ पत्र देकर ग्राम पंचायत गौसपुर में कराये गये विकास कार्यो की भौतिक जांच, दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई और सरकारी धन के दुरूपयोग मामले में धन के रिकबरी कराये जाने की मांग किया है। उच्चाधिकारियों को दिये शपथ पत्र में श्यामनाथ चतुर्वेदी ने कहा है कि ग्राम प्रधान अंजू पत्नी अजय प्रताप सिंह द्वारा मनरेगा के साथ ही विकास कार्यो के निर्माण में बड़े पैमाने पर मनमानी की गई है। कुल 24 शिकायतों का विवरण देते हुये श्यामनाथ ने कहा है कि लाखों रूपयों के लागत वाली 6 परियोजनाओं के लिये ग्राम प्रधान द्वारा धन की निकासी तो करा लिया गया किन्तु मौके पर कोई कार्य नहीं किया गया। तालाब को नाला दिखा दिया गया। खण्डजा, आर.सी.सी. सड़क आदि के निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। शिकायत करने पर ग्राम प्रधान द्वारा कहा जाता है कि जहां शिकायत करना हो कर लो, उनका बाल भी बांका नहीं होगा। श्यामनाथ चतुर्वेदी ने सम्बंधित अधिकारियों से मांग किया है कि ग्राम पंचायत गौसपुर में कराये गये विकास कार्यो की भौतिक जांच कराने के साथ ही सरकारी धन के दुरूपयोग मामले में धन के रिकबरी कराया जाय।

### कोर्ट के आदेश पर चार के खिलाफ केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मारपीट धमकी व तोड़फोड़ की घटना में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर चार आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के दांदूपुर पड़ान गांव की अमरावती गौतम पत्नी सालिकराम गौतम का आरोप है कि बीते दो नवंबर की सुबह जमीन विवाद को लेकर गांव के अरूण, अखिलेश पुत्रगण सदल गौतम तथा आकाश पुत्र हरिकेश व सरल पुत्र रामलाल ने एकराय होकर पीड़िता व उसके पुत्र विपिन कुमार, रंजीत तथा भतीजे अविनाश पुत्र राजकुमार को मारापीटा। आरोपियो ने घर में घुसकर तोडफोड किया व जानलेवा धमकी दी। मामले मे कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने कोर्ट में न्याय की गुहार लगायी है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कोर्ट के आदेश पर चार आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सोशल मीडिया पर पूर्व सांसद के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर भड़का भाजपा कार्यकर्ताओं का आक्रोश

**●थाना पुरानी बस्ती में सौंपा गया ज्ञापन जल्द कार्रवाई की मांग करते हुए भाजपा नेताओं ने गिरफ्तारी की मांग किया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती-** थाना पुरानी बस्ती परिसर में बृहस्पतिवार को उस समय राजनीतिक हलचल तेज हो गई, जब भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने थानाध्यक्ष जयदीप दुबे को एक लिखित विज्ञापन (प्रार्थना पत्र) सौंपकर सोशल मीडिया पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।इस मौके पर भाजपा के पूर्व सभासद तारक जायसवाल ने मीडिया से बातचीत में बताया कि दिनांक 17 दिसंबर 2025 को विशाल चौधरी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भाजपा के पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी के विरुद्ध अमर्यादित एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए पोस्ट किया गया। उन्होंने कहा कि यह कृत्य एक जनप्रतिनिधि की सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास है।तारक जायसवाल ने बताया कि इस घटना से भाजपा कार्यकर्ताओं में गहरा रोष है। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक जीवन से जुड़े व्यक्तियों की छवि खराब करने की कोशिश निंदनीय है और इस पर सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।भाजपा कार्यकर्ताओं ने मांग की कि मामले को गंभीरता से लेते हुए आईटी नियमावली सहित अन्य विधिक प्रावधानों के तहत संबंधित व्यक्ति के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर प्रभावी रोक लग सके। थानाध्यक्ष जयदीप दुबे ने प्रार्थना पत्र स्वीकार करते हुए मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। जिसमें आशीष शुक्ला ओम प्रकाश ठाकुर मनीष गुप्ता सोनू गुप्ता आदर्श गुप्ता गौरव गुप्ता प्रदीप जायसवाल अभिषेक जायसवाल कल्लू सोनी शिवम कसौधन चंदन गुप्ता प्रदीप जायसवाल मयंक जायसवाल आदि लोग शामिल रहे।

## महाराजगंज तराई में शर्मनाक वारदातः नाबालिग बेटी से अश्लील हरकत और बेटे की हत्या के प्रयास का आरोपी पिता गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर –** थाना महाराजगंज तराई क्षेत्र से एक अत्यंत संवेदनशील और शर्मनाक मामला सामने आया है। अपनी ही नाबालिग बेटी के साथ अश्लील हरकत करने तथा विरोध करने पर बेटे की गला दबाकर हत्या का प्रयास करने के आरोपी पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार वादी द्वारा थाना महाराजगंज तराई में तहरीर देकर बताया गया कि उसके पिता राजेन्द्र वर्मा आए दिन उसकी नाबालिग बहन के साथ आपत्तिजनक और अशोभनीय हरकतें करते थे। जब वादी ने इस कृत्य का विरोध किया तो आरोपी पिता ने उसका गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया।अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी ललिया देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक ललिया संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर गुरुवार को महादेव गोसाई तिराहा, थाना महाराजगंज तराई के पास से वांछित अभियुक्त राजेन्द्र वर्मा पुत्र रामजस, निवासी रामपुर महदेइया, थाना महाराजगंज तराई, जनपद बलरामपुर (उम्र लगभग 40 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के पश्चात अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जाने की प्रक्रिया की जा रही है।इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक आदित्य कुमार, हेड कांस्टेबल मनोज गुप्ता तथा हेड कांस्टेबल ओंकार चौधरी शामिल रहे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नाबालिगों के विरुद्ध अपराधों पर जनपद में जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## 2026 में अमेठी को मिलेगा 550 बेड वाला आधुनिक मेडिकल कॉलेज, स्वास्थ्य सेवाओं में होगा बड़ा विस्तार

**●योगी सरकार की सौगात 300 करोड़ की लागत से तैयार हो रहा अमेठी का स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय**

**अब महानगरों का सफर खत्म, अमेठी में ही मिलेगा गंभीर से गंभीर बीमारी का इलाज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए लगातार बड़े कदम उठा रही है। अमेठी की तिलोई तहसील में स्थित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। करीब 300 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा इस महाविद्यालय का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। वर्तमान में महाविद्यालय से संबद्ध 200 बेड वाले अस्पताल में सेवाएं संचालित हैं, जबकि 31 जनवरी 2026 तक 300 बेड का नया अस्पताल और 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक हैंडओवर किया जाएगा। इससे कुल बेड की संख्या 550 हो जाएगी, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। साथ ही नर्सिंग कॉलेज का निर्माण भी इसी तिथि तक पूरा होने की उम्मीद है। योगी सरकार की यह पहल अमेठी सहित आसपास के जिलों के लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। क्षेत्रवासियों का लंबे समय से चला आ रहा मेडिकल कॉलेज का सपना अब साकार हो रहा है और 2026 तक यह संस्थान पूर्ण रूप से 500 प्लस बेड वाले आधुनिक चिकित्सा केंद्र के रूप में स्थापित हो जाएगा।शैक्षणिक सुविधाओं का तेजी से विस्तारराज्य स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियां भी तेजी से बढ़ रही हैं। एमबीबीएस कोर्स में 100 सीटें स्वीकृत हैं। पैरामेडिकल क्षेत्र में 11 डिप्लोमा कोर्स चलाए जा रहे हैं, जिनमें कुल 230 सीटें हैं। इनमें एनेस्थीसिया एवं क्रिटिकल केयर टेक्नीशियन, ब्लड ट्रांसफ्यूजन, इमरजेंसी एवं ट्रॉमा केयर, लैब टेक्नीशियन, ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन, एक्स-रे टेक्नीशियन जैसे महत्वपूर्ण कोर्स शामिल हैं।

आगामी सत्र 2026-27 से बीएससी नर्सिंग कोर्स में 60 सीटें शुरू होने की तैयारी है। पोस्टग्रेजुएट स्तर पर डीएनबी कोर्स में प्रसूति एवं स्त्री रोग, बाल रोग, एनेस्थीसिया में डिप्लोमा और मेडिसिन में डिग्री कोर्स स्वीकृत हैं। कुछ अन्य कोर्सो का निरीक्षण पूरा हो चुका है और परिणाम का इंतजार है।महाविद्यालय से जुड़े अस्पताल में ओपीडी और इनडोर सेवाएं नियमित चल रही हैं। मेडिसिन, सर्जरी, गायनेकोलॉजी, पीडियाट्रिक्स, ऑर्थोपेडिक्स, ईएनटी, डर्मेटोलॉजी समेत कई विभागों में रोजाना 1000 से ज्यादा मरीजों का इलाज हो रहा हैं।आपातकालीन सेवाएं वर्तमान में 10 बेड पर चल रही हैं, जो नए अस्पताल के शुरू होने पर 30 बेड तक बढ़ जाएंगी। अस्पताल में 7 मेजर और 5 माइनर ऑपरेशन थियेटर, 20 बेड का आईसीयू और एनआईसीयू की सुविधा उपलब्ध है। 24म7 डायग्नोस्टिक सेवाएं जैसे सीटी स्कैन, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी लैब, ब्लड स्टोरेज, फार्मेसी, ईकोकार्डियोग्राफी और ईसीजी भी मरीजों को मिल रही हैं।नए वर्ष पर चिकित्सा सुविधाओं में होगा विस्तार मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ रीना शर्मा ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुसार न सिर्फ योजनाओं को लागू किया जा रहा है बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं में भी वृद्धि की जा रही है। कार्यदाई संस्था लोक निर्माण विभाग कार्य करा रहा है। उम्मीद है कि हम नए वर्ष में नई किरणों के साथ चिकित्सकीय सुविधाओं में विस्तार करेंगे।निर्माण पूरा अब फिनिशिंग का कार्य चल रहालोक निर्माण विभाग सीडी टू के अधिशासी अभियंता उमेश चंद्र ने बताया कि मेडिकल कालेज का भवन अब जी प्लस सिक्स हो गया है। अब सिर्फ फिनिशिंग का कार्य चल रहा है। इसके अलावा महाविद्यालय में डायरेक्टर रूम, नर्सिंग, हॉस्टल आदि का भी कार्य चल रहा है, जिसे सिडको करा रहा है। कुल मिलाकर लगभग 300 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट है।

## संक्षिप्त खबरें

### उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला के नेतृत्व में 432 बीघा भूमि को अवैध कब्जा धारकों से कराया मुक्त



**बिसवां सीतापुर** एसडीएम बिसवां शिखा शुक्ला के नेतृत्व में शुक्रवार को ग्राम पुरैना स्थित शत्रु संपत्ति की लगभग 432 बीघा भूमि को अवैध कब्जा धारकों से मुक्त कराया गया। एसडीएम शिखा शुक्ला ने बताया कि उक्त भूमि की अनुमानित कीमत करीब 10 करोड़ रुपये आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान लेखपाल, कानूनगो सहित राजस्व विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही। अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शत्रु संपत्तियों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

### नेत्रदान से बढ़कर कोई दान नहीं होता इससे किसी के जीवन में नई रोशनी आती है:-अमर मेहरोत्रा



**बिसवां/सीतापुर** नेत्रदान से बढ़कर कोई दान नहीं होता, इससे किसी के जीवन में नई रोशनी आती है। यह बात सामाजिक कार्यकर्ता एवं नेत्रदान के लिए लोगों को प्रेरित करने वाले समाजसेवी अमर मेहरोत्रा ने कही। उन्होंने बताया कि बीती रात नगर के मोहल्ला सरावगी टोला निवासी विजय कुमार जलोटा (78 वर्ष) का निधन हो गया। इस पर श्री मेहरोत्रा ने उनकी पत्नी मंजू जलोटा, जो सामाजिक व धार्मिक प्रवृत्ति की महिला हैं, से नेत्रदान का आग्रह किया। उन्होंने तुरंत सहमति दे दी। इसके बाद सीतापुर नेत्र अस्पताल की टीम को बुलाकर स्वर्गीय विजय कुमार जलोटा की कॉर्निया निकाली गई, जो अब जरूरतमंदों को नई दृष्टि प्रदान करेगी। इस पुनीत कार्य की नगरवासियों ने भूरि-भूरि सराहना की।

### पत्रकार के पिता का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**सीतापुर(ब्यूरो)** हरगांव क्षेत्र के पत्रकार आशुतोष सिंह उर्फ मुरारी के पिता बृजेंद्र सिंह पुत्र स्व. रामपाल सिंह, उम्र लगभग 72 वर्ष, निवासी ग्राम मुमताजपुर, थाना हरगांव का शुक्रवार की सुबह लगभग 6 बजे निधन हो गया। वे विगत लगभग एक माह से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे और उनका इलाज लखनऊ स्थित मेडिकल कॉलेज में चल रहा था। स्वास्थ्य में कोई विशेष सुधार न होने और हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें घर भेज दिया था। शुक्रवार सुबह उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। स्व. बृजेंद्र सिंह अपने पीछे दो पुत्र, एक बहू, एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन से परिवार में कोहराम मच गया है, वहीं गांव एवं क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। स्व. बृजेंद्र सिंह एक सरल, मिलनसार और समाजसेवी स्वभाव के व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। उनके निधन पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों एवं शुभचिंतकों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

### भाजपा नेता से मारपीट, दोनों पक्षों पर केस दर्ज

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के बरदाही मोहल्ले में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मोहल्ला निवासी राजेश ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हैं। आरोप है कि 12 दिसंबर को मोहल्ले के ही अयोध्या शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहा था। अगले दिन भी उसने गाली-गलौज की। जब राजेश ने इसका विरोध किया तो जीतू चौधरी, महेंद्र और अयोध्या ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने चूड़े और ईंट से मारपीट की।वहीं, दूसरे पक्ष से जीतू चौधरी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि राजेश, गब्बर, प्रमोद और राहुल ने रंजिश के चलते उसके साथ मारपीट की। बचाव में आए महेंद्र के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# अवैध कब्जे पर चला प्रशासन का बुलडोजर महिला अस्पताल की बाउंड्रीवाल कराई गई मुक्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में जनहित और स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से महमूदाबाद स्थित महिला अस्पताल के पास बुधवार को अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई उप जिलाधिकारी (एसडीएम) के निर्देश पर नगर पालिका क्षेत्र में की गई। अभियान के दौरान अस्पताल परिसर के आसपास किए गए अवैध कब्जों को हटाकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त किया गया। बताया जाता है कि प्रशासन को लगातार शिकायतें और सूचनाएं मिल रही थीं कि कुछ लोगों द्वारा महिला अस्पताल की बाउंड्री तोड़कर उसके अंदर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है इससे न केवल अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही थी बल्कि मरीजों, तीमारदारों और अस्पताल स्टाफ को भी आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए निर्देशों के क्रम में शुक्रवार को प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई अभियान के दौरान एसडीएम के साथ तहसीलदार, नगर पालिका के अधिकारी, क्षेत्राधिकारी (सीओ), पुलिस विभाग के अधिकारी तथा संबंधित लेखपाल भी मौके पर मौजूद रहे किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक दल तैनात किया गया था। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से बनाई गई अस्थाई और स्थाई दुकानों को हटाया गया और अस्पताल की क्षतिग्रस्त बाउंड्री को मुक्त कराया गया प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया, वहीं स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत किया लोगों का कहना है कि अतिक्रमण हटने से अस्पताल परिसर में सुरक्षा और साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर होगी।

प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर पालिका क्षेत्र में इस तरह की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी साथ ही आमजन से अपील की गई है कि वे सरकारी भूमि और सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण न करें, अन्यथा सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी!!

## डीएम ने पांच चौराहों की कराई नाप जोख अवैध अतिक्रमण पर होगी कार्रवाई, पांच चौराहों का होगा चौड़ीकरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में शहर को जाम मुक्त और सुंदर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए गुरुवार देर रात बड़ा कदम उठाया। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. स्वयं सड़कों पर उतरे और लालबाग, बस स्टैंड तथा आंख अस्पताल चौराहे का निरीक्षण किया इस दौरान अवैध अतिक्रमण की स्थिति को मौके पर फीते से नपवाकर माप ली गई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। डीएम डॉ. राजागणपति आर. ने लालबाग से आंख अस्पताल, घंटाघर सहित प्रमुख मार्गों पर अतिक्रमण की नपाई कराई उन्होंने बताया कि शहर के कुल पांच प्रमुख चौराहों का आधुनिक सौंदर्यीकरण प्रस्तावित है, जिसके तहत सड़कों को चौड़ा किया जाएगा और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाया जाएगा। इससे पहले चुंगी चौराहा और जिला अस्पताल चौराहे की नपाई की जा चुकी है जहां से लगभग पांच मीटर तक अतिक्रमण हटाया जाएगा। गुरुवार देर रात किए गए निरीक्षण में आंख अस्पताल तिराहा, लालबाग चौराहा और बस स्टैंड चौराहे की विस्तार से नपाई कराई गई। बताया जाता है कि लालबाग से घंटाघर रोड पर 150 मीटर की दूरी तक दोनों ओर से तीन-तीन मीटर जमीन ली जाएगी वहीं लालबाग से आंख अस्पताल रोड पर 150 मीटर तक दोनों तरफ से एक-एक मीटर और आंख अस्पताल के सामने दोनों ओर से चार-चार मीटर तक अतिक्रमण हटाया जाएगा इसके अलावा आंख अस्पताल से लालबाग की ओर 150 मीटर की दूरी तक दोनों ओर से दो-दो मीटर तक सड़क चौड़ी की जाएगी। डीएम के साथ इस निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी दामिनी एम. दास, अधिशासी अधिकारी, तहसीलदार सहित नगर पालिका और तहसील की संयुक्त टीम मौजूद रही अधिकारियों ने दुकानदारों और अतिक्रमणकारियों को नियमों की जानकारी देते हुए स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की अपील की प्रशासन का कहना है कि सौंदर्यीकरण और यातायात सुधार कार्यों के बाद शहर को जाम और अव्यवस्था से बड़ी राहत मिलेगी!!

## जुए में जीते दो लाख रुपये तमंचे के बल पर लूटने का आरोप

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के सातनपुर गांव निवासी धनुष सिंह ने दो लोगों पर जुए में जीती गई रकम छीनने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।धनुष सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मंगलवार को उसने जुए में करीब दो लाख रुपये जीते थे। जीत की रकम लेकर जब वह घर लौट रहा था, तभी रास्ते में दो लोगों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि तमंचे के बल पर दोनों आरोपियों ने उससे पूरी रकम छीन ली। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उक्त लोग जुआ खिलाने का भी काम करते हैं। उसने बताया कि बाजपेईखेड़ा गांव में उनके संरक्षण में बीते कई वर्षों से जुआ संचालित हो रहा है, जिसमें दूर-दराज से लोग चौपहिया वाहनों से पहुंचते हैं। धनुष सिंह के अनुसार प्रतिदिन करीब 20 लाख रुपये से अधिक का जुआ खेला जाता है। आरोपियों द्वारा जुआ खेलने वालों को ब्याज पर रुपये देने और जीतने वालों से जबरन रकम वसूलने का भी आरोप लगाया गया है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें अब तक कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। हालांकि एक व्यक्ति ने जुआ होने की सूचना दी थी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन वहां कोई मौजूद नहीं मिला।

## ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में जैत्र सिंह ने गणित में स्वर्ण पदक प्राप्त किया



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि न्यू साउथ वेल्स, सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) स्थित प्रतिष्ठित परामाटा वेस्ट पब्लिक स्कूल के कक्षा-2 के छात्र जैत्र सिंह ने गणित विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। 15 दिसंबर 2025 को जैत्र ने सिडनी में अध्ययनरत विभिन्न देशों से आए विद्यार्थियों को पीछे छोड़ते हुए गणित उपलब्धि स्वर्ण पदक-2025 प्राप्त किया। यह उपलब्धि जैत्र की असाधारण प्रतिभा, परिश्रम और अनुशासन का प्रमाण है, जिसने केजी व प्रथम वर्ष में भी गोल्ड मैडल लाकर न केवल अपने विद्यालय में बल्कि अपने परिवार और लखनऊ का भी नाम गौरवान्वित किया है। जैत्र सिंह, सौरभ सिंह एवं दीपिका सिंह के सुपुत्र हैं, जो वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया में कार्यरत हैं। वे भारत के प्रतिष्ठित वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक तथा स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ के महानिदेशक डॉ. भरत राज सिंह के पौत्र हैं।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक ने तोड़ा दम परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़, बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के लहरपुर कोतवाली क्षेत्र की भदफर चौकी अंतर्गत गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक की पहचान सुनील कुमार (26 वर्ष) पुत्र देवकी यादव निवासी ग्राम रेहरिया के रूप में हुई है। बृहस्पतिवार देर रात सुनील कुमार बिना हेलमेट लगाए बाइक से अपने घर लौट रहे थे जैसे ही वह नेशनल हाईवे पर ग्राम खानियापुर चौराहे के पास पहुंचे, तभी लखीमपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि सुनील कुमार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े और तत्काल इसकी सूचना परिजनों के साथ-साथ भदफर चौकी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। हादसे के बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई जिससे कुछ देर के लिए आवागमन भी प्रभावित रहा पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए यातायात को सुचारु कराया। भदफर चौकी प्रभारी लाल बहादुर मिश्र ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो कार और बाइक को कब्जे में ले लिया गया है और मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है वहीं कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि हादसे के बाद बोलेरो चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया था जिसकी तलाश की जा रही है जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। परिजनों के अनुसार मृतक सुनील कुमार अपने पिता का इकलौता पुत्र था और उसकी शादी करीब दो वर्ष पूर्व ही हुई थी अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है गांव में शोक का माहौल है और हर आंख नम है!!

# प्रधानाध्यापिका, खंड शिक्षा अधिकारी पर डीएम की कार्रवाई, निरीक्षण में मिली कमियो पर प्रतिकूल प्रविष्टि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में शैक्षिक संस्थानों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने सख्त रुख अपनाया है शुक्रवार दोपहर जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और शैक्षिक व्यवस्था की गहन समीक्षा की निरीक्षण में मिली कमियों पर जहां उन्होंने फटकार लगाई गई, वहीं संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण और प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश भी दिए गए जिलाधिकारी ने सबसे पहले कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शैक्षिक भवन, ग्राम केसरा, विकास खंड मछ्रेहटा तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ब्रम्हावली, विकास खंड गोंदलामऊ में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों विद्यालयों में बन रहे एकेडमिक ब्लॉक और छात्रावास के कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिए कार्यदायी संस्था यूपीसीएलडीएफ को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी कार्य उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं से संवाद किया और उनके रहन-सहन, शिक्षा एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी ली उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बच्चों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं और शिक्षक शिक्षण कार्यों में पूरी रुचि लेकर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें इसके बाद जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय ब्रम्हावली (कंपोजिट), ग्राम पंचायत करूवामऊ, विकास खंड गोंदलामऊ का औचक निरीक्षण किया यहां निपुण तालिका रजिस्टर में कमियां पाए जाने पर प्रधानाध्यापिका अनुराधा को कड़ी फटकार लगाई गई बच्चों की कम उपस्थिति पर भी नाराजगी जताते हुए उपस्थिति सुधारने के निर्देश दिए गए। विद्यालय में साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं की कमी पाए जाने पर खंड शिक्षा अधिकारी सिमी निगार से स्पष्टीकरण मांगा गया तथा प्रधानाध्यापिका के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए गए जिलाधिकारी ने कक्षा तीन के छात्र से पुस्तक पढ़वाकर उसकी शैक्षिक क्षमता परखी और बच्चे के सही ढंग से पढ़ने पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे!!

# क्षेत्र में घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के कारण विद्युत व्यवस्था चरमराई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली:** क्षेत्र में घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के कारण विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है, जिससे बिजली कटौती बढ़ गई है और लोगों (खासकर बुजुर्गों और बच्चों) को काफी दिक्कत हो रही है, घरेलू कामकाज और व्यापार प्रभावित हो रहे हैं, तथा सड़कों पर दृश्यता कम होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, जिससे गलन और ठिठुरन बढ़ गई है। आपको बता दें कि, महराजगंज क्षेत्र में बीते मंगलवार सायं से घने कोहरे के कारण विद्युत आपूर्ति सुबह सायं कई घंटों तक बाधित रहती है। अत्यधिक कोहरे के चलते इनकमिंग 33 केवी, लाइन में तकनीकी समस्या आ जाती है, जिससे 33/11 केवी उपकेंद्र चंदापुर फीडर की बिजली ठप हो जाती है। उपभोक्ताओं द्वारा फोन करने पर या तो फोन उठाया नहीं जाता, या फिर फोन रिसीव किया गया तो यह कह दिया जाता है कि, कोहरे के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है, जिससे कई घंटों तक बिजली गुल रह रही है।

कम तापमान और पछुआ हवाओं के कारण गलन बढ़ गई है, दिन में धूप भी नहीं निकल रही। जरूरी उपकरण नहीं चल पा रहे, जिससे ठंड से बचाव मुश्किल हो रहा है। क्षेत्रीय उपभोक्ताओं का कहना है कि, बिजली न होने से पीने का पानी, और अन्य घरेलू काम प्रभावित हो रहे हैं, जबकि व्यापारिक गतिविधियां भी रुक गई हैं। उधर व्यापारियों का कहना है कि, कोहरे के कारण दृश्यता (visibility) बहुत कम है, जिससे वाहन रेंग रहे हैं और सड़कों पर निकलना मुश्किल है। ठंड का सबसे ज्यादा असर बुजुर्ग और बच्चों पर पड़ रहा है, क्योंकि वे हीटर और ब्लोअर पर निर्भर होते हैं।

घना कोहरा और कड़ाके की ठंड मिलकर बिजली कटौती को बढ़ा रहे हैं, जिससे लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है और सामान्य जीवन ठप सा हो गया है। उधर बिजली आपूर्ति बहाल करने में जुटने वाले विद्युत विभाग के कर्मचारियों के लिए भी स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। खराब मौसम और ठंड के बीच बार-बार लाइन में आ रहे फाल्ट को ठीक करने के लिए कर्मचारियों को लगातार काम करना पड़ रहा है। इस संबंध में जेई 'सुनील कुमार' ने बताया कि, घने कोहरे के कारण मुख्य लाइन में फाल्ट की समस्या बढ़ गई है। जल्द ही इस समस्या का समाधान होगा। कहा कि, उनका विभाग निरंतर प्रयास रत है, फाल्ट की समस्या को न्यूनतम करना है। विभाग द्वारा व्यवस्था को जल्द से जल्द सुचारू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, वहीं क्षेत्रीय उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग से मांग करी है कि, ठंड के इस मौसम में बिजली आपूर्ति को प्राथमिकता पर बहाल रखा जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

## 20 मीटर दूरी पर देसी शराब ठेका संचालित होने के कारण विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज/रायबरेली:** कोतवाली क्षेत्र के रामसेवक तिवारी मेमोरियल पब्लिक हाई स्कूल, कोटवा मोहम्मदाबाद के समीप लगभग 20 मीटर की दूरी पर एक देसी शराब का ठेका संचालित किया जा रहा है। उक्त ठेके के कारण विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं विशेषकर बालिकाएं मानसिक रूप से अत्यंत परेशान हैं तथा विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण भी गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। आपको बता दें कि, विद्यालय के प्रबंधक संतोष कुमार तिवारी द्वारा बताया गया है कि, ठेका खुलने के पश्चात कई अभिभावकों ने अपने बच्चों के नाम विद्यालय से कटवाकर अन्य विद्यालयों में प्रवेश करा दिया है, जिससे विद्यालय को शैक्षणिक एवं आर्थिक क्षति हुई है। आए दिन शराब के नशे में धुत लोग विद्यालय के सामने अभद्र व्यवहार, ड्रामेबाजी एवं अशोभनीय हरकतें करते हैं, जिससे छात्र-छात्राओं की सुरक्षा पर खतरा बना रहता है।

यह भी अत्यंत चिंताजनक है कि, शराबी लोग विद्यालय की बाउंड्री वॉल (परिसर) में लगे इंडिया मार्का हैंडपंप पर हाथ में शराब की बोतल व बैग लेकर पानी-पीने आते हैं तथा छात्राओं को गलत दृष्टि से देखते हैं। इससे विद्यालय का वातावरण असुरक्षित हो गया है। उक्त देसी शराब ठेका लाइसेंसधारी बृजेश बहादुर सिंह (लाइसेंस संख्या 28145) के नाम से 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक के लिए स्वीकृत है, जिसका संचालन समय प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक है। ठेके के सेल्समैन रविराज सिंह द्वारा भी यह स्वीकार किया गया है कि, विद्यालय और ठेके के बीच की दूरी अत्यंत कम है।

क्षेत्रीय नागरिकों में इस विषय को लेकर भारी आक्रोश है। यदि शीघ्र कोई ठोस कार्यवाही नहीं करी गई तो जनआंदोलन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। क्षेत्रीय लोगों और अभिभावकों ने जिले की मुखिया जिलाधिकारी हर्षिता माथुर से आग्रह किया है कि, निष्पक्ष जांच करवाकर यदि उनकी बात सही पाई जाती तो बच्चों के भविष्य, सुरक्षा एवं शैक्षणिक वातावरण को ध्यान में रखते हुए उक्त देसी शराब के ठेके को विद्यालय से दूर किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित कराया जाय।

## रेलकोच कारखाने में हादसे में चालक की मौत, मुआवजे को लेकर हाईवे जाम



**लालगंज (रायबरेली)।** रेलकोच कारखाना परिसर में गुरुवार को एक बड़ा हादसा हो गया। शक्ति ट्रैवल्स कंपनी में कार्यरत चालक दीपू यादव के ऊपर भारी सामान गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक युवक थाना गुरबक्शगंज पूरे दुर्जन सिंह मंजरे सुल्तानपुर खेड़ा गांव निवासी जो कारखाना में गाड़ी चलाता था हादसे के बाद साथी चालकों और मृतक के परिजनों ने आर्थिक सहायता की मांग को लेकर हंगामा किया। अधिकारियों द्वारा समझा-बुझाकर स्थिति को शांत कराया गया, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव ले जाया जा रहा था, तभी परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग पर शव रखकर मार्ग जाम कर दिया और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान काफी देर तक मान-मनौव्वल का दौर चलता रहा।हाईवे जाम होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को समझा बुझाकर शांत कराया गया और मार्ग को सुचारू कराया। इसके बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए मृतक के पैतृक गांव भेज दिया गया।

## रेल पहिया उतारते समय हादसा, ड्राइवर की मौके पर मौत

### ● मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों ने शव उठाने से किया इनकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के रेल पहिया कारखाना परिसर में बृहस्पतिवार की शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। रेल पहिया उतारते समय संतुलन बिगड़ने से एक ड्राइवर पहिए की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से कारखाना परिसर में हड़कंप मच गया। गुरबक्शगंज थाना क्षेत्र के दुर्जन का पुरवा मजरे सुल्तानपुर खेड़ा गांव निवासी दीपू यादव (25) पुत्र रामधनी यादव आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में ठेके पर कार्यरत शक्ति ट्रैवल्स कंपनी में ड्राइवर के पद पर तैनात था। सहकर्मियों के अनुसार, शाम के समय रेल पहिया उतारने का कार्य चल रहा था। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ गया और दीपू यादव पहिए की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने आनन-फानन में उसे कारखाने के अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दीपू यादव अविवाहित था और दो भाइयों में सबसे बड़ा था।हादसे की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। आर्थिक सहायता का स्पष्ट आश्वासन न मिलने पर परिजनों ने शव ले जाने से इनकार कर दिया, जिससे अस्पताल परिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिल चुकी है। पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

हादसे के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण और मृतक के परिजन आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के अस्पताल पहुंचे। ग्रामीणों ने कंपनी प्रबंधन से मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की। परिजनों ने कंपनी के सक्षम अधिकारी द्वारा लिखित आश्वासन दिए जाने तक शव को परिसर से उठाने से मना कर दिया।

## पीटीओ ने मैजिक मालवाहन को सीज करते हुए थाना अभिरक्षा में कराया खड़ा




**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र हलिया डुमंडगंज हलिया मार्ग पर कोटार गांव से शुक्रवार को दो बजे दिन परिवहन विभाग के पीटीओ ने मैजिक मालवाहन को पकड़कर साढ़े सत्रह हजार रुपये का जुर्माना की कार्रवाई करते हुए पुलिस को सुपुर्द कर थाना परिसर में खड़ा कराया है परिवहन विभाग के पीटीओ महेंद्र पाण्डेय ने बताया कि मैजिक चालक से संबंधित कागजात की मांग किया गया चालक द्वारा कागजात नहीं दिखा पाने पर साढ़े सत्रह हजार के जुर्माना की कार्रवाई करते हुए थाना परिसर में खड़ा कराया है। अचानक इस कार्यवाही से वाहन चालकों में खलबली मचा रहा।

# 23, 24 व 25 दिसम्बर को सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता आयोजनः डीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**रायबरेली** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि जिला खेल कार्यालय पं0 मोतीलाल नेहरू स्टेडियम रायबरेली में 20 से 22 दिसम्बर 2025 के मध्य में सांसद खेल स्पर्धा (राज्य सभा) जनपद स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता कराने हेतु निर्देशित किया गया था। तद्क्रम में इस खेलकूद प्रतियोगिता के लिए 16 दिसम्बर 2025 को क्रीड़ाधिकारी, रायबरेली को दूरभाष पर संजय सेठ मा0 सांसद (राज्य सभा) द्वारा अवगत कराया गया कि सांसद खेलकूद स्पर्धा (राज्य सभा) खेलकूद प्रतियोगिता की संशोधित तिथि 23 से 25 दिसम्बर 2025 तक कराये जाने की अपेक्षा की गयी है। जिसके क्रम में सांसद खेल स्पर्धा (राज्य सभा) जनपद स्तर पर प्रतियोगिता कराये जाने हेतु संशोधित कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार जिला खेल कार्यालय पं0 मोतीलाल नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम रायबरेली में 23 दिसम्बर को सब जूनियर/जूनियर/सीनियर-बालक-बालिका वर्ग में एथलेटिक्स (100 मी0, 200 मी0, 1500मी0, लम्बी कूद, गोला फेंक, डिस्कस, जैवलिंग), वॉलीबॉल, खो-खो एवं जूनियर/सीनियर बालक-बालिका वर्ग में भारोत्तोलन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 24 दिसम्बर को सब जूनियर/जूनियर/सीनियर-बालक-बालिका वर्ग में कबड्डी, बैडमिंटन एवं जूनियर/सीनियर बालक वर्ग में फुटबॉल, तथा बालक/बालिका वर्ग में कुश्ती-04 वेट कैटगरी बालक 55-60, 61-65, 67-71, 73-79, कुश्ती 04 वेट कैटगरी बालिका 45-48, 49-53, 55-58, 59-63 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। 25 दिसम्बर को बालक-बालिका वर्ग में जूडो-04 वेट कैटगरी बालक/बालिका वर्ग -45, -50, -55, -60 एवं ओपन बालक वर्ग में क्रिकेट बालक वर्ग, ओपन बालक वर्ग, महिला/पुरुष वर्ग में योगाभ्यास-महिला/पुरुष, वरिष्ठ नागरिक वर्ग में रस्साकशी एवं (कुर्सी) खेल वर्ग के लिए दिव्यांगजन खेल (कुर्सी) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने संशोधित तिथियों के अनुसार सांसद खेल स्पर्धा (राज्य सभा) प्रतियोगिता से सम्बन्धित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पं0 मोतीलाल नेहरू स्टेडियम रायबरेली में ससमय उपस्थित होकर आवंटित कार्यों का निर्वाहन कराना सुनिश्चित करें।

# नियंत्रण नहीं, दिशा: पूंजी बाजार सुधार का नया दर्शनशास्त्र

**[ सेबी 2.0 और बाजार का भविष्य: नियमन से नवाचार तक ]**

**[ नियमों की भीड़ से निकलकर व्यवस्था की ओर बढ़ता वित्तीय तंत्र ]**

भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले पूंजी बाजार में दशकों बाद सबसे बड़ा सुधार आने वाला है। 18 दिसंबर 2025 को लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक 2025 पेश किया, जो तीन पुराने कानूनों–सेबी अधिनियम 1992, डिपॉजिटरी अधिनियम 1996 और प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम 1956–को समाप्त कर एक एकीकृत, आधुनिक और सिद्धांत-आधारित संहिता स्थापित करने का प्रस्ताव करता है। यह विधेयक न केवल नियमों की जटिलता दूर करेगा बल्कि निवेशकों का विश्वास मजबूत करते हुए भारत को वैश्विक वित्तीय केंद्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। तेजी से उभरती भारतीय अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पूंजी जुटाने की प्रक्रिया को सरल बनाने वाली यह पहल, बाजार की पारदर्शिता और कुशलता को मजबूत करेगी तथा नवाचार और विश्वास को बढ़ावा देते हुए उसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएगी। विधेयक का मुख्य उद्देश्य मौजूदा कानूनों में फैली विसंगतियों और दोहराव को खत्म करना है। अलग-अलग अधिनियमों से उत्पन्न होने वाली अस्पष्टताएं कंपनियों और निवेशकों के लिए अनुपालन बोझ बढ़ाती थीं, जिससे व्यापारिक लागत में वृद्धि होती थी। नई संहिता से सभी प्रावधान एक ही कोड में समाहित होंगे, जिससे कानूनी स्पष्टता आएगी। विशेष रूप से बॉन्ड बाजार को गहराई प्रदान करने और बाजार अस्थिरता के दौरान सुरक्षा कवच की भूमिका निभाने का प्रावधान बाजार को अधिक लचीला बनाएगा। सरकार का दावा है कि यह कोड निवेशकों का भरोसा बढ़ाएगा, नवाचार को प्रोत्साहित करेगा और वैश्विक निवेशकों को भारत की ओर आकर्षित करेगा। सेबी की शासन व्यवस्था और शक्तियों को मजबूत बनाने पर विधेयक का विशेष फोकस है। वर्तमान में सेबी बोर्ड में 9 सदस्य हैं, जिन्हें बढ़ाकर अधिकतम 15 करने का प्रस्ताव है। इससे बोर्ड में विविध विशेषज्ञता आएगी और निर्णय प्रक्रिया अधिक संतुलित होगी। बोर्ड सदस्यों को अपने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हितों का अनिवार्य खुलासा करना होगा, साथ ही हितों के टकराव की स्थिति में सदस्य को हटाने का प्रावधान जोड़ा गया है। यह हाल की कुछ विवादास्पद घटनाओं को ध्यान में रखकर लाया गया सुधार है। इसके अतिरिक्त, सेबी को अपनी कार्यप्रणाली की समीक्षा करने, नियमों की समानुपातिकता सुनिश्चित करने और कर्मचारी क्षमता निर्माण की नई जिम्मेदारियां मिलेंगी। निवेशक संरक्षण के मोर्चे पर विधेयक कई क्रांतिकारी प्रावधान ला रहा है। ओम्बुड्सपर्सन तंत्र की स्थापना से शिकायत निवारण तेज और प्रभावी होगा। छोटे-मोटे उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से बाहर कर केवल सिविल दंड लगाने से अनावश्यक कानूनी लड़ाइयां कम होंगी। जांच या निरीक्षण शुरू करने की समय सीमा आठ वर्ष निर्धारित करने से कानूनी निश्चितता बढ़ेगी। दंड को अवैध लाभ या हानि से जोड़ने से प्रवर्तन अधिक न्यायपूर्ण बनेगा। ये बदलाव छोटे निवेशकों को मजबूत सुरक्षा प्रदान करेंगे और बाजार में भागीदारी को प्रोत्साहित करेंगे। नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विधेयक में रेगुलेटरी सैंडबॉक्स की स्थापना का प्रावधान है। यह नियंत्रित वातावरण में नए वित्तीय उत्पादों और सेवाओं का परीक्षण करने की अनुमति देगा, जिससे फिनटेक और स्टार्टअप्स को बड़ा लाभ मिलेगा। अंतर-नियामकीय समन्वय के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) फ्रेमवर्क से विभिन्न नियामकों के बीच सहयोग बढ़ेगा। सेबी को कुछ पंजीकरण कार्यों को बाजार अवसंरचना संस्थानों या स्व-नियामक संगठनों को सौंपने की शक्ति मिलेगी, जिससे नियामकीय बोझ कम होगा। ये सुधार बाजार को अधिक गतिशील और तकनीकी रूप से उन्नत बनाएंगे। विधेयक में बाजार अवसंरचना संस्थानों (एमआईआई) जैसे स्टॉक एक्सचेंज, क्लियरिंग कॉर्पोरेशन और डिपॉजिटरीज को औपचारिक मान्यता प्रदान करने का महत्वपूर्ण प्रावधान है। इससे इन संस्थाओं को अपने स्व-नियम (बाय-लॉज) बनाने की स्वायत्तता मिलेगी, जो समान पहुंच, पारदर्शिता, अंतर-सहयोग और बाजार में अनुशासन सुनिश्चित करने में सहायक होंगे। साथ ही, सेबी को अपनी आय के अधिशेष को रिजर्व फंड में रखने और आवश्यकता पूरी होने पर इसे भारत की संचित निधि में हस्तांतरित करने की अनुमति मिलेगी, जिससे नियामक की वित्तीय स्वतंत्रता और जवाबदेही मजबूत होगी। ये प्रावधान बाजार की संस्थागत मजबूती को बढ़ावा देंगे तथा दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करेंगे। विधेयक के पेश होते ही विपक्ष ने तीखा विरोध दर्ज किया। कुछ सांसदों ने तर्क दिया कि यह विधेयक एक ही नियामक को अत्यधिक शक्तियाँ सौंपता है, जो शक्तियों के पृथक्करण जैसे लोकतांत्रिक सिद्धांत के विरुद्ध है। उनका कहना था कि इससे नियामक की स्वायत्तता कमजोर होगी और पूंजी बाजार में एकाधिकार का खतरा बढ़ेगा। जवाब में सरकार ने स्पष्ट किया कि विधेयक को वित्त संबंधी स्थायी समिति के पास भेजा जाएगा, जहाँ सभी आशंकाओं पर गहन, रचनात्मक और पारदर्शी चर्चा होगी। समिति अपनी रिपोर्ट अगले सत्र में प्रस्तुत करेगी, जिससे आगे की प्रक्रिया तय होगी। यह कदम लोकतांत्रिक परंपराओं और सभी पक्षों की चिंताओं के सम्मान को दर्शाता है। इस विचार की नींव पहली बार 2021-22 के केंद्रीय बजट में एकल संहिता की घोषणा के साथ रखी गई थी। आज इसका औपचारिक रूप से सामने आना भारतीय पूंजी बाजार की बढ़ती परिपक्वता, नीतिगत स्पष्टता और वैश्विक मंच पर सशक्त उपस्थिति की



महत्वाकांक्षा को प्रतिबिंबित करता है। विशेषज्ञों के अनुसार, सिद्धांत-आधारित नियामक ढांचा सेबी को बाजार की निरंतर बदलती चुनौतियों और आवश्यकताओं के अनुरूप त्वरित, लचीले और प्रभावी निर्णय लेने की व्यापक स्वतंत्रता प्रदान करेगा। अनुपालन लागत में कमी से कंपनियाँ नवाचार और विस्तार पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगी, विदेशी निवेश को नया प्रोत्साहन मिलेगा और भारत आत्मनिर्भर, सुदृढ़ तथा प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था की दिशा में निर्णायक कदम आगे बढ़ाएगा। समग्र रूप से देखें तो प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक, 2025 भारतीय पूंजी बाजार को अधिक पारदर्शी, सुदृढ़, कुशल और निवेशक-केंद्रित बनाने की एक दूरदर्शी एवं ऐतिहासिक पहल है। विपक्ष द्वारा उठाई गई आशंकाएँ लोकतांत्रिक विमर्श का आवश्यक हिस्सा हैं और स्थायी समिति में उनका संतुलित व गहन समाधान ही एक मजबूत कानून की नींव रखेगा। यदि यह विधेयक पारित होता है, तो यह न केवल बाजार की गहराई, स्थिरता और विश्वसनीयता को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा, बल्कि 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में भी निर्णायक भूमिका निभाएगा। निस्संदेह, इसकी आगे की यात्रा पर पूरे देश की सजग निगाहें टिकी रहेंगी।

**प्रो. आरके जैन**

# भारतीय युवा: विदेशी चमक बनाम स्वदेश की शक्ति

आज की भारतीय युवा पीढ़ी इतिहास के निर्णायक संक्रमण काल में खड़ी है। एक ओर विदेशी जीवन की झिलमिलाती चमक, उच्च वेतन, बहुराष्ट्रीय कंपनियों की प्रतिष्ठा तथा तथाकथित 'ग्लोबल लाइफस्टाइल' उसे लुभा रही है; दूसरी ओर स्वदेश की माटी की खुशबू, पारिवारिक प्यार, समाज का अपनापन तथा राष्ट्र-दायित्व की मौन पुकार जड़ों से जुड़े रहने का आह्वान कर रही है। यह द्वंद्व केवल रोजगार या करियर का नहीं, अपितु आत्म-पहचान, सांस्कृतिक स्वाभिमान तथा राष्ट्र-भविष्य से जुड़ा गहन विमर्श है। युवाओं को निर्णय लेते समय यह ध्यान रखना होगा कि भारत अब अवसर-विहीन देश नहीं; विश्व की सबसे तेज अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है तथा 'विकसित भारत' के लक्ष्य हेतु संकल्पबद्ध है।आरबीआई आंकड़ों के अनुसार, बीते वर्षों में लाखों युवा पेशेवर विदेश गये, किंतु 'रिवर्स ब्रेन ड्रेन' की प्रवृत्ति भी उभर रही है। जब अपने ही देश में अवसरों का विस्तार हो रहा है, तब विदेश-आकर्षण का रहस्य क्या है? आधुनिक भारत तकनीक, ऑटोमोबाइल, वस्त्र, फार्मा, कृषि-प्रौद्योगिकी, बायोटेक्नोलॉजी, हस्तशिल्प, अंतरिक्ष तथा रक्षा जैसे क्षेत्रों में वैश्विक केंद्र बन रहा है। टाटा, रिलायंस, इंफोसिस, टीसीएस, महिंद्रा जैसी कंपनियाँ तथा नवरत्न संस्थान बौद्धिक क्षमता, नवाचार और आत्मनिर्भरता के प्रतीक बने हुए हैं। इसरो, डीआरडीओ, बीएआरसी, एचएएल, सीएसआईआर, आईसीएआर, आईसीएमआर, आईआईटी, आईआईएम, आईआईएससी तथा एम्स जैसे संस्थान अंतरिक्ष, रक्षा, चिकित्सा तथा विज्ञान में राष्ट्र-निर्माण को सशक्त कर रहे हैं। चंद्रयान-तीन की सफलता, एक साथ कई उपग्रह प्रक्षेपण की क्षमता, रक्षा में स्वदेशीकरण, डिजिटल इंडिया का समावेशन, 1.2 लाख स्टार्टअप्स (100+ यूनिकॉर्न सहित), मेक इन इंडिया तथा नवीकरणीय ऊर्जा में प्रगति प्रमाणित करते हैं कि भारत अब अवसरों का निर्यातक बन चुका है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने शिक्षा-शोध-नवाचार को नई दिशा दी है। नैस्कॉम रिपोर्ट्स के अनुसार, टियर-दो, तीन शहरों में लगभग चालीस प्रतिशत नई नौकरियाँ सृजित हो रही हैं तथा सरकारी योजनाएँ स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण और ऋण प्रदान कर रही हैं।फिर भी अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन तथा ऑस्ट्रेलिया आदि की ओर युवाओं का रुझान तथा माता पिता की इच्छा बनी हुई है। शायद बेहतर वेतन, जीवन-शैली तथा वैश्विक अनुभव के कारण। सोशल मीडिया, ओटीटी तथा पॉप-संस्कृति ने योजनाबद्ध तरीके से विदेश विशेष कर पश्चिम को सफलता का पर्याय गढ़ा है।किंतु भारतीय युवाओं को यह भी जानना होगा कि विदेशों में महँगाई, एकाकीपन, सांस्कृतिक दूरी, नस्लीय भेदभाव तथा मानसिक तनाव जैसे कठोर यथार्थ भी छिपे हैं। भारतीय चिंतन में जीवन ऋण-चुकाने से जुड़ा है,वो भी माता-पिता, समाज तथा मातृभूमि का। साथ ही सर्वश्रेष्ठ संस्थानों से निकली प्रतिभा का स्थायी विदेश-प्रवास कहीं न कहीं राष्ट्र-विकास को क्षति पहुँचाता है। मेरे विचार में विदेश जाना ज्ञान-अर्जन हेतु उचित है, किंतु भावनात्मक-बौद्धिक कटाव अनुचित है। 'ब्रेन गेन' तभी संभव जब अनुभव स्वदेश के उत्थान में लगे। अतः समाधान न विदेश-रोक में है, न अंध स्वदेश-उन्माद में, आवश्यकता है संतुलित दृष्टि की। युवा वैश्विक पंख अवश्य फैलाएँ, किंतु अपनी




जड़ों से जुड़े रहें। नीति-निर्माताओं का भी दायित्व है कि वे युवाओं के लिए बेहतर शिक्षा, रोजगार तथा व्यापार के समान अवसर सभी राज्यों में पैदा करें । समाज-परिवार की भी जिम्मेदारी है कि वे युवाओं में देश प्रेम और आत्मविश्वास जगाएँ ,भारत में रहकर वैश्विक सफलता अर्जित करें जो आज की परिस्थितियों में संभव है। युवाओं को समझना होगा कि विदेशी चमक क्षणिक मृगतृष्णा है, स्वदेश की शक्ति शाश्वत। युवा यदि अपनी प्रतिभा को देश को समर्पित कर दें , तो उनका भविष्य सुदृढ़ तो होगा ही, भारत की वैश्विक पहचान दीप्तिमान भी होगी।

**डा मनमोहन प्रकाश**

# देश की लोकतांत्रिक आस्था और उसका परिमार्जित मूल्यांकन

**(लोकतंत्र के सही आंकलन की आवश्यकता)**

स्वतंत्रता के अठहत्तर वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद यह समय केवल उत्सव और आत्मसंतोष का नहीं, बल्कि आत्मालोचन, आत्ममंथन और लोकतांत्रिक आस्था के समग्र मूल्यांकन का भी है। यह स्वतंत्रता हमें सहज नहीं मिली है इसके पीछे अनगिनत बलिदान, अनथक संघर्ष और पीढ़ियों का खून-पसीना समाहित है। इसी संघर्ष की कोख से जन्मे भारतीय संविधान ने लोकतंत्र को राष्ट्र की आत्मा के रूप में प्रतिष्ठित किया। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम इस लोकतांत्रिक आस्था को केवल शब्दों में नहीं, बल्कि व्यवहार, नीति और सामाजिक आचरण में भी चिरस्थायी बनाए रखें, ताकि स्वतंत्रता हमारी अस्मिता की तरह सदैव सुरक्षित रह सके। भारतीय लोकतंत्र की शक्ति उसकी विविधता, समावेशिता और सहिष्णुता में निहित है। जाति, रंग, भाषा, धर्म और क्षेत्रीय भिन्नताओं के बावजूद एक साझा राष्ट्रीय चेतना का निर्माण ही लोकतंत्र का मूल लक्ष्य रहा है। स्वतंत्रता के बाद से ही भारत की सरकारों ने एक ऐसे नवीन और सशक्त भारत का स्वप्न देखा, जहाँ अमीरी-गरीबी, जाति-संप्रदाय, ऊँच-नीच और भेदभाव की दीवारें ढह जाएँ। किंतु यथार्थ यह है कि तमाम प्रयासों के बावजूद सामाजिक-आर्थिक विषमता आज भी हमारे लोकतांत्रिक ढाँचे के सामने एक गंभीर चुनौती बनकर खड़ी है। यह विषमता न केवल देश की आंतरिक स्थिरता को प्रभावित करती है, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की छवि के लिए भी बाधक सिद्ध हो सकती है। लोकतंत्र केवल मताधिकार या सत्ता-परिवर्तन की प्रक्रिया नहीं है; यह संवाद, सहमति और असहमति के सभ्य सहअस्तित्व का नाम है। किंतु जब नीतिगत असहमति राष्ट्रीय संपत्ति की तोड़फोड़ में बदल जाए, जब वैचारिक टकराव हत्याओं और हिंसा का रूप ले ले, तब यह लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता। देश को आज एक सशक्त आंतरिक नीति, सामाजिक सौहार्द और संवैधानिक संस्थाओं के बीच संतुलित तालमेल की आवश्यकता है। संसद, विधायिका और कार्यपालिका के बीच सामंजस्य के अभाव में विकास की अनेक परिकल्पनाएँ अधूरी रह जाती हैं, और लोकतांत्रिक विश्वास कमजोर पड़ता है। भारत की विदेश नीति ने हाल के वर्षों में देश को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दी है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों में भारत की सक्रिय भूमिका, उसकी कूटनीतिक दृढ़ता और वैश्विक मुद्दों पर संतुलित दृष्टिकोण प्रशंसनीय है। किंतु यह भी सत्य है कि केवल सफल विदेश नीति से 140 करोड़ से अधिक नागरिकों का जीवनस्तर नहीं सुधर सकता। देश की वास्तविक शक्ति उसकी जनता के आर्थिक सशक्तिकरण, रोजगार के अवसरों और उत्पादन में आत्मनिर्भरता से आती है। जब तक आम नागरिक के हाथ में काम, आय और सम्मानजनक जीवन के साधन नहीं होंगे, तब तक लोकतंत्र की जड़ें पूर्णतः मजबूत नहीं हो सकतीं। गरीबी उन्मूलन के लिए केवल मुफ्त अनाज पर्याप्त नहीं है। भूख से राहत के साथ-साथ आजीविका, कौशल विकास और रोजगार की स्थायी व्यवस्था अनिवार्य है। गरीबी के अनेक रूप हैं–शिक्षा की कमी, स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव, लैंगिक असमानता, सामाजिक बहिष्कार–इन सभी पर एक साथ प्रहार किए बिना समग्र विकास संभव नहीं। पिछड़े वर्गों, दलितों, दिव्यांगों, महिलाओं और गरीब बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण निशुल्क शिक्षा, पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएँ, रोजगार गारंटी और कौशल-आधारित प्रशिक्षण को हर विकास योजना का केंद्र बनाना होगा। योजनाएँ बनती रही हैं, पंचवर्षीय योजनाओं से लेकर वार्षिक कार्यक्रमों तक, किंतु उनका प्रभावी क्रियान्वयन और संसाधनों का ईमानदार उपयोग ही लोकतांत्रिक शासन की असली कसौटी है। भारतीय समाज में जातिवाद आज भी एक गहरे नासूर की तरह विद्यमान है। स्वतंत्रता के बाद ज्योतिबा फुले, महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर जैसे महान व्यक्तित्वों ने सामाजिक समरसता और समानता के लिए अपना जीवन समर्पित किया। 1955 का सिविल अधिकार अधिनियम और संविधान के प्रगतिशील प्रावधान इस दिशा में मील के पत्थर थे, फिर भी जाति-आधारित भेदभाव पूरी तरह समाप्त नहीं हो सका। दुर्भाग्यवश, राजनीति ने कई बार इस विभाजन को और गहरा किया, जिससे लोकतांत्रिक चेतना कमजोर पड़ी। भारत एक बहुधार्मिक, बहुसांस्कृतिक और बहुभाषी राष्ट्र है। धर्मनिरपेक्षता हमारे संविधान की आधारशिला है और सांप्रदायिक सद्भाव लोकतंत्र की प्राणवायु। इसके बावजूद सांप्रदायिक तनाव, दंगे और धार्मिक विवाद समय-समय पर देश की शांति को भंग करते रहे हैं। संसद में अनेक संशोधन और कानून बने, परंतु सामाजिक स्तर पर विश्वास और संवाद की कमी ने इन प्रयासों को सीमित कर दिया। सांप्रदायिकता के साथ आतंकवाद और उग्रवाद की चुनौतियाँ भी जुड़ी रहीं। कश्मीर से लेकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों तक, यह समस्या केवल भारत की नहीं, बल्कि वैश्विक स्वरूप ले चुकी है। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद और सीमापार से होने वाली गतिविधियों को भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर किया है, फिर भी आंतरिक सुरक्षा और सामाजिक एकता को और मजबूत करना समय की माँग है। स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण भी लोकतांत्रिक जीवन की गुणवत्ता से जुड़े मूल प्रश्न हैं। स्वच्छ भारत अभियान ने महात्मा गांधी के स्वप्न को एक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप दिया। शहरों और गाँवों में शौचालय निर्माण, स्वच्छता के प्रति जागरूकता और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार महत्वपूर्ण कदम हैं, यद्यपि इनके शत-प्रतिशत अनुपालन की चुनौती अभी शेष है। साथ ही चुनाव सुधार, श्रम कानूनों में परिवर्तन, पंचायती राज को सशक्त बनाने और आपदा प्रबंधन जैसी पहलों ने शासन को अधिक उत्तरदायी बनाने का प्रयास किया है। नवीन भारत की संकल्पना केवल नारों से नहीं, बल्कि योजनाओं के सफल और पारदर्शी क्रियान्वयन से साकार होगी। जब शांति, सौहार्द और आत्मनिर्भर उत्पादन हमारे विकास के मानक बनेंगे; जब लोकतांत्रिक संस्थाएँ परस्पर सम्मान और सहयोग के साथ कार्य करेंगी; और जब समाज का अंतिम व्यक्ति भी विकास की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक खड़ा होगा–तभी भारतीय लोकतंत्र अपने सही परीक्षण में खरा उतरेगा। यही लोकतांत्रिक आस्था का सच्चा सम्मान है और यही स्वतंत्रता के अमृतकाल का वास्तविक लक्ष्य।

**संजीव ठाकुर**

# संपादकीय

## जब भोजपुरी स्टार ने सलमान के शो को नंबर वन बना दिया

टेलीविजन की दुनिया में 'बिग बॉस' एक ऐसा नाम है जिसे किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। हर साल जब यह शो शुरू होता है, तो विवादों, दोस्ती और ड्रामे की एक नई पटकथा लिखी जाती है। लेकिन 'बिग बॉस 19' का सफर पिछले कई सीजन्स की तुलना में बिल्कुल अलग और कई मायनों में ऐतिहासिक रहा। शो की शुरुआत बेहद सुस्त रही, जहाँ प्रतियोगियों के बीच की खींचतान दर्शकों को बांधने में विफल हो रही थी। गौरव खन्ना की सधी हुई चालें और फरहाना भट्ट के भावनात्मक उतार-चढ़ाव ने कुछ हद तक चर्चा तो बटोरी, लेकिन वह 'मैजिक' गायब था जो टीआरपी के चार्ट को हिला सके। मिड-सीजन तक आते-आते ऐसा लगने लगा था कि शायद यह सीजन बिग बॉस के इतिहास का सबसे फीका सीजन साबित होगा। लेकिन दिसंबर का पहला हफ्ता मनोरंजन की दुनिया के लिए एक बड़ा टर्निंग पॉइंट लेकर आया, जब भोजपुरी सिनेमा के 'पावर स्टार' पवन सिंह की एंट्री की खबरें सोशल मीडिया पर तैरने लगीं। फिनाले की रात जब पवन सिंह ने स्टेज पर कदम रखा, तो न केवल शो की आभा बदल गई, बल्कि भारतीय टेलीविजन रेटिंग्स के सारे समीकरण ध्वस्त हो गए। पवन सिंह का बिग बॉस के मंच पर आना केवल एक सेलिब्रिटी गेस्ट की उपस्थिति नहीं थी, बल्कि यह दो विशाल दर्शक वर्गों का एक अभूतपूर्व मिलन था। भोजपुरी फिल्म उद्योग, जिसे अक्सर मुख्यधारा के हिंदी मीडिया में वह स्थान नहीं दिया जाता जिसका वह हकदार है, उसने पवन सिंह के जरिए अपनी ताकत का अहसास कराया। फिनाले एपिसोड के दौरान जो टीआरपी दर्ज की गई, उसने दशकों से जमे-जमाए डेली सोप्स जैसे 'अनुपमा' और 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को पछाड़कर नंबर एक की कुर्सी हासिल कर ली। यह उछाल इस बात का प्रमाण है कि पवन सिंह की लोकप्रियता अब केवल बिहार या उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं है, बल्कि वे एक नेशनल फेनोमेनन बन चुके हैं। उनके नाम का जो क्रेज फिनाले में देखने को मिला, उसने उन आलोचकों को भी सोचने पर मजबूर कर दिया जो क्षेत्रीय सितारों के प्रभाव को कम आंकते हैं। पवन सिंह के मंच पर आते ही



सोशल मीडिया का तापमान जिस तरह बढ़ा, वह किसी भी बड़े बॉलीवुड सुपरस्टार की रिलीज से कम नहीं था। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे दिलचस्प पहलू रहा सलमान खान और पवन सिंह का एक साथ मंच साझा करना। सलमान खान पिछले डेढ़ दशक से अधिक समय से बिग बॉस का चेहरा बने हुए हैं। उनकी शख्सियत ही इस शो की सबसे बड़ी पूंजी रही है। लेकिन इस बार जब पवन सिंह ने सलमान के बगल में खड़े होकर अपना देसी अंदाज दिखाया, तो एक पल के लिए ऐसा लगा कि 'पावर स्टार' का जादू सलमान के ग्लैमर पर भारी पड़ रहा है। जहाँ सलमान खान एक ग्लोबल आइकन हैं, वहीं पवन सिंह के पास वह मिट्टी की खुशबू और जमीनी जुड़ाव है जो सीधे आम आदमी के दिल को छूता है। इन दोनों दिग्गजों के बीच की जुगलबंदी ने यह साबित कर दिया कि दर्शक अब केवल एक ही तरह के स्टारडम से संतुष्ट नहीं हैं, उन्हें विविधता और अपनी जड़ों से जुड़ाव चाहिए। पवन सिंह ने अपनी मौजूदगी से न केवल शो को एक नई ऊंचाई दी, बल्कि उन्होंने भाषा और क्षेत्र की उन अदृश्य दीवारों को भी गिरा दिया जो दशकों से मनोरंजन जगत में बनी हुई थीं। पवन सिंह का यह सफर 'लॉलीपॉप लागेलू' की क्षेत्रीय सफलता से लेकर बिग बॉस के नेशनल मंच तक पहुँचना एक बड़े सांस्कृतिक बदलाव की कहानी कहता है। वे अब सिर्फ एक भोजपुरी गायक या अभिनेता नहीं रह गए हैं, बल्कि वे एक ऐसे ब्रांड बन चुके हैं जो टीआरपी और व्यूअरशिप की गारंटी है। एडवर्टाइजिंग और मार्केटिंग की दुनिया के लिए यह एक बड़ा संकेत है कि भारतीय दर्शक अब केवल बड़े पर्दे के हिंदी नायकों के पीछे नहीं भाग रहे। क्षेत्रीय भाषाओं के सितारे अब अपनी सीमाओं को लांघकर पूरे भारत के ड्राइंग रूम्स में अपनी जगह बना रहे हैं। पवन सिंह की इस सफलता ने यह बहस भी छेड़ दी है कि क्या आने वाले समय में टीवी और फिल्मों का केंद्र बदल रहा है? क्या अब वह दौर आ गया है जहाँ एक क्षेत्रीय कलाकार अपनी शर्तों पर राष्ट्रीय मंच को नियंत्रित कर सकता है? बिग बॉस 19 के ग्रैंड फिनाले ने यह भी दिखाया कि रियलिटी शोज के मेकर्स अब दर्शकों की नब्ज को बेहतर तरीके से पहचान रहे हैं। उन्होंने समझ लिया है कि यदि शो को बचाना है, तो उसे केवल कुछ चर्चित चेहरों तक सीमित नहीं रखा जा सकता। पवन सिंह को फिनाले में लाना एक मास्टरस्ट्रोक था, जिसने न केवल डूबती रेटिंग्स को उबारा बल्कि शो को एक नई पहचान भी दी। उनकी सादगी, उनका आत्मविश्वास और उनका वह 'देसी ठाठ' दर्शकों को इतना पसंद आया कि फिनाले के बाद भी हफ्तों तक उनके प्रदर्शन की चर्चा होती रही। यह किसी भी स्टार के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है कि वह एक ऐसे शो में आए जहाँ पहले से ही बड़े-बड़े नाम मौजूद हों और फिर भी पूरी महफिल लूट ले जाए। अंततः, बिग बॉस के इस सीजन को पवन सिंह के योगदान के बिना याद नहीं किया जा सकता। यह फिनाले टेलीविजन इतिहास में एक मील का पत्थर माना जाएगा, जहाँ एक क्षेत्रीय कलाकार ने बॉलीवुड के सबसे बड़े मंच पर अपनी सत्ता स्थापित की। सलमान खान की मेजबानी और पवन सिंह की ऊर्जा ने मिलकर एक ऐसा विस्फोटक मिश्रण तैयार किया जिसने मनोरंजन के सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए। यह केवल टीआरपी की जीत नहीं थी, बल्कि यह उस ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत की जीत थी जो अपने नायक को नेशनल स्क्रीन पर सबसे ऊपर देखना चाहता था। पवन सिंह ने न केवल खेल बदल दिया, बल्कि उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि आने वाला समय उन्हीं का है जो अपनी जड़ों को साथ लेकर नई ऊंचाइयों को छूने का हौसला रखते हैं। इस सीजन का समापन इस सुखद संदेश के साथ हुआ कि मनोरंजन की दुनिया में अब कोई सरहद नहीं बची है, और एक 'पावर स्टार' किसी भी 'सुल्तान' के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सकता है।

**महेन्द्र तिवारी**

# डेयरी सेक्टर में राजस्थान का उदय

**दूध उत्पादन में देश का नेतृत्व करता मरुस्थलीय राज्य**

भारत के कृषि और ग्रामीण अर्थतंत्र में डेयरी सेक्टर की भूमिका लगातार मजबूत होती जा रही है। देश की खाद्य सुरक्षा ग्रामीण रोजगार और किसानों की आय में डेयरी का योगदान अब खेती के बराबर आंका जाने लगा है। इसी परिदृश्य में राजस्थान ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। परंपरागत रूप से पशुपालन पर आधारित यह राज्य अब दूध उत्पादन में देश के पहले पायदान पर पहुंच चुका है। संगठित डेयरी सहकारिता सरकार की दूरदर्शी नीतियां और पशुपालकों के अटूट भरोसे के दम पर राजस्थान ने यह मुकाम हासिल किया है। केंद्र सरकार के पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि बीते एक दशक में देश का कुल दूध उत्पादन 15.6 करोड़ टन से बढ़कर 25 करोड़ टन तक पहुंच गया है। इस वृद्धि में राजस्थान की भूमिका निर्णायक रही है। आज देश के कुल दूध उत्पादन का बड़ा हिस्सा केवल पांच राज्यों से आता है। इन पांच राज्यों में उत्तरप्रदेश,राजस्थान, मध्यप्रदेश,गुजरात और महाराष्ट्र शामिल हैं। कुल राष्ट्रीय उत्पादन का लगभग 64 प्रतिशत हिस्सा इन्हीं राज्यों से प्राप्त होता है। इसमें राजस्थान 14.82 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान से आगे बढ़ते हुए नंबर वन की ओर मजबूती से खड़ा है।

**पशुपालन की परंपरा से आधुनिक डेयरी मॉडल तक**

राजस्थान की पहचान सदियों से पशुपालन के लिए रही है। मरुस्थलीय परिस्थितियों में भी यहां के किसान और पशुपालक गाय भैंस ऊंट और बकरी पालन को जीवन का अभिन्न हिस्सा मानते रहे हैं। समय के साथ इस परंपरा को आधुनिक डेयरी मॉडल से जोड़ा गया। सहकारी ढांचे का विस्तार किया गया। पशु नस्ल सुधार चारा विकास टीकाकरण और दुग्ध संग्रहण की वैज्ञानिक व्यवस्था लागू की गई। राज्य सरकार और केंद्र सरकार की योजनाओं ने पशुपालकों को बाजार से जोड़ा। दूध की सुनिश्चित खरीद ने किसानों का भरोसा बढ़ाया। यही कारण है कि आज राजस्थान का डेयरी सेक्टर अभूतपूर्व विस्तार के दौर से गुजर रहा है। दूध उत्पादन के आंकड़े और राजस्थान का बढ़ता उत्पादन एक मिसाल बनता जा रहा है। देश में दूध उत्पादन का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। भैंस के दूध का योगदान 43.15 प्रतिशत है जबकि गाय के दूध का योगदान 51 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। राजस्थान में दोनों का संतुलित विकास हुआ है। यहां प्रति व्यक्ति दूध की खपत 485 ग्राम प्रतिदिन तक पहुंच गई है जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। दूध का कुल बाजार अब लगभग दस लाख करोड़ रुपये के स्तर पर आंका जा रहा है। यह दर्शाता है कि डेयरी सेक्टर केवल पोषण का साधन नहीं बल्कि एक विशाल



आर्थिक शक्ति बन चुका है।राज्यवार उत्पादन की बात करें तो उत्तरप्रदेश का योगदान 15.66 प्रतिशत है। राजस्थान 14.82 प्रतिशत के साथ उसके बेहद करीब है। मध्यप्रदेश 9.12 प्रतिशत गुजरात 7.78 प्रतिशत और महाराष्ट्र 6.71 प्रतिशत योगदान देता है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि राजस्थान ने सीमित संसाधनों और कठिन जलवायु के बावजूद डेयरी क्षेत्र में असाधारण सफलता हासिल की है।

संगठित और असंगठित डेयरी का संतुलन बनाए रखा है। राजस्थान में कुल दूध उत्पादन का लगभग 36.73 प्रतिशत हिस्सा संगठित क्षेत्र से आता है। राज्य में प्रतिदिन लगभग 500 लाख लीटर दूध का उत्पादन होता है। इसमें से करीब 100 लाख लीटर दूध संगठित डेयरी नेटवर्क के माध्यम से संग्रहित किया जाता है। शेष लगभग 400 लाख लीटर दूध प्रतिदिन असंगठित क्षेत्र में जाता है। यह असंगठित क्षेत्र भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। गांव स्तर पर दूध की बिक्री स्थानीय उपभोक्ताओं मिठाई उद्योग और छोटे व्यापारियों के माध्यम से होती है। इसके साथ ही संगठित क्षेत्र की निरंतर बढ़ती क्षमता यह संकेत देती है कि आने वाले वर्षों में दूध का बड़ा हिस्सा सहकारी और निजी डेयरी के माध्यम से प्रोसेस होकर बाजार में पहुंचेगा। राजस्थान सहकारी डेयरी फेडरेशन की भूमिका सराहनीय रही है।राजस्थान सहकारी डेयरी फेडरेशन राज्य की डेयरी क्रांति का प्रमुख आधार है। वर्तमान में फेडरेशन से जुड़ी सहकारी समितियां प्रतिदिन लगभग 33 लाख लीटर दूध का संग्रहण करती हैं। यह नेटवर्क लाखों पशुपालकों को सीधा लाभ पहुंचा रहा है। इसके अलावा मदर डेयरी से जुड़ा संग्रहण लगभग 12 लाख लीटर प्रतिदिन है। अमूल से संबद्ध संस्थाएं लगभग 15 लाख लीटर दूध का प्रतिदिन संग्रह करती हैं। निजी डेयरी कंपनियां भी तेजी से आगे बढ़ रही हैं और वे लगभग 40 लाख लीटर दूध प्रतिदिन का संग्रहण कर रही हैं। इस बहुस्तरीय व्यवस्था ने प्रतिस्पर्धा को बढ़ाया है। पशुपालकों को बेहतर कीमत और समय पर भुगतान सुनिश्चित हुआ है।नीतियां और योजनाएं विकास की धुरी बन चुकी है। राजस्थान में डेयरी सेक्टर की सफलता के पीछे नीतिगत समर्थन की बड़ी भूमिका रही है। पशुपालन को कृषि के समान दर्जा दिया गया। चारा विकास योजनाएं लागू की गई। दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों को वित्तीय और तकनीकी सहायता दी गई। दूध संग्रहण केंद्रों पर शीतलन और परीक्षण की आधुनिक व्यवस्था विकसित की गई। इससे दूध की गुणवत्ता में सुधार हुआ। पशुओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया। टीकाकरण अभियान और मोबाइल पशु चिकित्सा सेवाओं ने दुग्ध उत्पादन को स्थिर और सुरक्षित बनाया।निर्यात में भी राजस्थान की हिस्से दारीबरकरार है। डेयरी सेक्टर अब केवल घरेलू बाजार तक सीमित नहीं है। एपीडा के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में भारत का कुल डेयरी निर्यात 27 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया। इस दौरान 64 हजार टन डेयरी उत्पादों का निर्यात किया गया। राजस्थान की डेयरी सहकारिताएं और निजी कंपनियां इस निर्यात में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। मिल्क पाउडर घी मक्खन और अन्य मूल्यवर्धित उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहचान बना रहे हैं। इससे राज्य के पशुपालकों को अप्रत्यक्ष रूप से वैश्विक बाजार से जुड़ने का अवसर मिल रहा है।ग्रामीण रोजगार और महिला सशक्तिकरण का जीता जागता उदाहरण हमारे समक्ष हैम डेयरी सेक्टर का सबसे बड़ा सामाजिक प्रभाव ग्रामीण रोजगार और महिला सशक्तिकरण के रूप में सामने आया है। राजस्थान के गांवों में दूध उत्पादन और संग्रहण की प्रक्रिया में बड़ी संख्या में महिलाएं सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।दुग्ध सहकारी समितियों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। नियमित आय ने परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

**भविष्य की दिशा और चुनौतियां**

हालांकि राजस्थान डेयरी सेक्टर में अग्रणी बन चुका है लेकिन चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। जल संकट चारे की उपलब्धता और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर निरंतर काम करने की आवश्यकता है। संगठित क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ाना और असंगठित क्षेत्र को भी गुणवत्ता मानकों से जोड़ना भविष्य की बड़ी जरूरत है।मूल्यवर्धित उत्पादों पर अधिक ध्यान देने से किसानों की आय और बढ़ सकती है। तकनीक और नवाचार के माध्यम से उत्पादन लागत को कम करना भी जरूरी है। राजस्थान ने यह सिद्ध कर दिया है कि मजबूत नीति परंपरा और संगठन के मेल से किसी भी क्षेत्र में नेतृत्व हासिल किया जा सकता है। दूध उत्पादन में नंबर वन बनने की दिशा में राज्य ने निर्णायक कदम बढ़ा लिए हैं। डेयरी सेक्टर आज राजस्थान की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सबसे मजबूत स्तंभ बन चुका है। आने वाले वर्षों में यदि यही गति बनी रही तो राजस्थान न केवल देश बल्कि वैश्विक डेयरी मानचित्र पर भी अपनी अलग पहचान स्थापित करेगा।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### शीतलहर और ठंड के कारण शीत कालीन अवकश की मांग

**सिद्धार्थनगर।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई ने जिलाधिकारी से जनपद में शीतलहर और कड़ाके के ठंड से बच्चों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव एवं उनकी सुरक्षा को देखते हुए परिषदीय विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश किए जाने की मांग की है। जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने कहा कि अधिकांश परिषदीय विद्यालयों में गांव के गरीब मजदूर किसान के बच्चों के पास मौसम के अनुकूल गर्म कपड़े न होने की वजह से उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में बच्चों के हित में शीतअवकाश किया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

### बीआरडी पीजी कॉलेज में बीएड परीक्षा के दौरान 7 नकलची पकड़े गए

**देवरिया।** शहर के बाबा राघवदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रही बीएड प्रथम सेमेस्टर सत्र 2025-26 की परीक्षा के दौरान बुधवार को नकल का मामला सामने आया। फंडामेंटल ऑफ एजुकेशन विषय की परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए सात परीक्षार्थियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। कॉलेज में जनपद के नौ महाविद्यालयों के परीक्षार्थियों की परीक्षा आयोजित की जा रही है। द्वितीय पाली में एक बजे से चार बजे तक हुई परीक्षा में कुल 770 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 754 उपस्थित रहे जबकि 16 अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए प्राचार्य एवं केंद्राध्यक्ष प्रो. प्रताप नारायण सिंह के निर्देशन में गठित आंतरिक उड़ाका दल ने सघन जांच की। जांच के दौरान राम गुलाम राय पीजी कॉलेज, जुगल किशोर खेतान ब्रह्मदेव तिवारी शिक्षा एवं प्रशिक्षण महाविद्यालय, राणा प्रताप शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान, परमेश्वर महाविद्यालय नौतन, बाबू कैलाश प्रसाद महाविद्यालय तथा राजा देवी महिला महाविद्यालय के परीक्षार्थियों को नकल करते पकड़ा गया। सभी सातों परीक्षार्थियों के विरुद्ध विश्वविद्यालय के नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की गई है। आंतरिक उड़ाका दल का नेतृत्व मुख्य आरक्षाधिकारी प्रो. रजनीश कुमार ने किया। दल में डॉ. भावना सिन्हा, डॉ. अमरेंद्र सिंह, डॉ. हरिशंकर गोविंद राव, डॉ. समरेंद्र शर्मा व डॉ. वीके पांडेय शामिल रहे।

### ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर भाजपा कार्यालय का किया घेराव



**देवरिया।** नेशनल हेराल्ड प्रकरण में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर भाजपा कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेसजनों और पुलिस के बीच नोकझोंक भी हुई। हालात को देखते हुए पुलिस ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष सहित कई नेताओं व कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन भेज दिया, जहां से कुछ घंटों बाद सभी को रिहा कर दिया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने किया। उन्होंने कहा कि माननीय न्यायालय के फैसले ने भाजपा सरकार की नीयत को उजागर कर दिया है। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने नेशनल हेराल्ड मामले में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सोनिया गांधी को फर्जी मुकदमों में फंसाकर विपक्ष को खत्म करने का प्रयास किया, लेकिन अदालत के निर्णय से सरकार के मंसूबे विफल हो गए। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक से केंद्र की मोदी सरकार कांग्रेस नेताओं के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से ईडी जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यंग इंडिया मामले में न तो मनी लॉन्ड्रिंग है और न ही अपराध से अर्जित धन। गांधी परिवार को बदनाम करने का यह सिलसिला पुराना है, लेकिन हर बार सच्चाई सामने आई है। हिरासत में लिए गए नेताओं में पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, रामजी गिरी, वरुण राय, नागेंद्र शुक्ला, संजिव कुमार मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

### राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता

**देवरिया।** विकासखंड संसाधन केंद्र देवरिया सदर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी दिव्या मित्तल रहीं। प्रतियोगिता में 124 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रारंभिक चरण के बाद चयनित 25 विद्यार्थियों के बीच अंतिम क्विज हुआ। विजेता टीम को जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

# आछीडीह-सरया तटबंध की तकनीकी बाधा होगी दूर, दिल्ली में गडकरी से मिले विधायक राजेश त्रिपाठी

**●रामजानकी मार्ग की गुणवत्ता, धीमी रफ्तार और अधूरे नालों पर जताई कड़ी आपत्ति**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार, गोरखपुर-** चिल्लूपार क्षेत्र में राप्ती नदी के किनारे प्रस्तावित आछीडीह-सरया तटबंध निर्माण में आ रही वर्षों पुरानी तकनीकी अड़चन अब जल्द दूर होने की उम्मीद जगी है। इस अहम मुद्दे को लेकर चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने बुधवार को नई दिल्ली में संसद भवन स्थित कार्यालय में केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं जल संसाधन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान भी मौजूद रहे और उन्होंने भी तटबंध निर्माण के पक्ष में सिफारिश की। विधायक राजेश त्रिपाठी ने बताया कि आछीडीह-सरया के शेष लगभग 6 किमी तटबंध निर्माण में सबसे बड़ी तकनीकी बाधा रामजानकी मार्ग (नेशनल हाईवे) पर प्रस्तावित 13 कल्वर्ट (पुलिया) हैं। सिंचाई विभाग का स्पष्ट मत है कि जिस बाढ़ग्रस्त इलाके को बचाने के लिए तटबंध प्रस्तावित है, यदि अधिक संख्या में कल्वर्ट बन गए तो तटबंध का उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा। इसलिए आवश्यक है कि या तो कल्वर्ट की संख्या कम हो अथवा जिन कल्वर्टों का निर्माण हो, उनमें रेगुलेटर लगाए जाएं ताकि बाढ़ के समय उन्हें बंद रखा जा सके।

विधायक ने बताया कि इस विषय पर पिछले एक वर्ष से केंद्रीय सड़क मंत्रालय और संबंधित विभागों के बीच पत्राचार चल रहा था। मंत्री नितिन गडकरी को वस्तुस्थिति से अवगत कराए जाने पर उन्होंने तत्काल विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसी तकनीकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे सड़क की सुरक्षा भी बनी रहे और तटबंध का निर्माण भी संभव हो सके। बैठक में विधायक राजेश त्रिपाठी ने रामजानकी मार्ग के निर्माण में सुस्ती और घटिया गुणवत्ता को लेकर भी कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने लिखित शिकायत सौंपते हुए कहा कि गोला बाजार सहित कई स्थानों पर एक साल से नालियां खोदकर छोड़ दी गई हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी, जाम और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। सड़क और पुलिया निर्माण में मानकों की अनदेखी हो रही है–नई बनी सड़कें और पुलिया टूटने लगी हैं, सीमेंट और सरिया की गुणवत्ता संदिग्ध है। विधायक ने पिडहनी, गोला, डेरवा, सीधेगौर और गोपालपुर में बनी सड़क से ऊंची नालियों का मुद्दा भी उठाया, जिनमें न सड़क का पानी जा पा रहा है, न गांव और दुकानों का। इससे स्थानीय स्तर पर गंभीर समस्याएं खड़ी हो गई हैं। इस पर मंत्री गडकरी ने मौके पर ही अधिकारियों को जांच कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त विधायक ने अलग-अलग पत्र सौंपकर झुमिला बाजार और तीहामुहम्मदपुर अंडरपास पर नाली निर्माण, गोरखपुर-वाराणसी सरयू पुल पर लाइटिंग, बालभीटी मोड़ की सर्विस लेन दुरुस्त करने, तथा साउंखोर चौराहे पर ओवरब्रिज और सुरक्षित कट्स बनाने की मांग रखी। केंद्रीय मंत्री ने सभी जनहितकारी मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिया। यह मुलाकात चिल्लूपार क्षेत्र के बाढ़ नियंत्रण, सड़क सुरक्षा और बुनियादी ढांचे के लिहाज से निर्णायक कदम मानी जा रही है।

# दुबई से तीन सप्ताह बाद गांव पहुंचा सोनू का शव, मचा कोहराम

**●परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, प्रशासन से न्याय की गुहार**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार (गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के ग्रामसभा धौरहरा में शुक्रवार को उस समय कोहराम मच गया, जब दुबई से तीन सप्ताह बाद प्रवासी मजदूर सोनू (41) का शव गांव पहुंचा। इकलौते बेटे का पार्थिव शरीर देखते ही परिजनों की चीख-पुकार से पूरा गांव गमगीन हो उठा। धौरहरा निवासी रामबृक्ष का एकमात्र पुत्र सोनू रोज़गार के सिलसिले में दुबई के आबूधाबी शहर में एक निजी कंपनी में कार्यरत था। वह पिछले कई वर्षों से विदेश में रहकर परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने की कोशिश कर रहा था। 29 नवंबर को दुबई से आए एक फोन कॉल ने पूरे परिवार की खुशियां छीन लीं। कॉल करने वाले ने बताया कि सोनू ने कथित रूप से गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। यह खबर मिलते ही घर में मातम छा गया।

हालांकि, जब परिजनों को घटना से जुड़ी तस्वीरें दिखाई गईं तो उन्होंने आत्महत्या की कहानी पर सवाल उठाते हुए हत्या कर शव को फंदे पर लटकाने की आशंका जताई। परिजनों का कहना है कि सोनू मानसिक रूप से मजबूत था और आत्महत्या जैसा कदम उठाने की कोई वजह नहीं थी। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। अपने इकलौते बेटे का अंतिम संस्कार गांव में करने के लिए पिता रामबृक्ष ने प्रशासन से गुहार लगाई और लगातार अधिकारियों के चक्कर काटते रहे। काफी प्रयासों के बाद 21 दिन बाद शुक्रवार को करीब 11 बजे सोनू का शव गांव पहुंच सका। शव के पहुंचते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सोनू की पत्नी बबीता बदहवास होकर दहाड़े मारकर रोती रही। मृतक अपने पीछे एक पुत्र अंशुमान और एक पुत्री सुनिधि को छोड़ गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सोनू का अंतिम संस्कार गोला मुक्तिधाम पर किया जाएगा। गांव में हर आंख नम है और लोग परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं।

### शिविर में चालीस महिलाओं का हुआ नशबंदी

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर शुक्रवार को अधीक्षक डॉ सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में महिला नसबंदी शिविर कैम्प का आयोजन किया गया। महिला नसबंदी शिविर कैम्प में कुल 40 महिलाओं का रजिस्ट्रेशन कराया गया तथा स्वास्थ्य परीक्षण के बाद सभी महिलाओं का सकुशल नशबंदी हुआ। जानकारी के मुताबिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर में महिला नसबंदी शिविर में नौतनवां ब्लाक से 38 तथा लक्ष्मीपुर से 2 महिलाओं महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण के बाद सर्जन डॉ अरूण कुमार गुप्ता के द्वारा आपरेशन सकुशल संपन्न हुआ। नौतनवा व लक्ष्मीपुर ब्लाक के कुल 40 महिलाओं का नशबंदी सकुशल संपन्न हुआ। इस मौके बीसीपीएम मुदिता त्रिपाठी, बीपीएम हरिनाथ यादव, अमर नाथ गिरी, आशा संघ ब्लाक अध्यक्ष विमला देवी, आशा मीना, सुमन, सम्पाती सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस संबंध में सीएचसी रतनपुर अधीक्षक डॉ सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि परिवार नियोजन को देखते हुए 40 महिलाओं का नसबंदी सकुशल संपन्न हुआ है।

# दिसंबर के तीन सप्ताह बीतने के बाद भी सरयू नहर सूखी, सिंचाई को तरस रहे किसान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला बाजार (गोरखपुर) ।** गोला तहसील क्षेत्र में किसानों की उम्मीदों का सहारा बनी बारा नगर सरयू नहर दिसंबर माह के तीन सप्ताह बीत जाने के बाद भी सूखी पड़ी है। इससे नहर पर निर्भर हजारों किसानों के सामने सिंचाई का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। गेहूं की बुवाई नवंबर माह में ही लगभग पूरी हो चुकी है। खेतों में फसल निकल आई है और पहली सिंचाई का समय भी बीतता जा रहा है, लेकिन नहर में पानी न आने से खेत कोरे पड़े हैं। किसानों का कहना है कि समय पर पहली सिंचाई न होने से गेहूं की बढ़वार प्रभावित होगी। यदि अब देर से पानी मिला तो उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा। किसानों के बीच यह कहावत पूरी तरह चरितार्थ होती दिख रही है– 'अब पछताए होत क्या, जब चिड़िया चुग गई खेत।' नहर विभाग की इस उदासीनता से क्षेत्र में भारी असंतोष व्याप्त है।

बताया जाता है कि किसानों के खेतों में हरित क्रांति लाने के उद्देश्य से करीब चार दशक पूर्व गोला तहसील के ग्राम बारानगर में सरयू नहर पंप की स्थापना की गई थी। यहां से मुख्य नहर भेड़ी ताल तक पहुंचाई गई और कई छोटी-छोटी शाखाएं निकाली गईं, ताकि हेड से टेल तक पानी पहुंचे। लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते आज भी कई शाखाएं पानी से वंचित हैं। अनेक किसान ऐसे हैं जिन्होंने चार दशक बाद भी नहर के पानी का दर्शन तक नहीं किया। किसानों का आरोप है कि नहर निर्माण में उनकी कीमती जमीन गई, निजी ट्यूबवेल भी बंद हो गए, क्योंकि वे नहर के पानी पर आश्रित हो गए थे। अब जब नहर में पानी नहीं आ रहा, तो खेती करना मुश्किल हो गया है। इस संबंध में अवर अभियंता नहर रामानंद यादव ने बताया कि नहर की सफाई पूरी कर ली गई है और पानी छोड़ दिया गया है। गोला क्षेत्र तक पानी पहुंचने में थोड़ा समय लगेगा, लेकिन अब नहर में लगातार पानी जाएगा। किसानों को उम्मीद है कि जल्द ही पानी पहुंचा, तो उनकी फसल बच सकेगी।

# गम्भीर बीमारी से जूझ रहे ब्राह्मण परिवार के लिए बनीं उम्मीद की किरण, खजनी ब्लॉक प्रमुख अंशु सिंह ने बढ़ाया मदद का संबल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी (गोरखपुर)।** विकास खण्ड खजनी क्षेत्र की ग्राम सभा डोडो में मानवता और संवेदनशील जनप्रतिनिधित्व की एक प्रेरक तस्वीर उस समय देखने को मिली, जब गम्भीर बीमारी से जूझ रहे एक ब्राह्मण परिवार के लिए खजनी ब्लॉक प्रमुख अंशु सिंह स्वयं सहायता लेकर उनके घर पहुँचीं। सोशल मीडिया पर फेसबुक और इंस्टाग्राम के माध्यम से वायरल हुए इलाज में सहयोग के आग्रह को गंभीरता से लेते हुए ब्लॉक प्रमुख ने न केवल पीड़ित परिवार से मुलाकात की, बल्कि उनके इलाज के लिए तत्काल आर्थिक सहायता भी प्रदान की। ग्राम सभा डोडो निवासी नवीन मणि त्रिपाठी उर्फ 'जोखन बाबा', पुत्र स्वर्गीय हनुमान, वर्षों से पूजा-पाठ कर अपने परिवार की आजीविका चलाते थे। सीमित आमदनी में जैसे-तैसे परिवार का भरण-पोषण हो रहा था, तभी अचानक ईश्वर की एक कठिन परीक्षा उनके सामने आ खड़ी हुई। फालिज (पैरालिसिस) के गंभीर अटैक ने उन्हें पूरी तरह से असहाय बना दिया। चलने-फिरने में अक्षम हो चुके नवीन मणि त्रिपाठी के इलाज का खर्च परिवार के लिए असंभव हो गया, जिससे घर में निराशा और चिंता का माहौल बन गया।

पीड़ित की व्यथा की जानकारी जैसे ही सोशल मीडिया के माध्यम से खजनी ब्लॉक प्रमुख अंशु सिंह तक पहुँची, उन्होंने बिना विलंब किए मामले को संज्ञान में लिया। ब्लॉक प्रमुख स्वयं ग्राम सभा डोडो पहुँचीं, पीड़ित से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इलाज के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा और आर्थिक तंगी को इलाज में बाधा नहीं बनने दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने तत्काल आर्थिक सहायता भी प्रदान की, जिससे परिवार को बड़ी राहत मिली। इसी कड़ी में ब्लॉक प्रमुख ने ग्राम सभा डोडो में स्थित प्राचीन शिव मंदिर का भी निरीक्षण किया। मंदिर की जर्जर अवस्था को देखकर उन्होंने इसके जीर्णोद्धार के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गांव की आस्था और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। ब्लॉक प्रमुख अंशु सिंह की इस संवेदनशील और मानवीय पहल की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने संकट की घड़ी में आगे बढ़कर यह साबित किया है कि जनप्रतिनिधि केवल योजनाओं तक सीमित नहीं होते, बल्कि जरूरत पड़ने पर पीड़ितों के लिए संबल भी बनते हैं।

### ठंड हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन, अलाव बना सहारा



**रतनपुर/महराजगंज।** मौसम के मिजाज बदलते ही लोगों की रूह कांप उठी। नौतनवां ब्लाक क्षेत्र में शुक्रवार को अचानक मौसम का मिजाज बदलते ही जगह-जगह पूरा दिन लोग अलाव के पास बैठे नजर आए। पूरे दिन पछुआ हवा के साथ ओस की बूंदे गिरती रही। जगह-जगह चौक-चौराहों पर लोग अलाव जलाते रहे। रतनपुर ब्लाक मुख्यालय के सामने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सतीष उर्फ बेचन सिंह के नेतृत्व में भीषण ठंड को देखते हुए अलाव का बंदोबस्त किया गया। अलाव जलता देख स्थानीय लोगों समेत राहगीर भी रूककर अलाव तापते नजर आए। वहीं शुक्रवार को सडकों पर रोजाना फर्राटा भरने वाली गाडियां कम नजर आई। ग्रामीण प्रेम नारायण शर्मा, रामनाथ यादव, कृष्ण प्रताप सिंह, धर्मेंद्र गुप्ता, रामकिशोर, गौरी शंकर, अवधेश, अशोक, नवीन, शैलेन्द्र, आकाश, प्रदीप कुमार दूबे समेत अन्य लोगों ने बताया कि बीते गुरुवार तक मौसम सामान्य था लेकिन शुक्रवार को अचानक मौसम ने करवट लिया तथा सुबह से ही सर्द हवाओं के साथ कड़ाके की ठंड रही।

# नगर पालिका परिषद बनाने की मांग को लेकर गांधी चौक पर धरना



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सलेमपुर (देवरिया)।** नगर पंचायत सलेमपुर को नगर पालिका परिषद का दर्जा दिलाने की मांग और नगर पंचायत में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार के विरोध में शुक्रवार को गांधी चौक पर नागरिकों ने धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। धरने को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के आयोजक सुधाकर गुप्ता ने कहा कि सलेमपुर की जनसंख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है और यह नगर पालिका परिषद बनने की सभी आवश्यक अर्हताएं पूरी कर चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर खुली लूट हो रही है। सड़कों और नालियों के निर्माण में आधा-अधूरा काम कर पूरा भुगतान ले लिया जाता है, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि आउटसोर्सिंग पर नियुक्त कर्मचारी ड्यूटी पर न रहकर निजी कार्यों में लगे रहते हैं।

राजेश रावत ने कहा कि नगर पंचायत में भ्रष्टाचार हर स्तर पर फैला है। निर्माण कार्यों में भारी कमीशन लिया जा रहा है। उन्होंने फल विक्रेता सुरेश को उजाड़े जाने और उसका फल जब्त किए जाने की घटना की जांच कराने तथा उसे पुनः पुल के नीचे दुकान लगाने की अनुमति देने की मांग उठाई। सुमेश्वर सिंह (पूर्वांचल) ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा, भले ही इसके लिए जेल जाना पड़े। उन्होंने आरोप लगाया कि कड़ाके की ठंड के बावजूद अब तक जरूरतमंदों को कंबल वितरण नहीं किया गया, जिसे तत्काल शुरू किया जाना चाहिए। धरने में शिव सागर जायसवाल, बहादुर प्रसाद, रमेश लाल श्रीवास्तव, नितेश कुमार, भूलन चौहान, अनिरुद्ध बरनवाल, दीपक कुमार सिंह, सत्यप्रकाश सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

# गोरखपुर जोन में 12 घंटे का सघन अभियान, 217 अभियुक्त गिरफ्तार, अपराधियों में हड़कंप



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से गोरखपुर जोन में 12 घंटे का विशेष सघन अभियान चलाया गया। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) गोरखपुर जोन मुथा अशोक जैन के स्पष्ट एवं सख्त निर्देश पर यह अभियान दिनांक 18 दिसंबर 2025 को सायं 06 बजे से प्रारंभ होकर 19 दिसंबर 2025 को प्रातः 06 बजे तक लगातार संचालित किया गया। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य लंबे समय से फरार चल रहे वारण्टी एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के साथ-साथ सार्वजनिक शांति भंग करने की आशंका वाले तत्वों के विरुद्ध 170 बीएनएसएस के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई करना था। एडीजी जोन ने सभी जनपदों के पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया था कि पर्याप्त संख्या में पुरुष एवं महिला पुलिसकर्मियों की टीमों का गठन कर चिन्हित अभियुक्तों के ठिकानों पर सटीक और प्रभावी दबिश दी जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त न करने के निर्देश भी दिए गए थे।

निर्देशों के क्रम में गोरखपुर जोन के सभी जनपदों में एक साथ सुनियोजित ढंग से कार्रवाई की गई। रात्रि गश्त को बढ़ाया गया, संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी गई। पुलिस टीमों ने योजनाबद्ध तरीके से वारण्टियों एवं वांछित अभियुक्तों के ठिकानों पर दबिश देकर बड़ी सफलता हासिल की। अभियान के दौरान जोन के विभिन्न जनपदों से कुल 217 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 167 वारण्टी अभियुक्त तथा 50 वांछित अभियुक्त शामिल हैं। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजा गया। इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

इसके साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने और संभावित उपद्रवों को रोकने के उद्देश्य से 170 बीएनएसएस के तहत भी व्यापक निरोधात्मक कार्रवाई की गई। इस क्रम में 137 प्रकरणों में कुल 232 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिससे असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगा। एडीजी जोन मुथा अशोक जैन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गोरखपुर जोन में कानून तोड़ने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। साथ ही आमजन से अपील की गई कि वे पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल बना रहे।

# गरीबों, असहायों एवं जरूरतमंदों में बांटे गए कंबल, ठंड से बचाव के प्रति किया गया सचेत





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा ।** मण्डल मुख्यालय पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन गोण्डा द्वारा नगर में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोगों को जहां ठंड के मौसम में बचाव के प्रति सचेत किया गया, वहीं गरीबों, असहायों, निराश्रितों एवं अन्य जरूरतमंदों बस स्टॉप, गुरुनानक चौराहा, रेलवे स्टेशन, अम्बेडकर चौराहा आदि स्थानों पर कंबल व लंच पैकट का वितरण किया गया। जिससे ठंड के मौसम में वे लोग खुद का बचाव कर सकें। कार्यक्रम में आगे भी इस प्रकार के आयोजन करने और दूसरे लोगों से भी इस तरह की सहायता हेतु आगे आने के लिए आह्वान किया गया। कार्यक्रम के दौरान 100 लोगों को कंबल दिया गया।

**गरीबों की सेवा पुनीत कार्य-- प्रदीप तिवारी**

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन गोण्डा के जिला अध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने कहा कि गरीबों की सेवा पुनीत कार्य है। हमारे संगठन द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। आगे इस तरह का कार्यक्रम जनपद में आयोजित किया जाएगा। संगठन हर साल इस प्रकार के आयोजन कर रहा हैं। जिससे ठंड के मौसम में गरीबों को कुछ हद तक बचाया जा सके। ऐसे गरीब जिनके पास गर्म कपड़े नहीं हैं, उनके लिए ठंड का मौसम आफत बन जाता है।

**पुनीत कार्य में सभी को आना चाहिए आगे**

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के मण्डल अध्यक्ष अनिल कुमार दूबे कहा कि इस तरह के पुनीत कार्य करने से आत्म संतुष्टि मिलती है, ऐसे में हर सामर्थ्यवान व्यक्ति को अपने हैसियत के हिसाब से आगे आना चाहिए, इससे बड़ी सेवा कुछ नहीं हो सकती। ये आयोजन वास्तव में सराहनीय है। जो भी संपन्न लोग हैं, उन्हें इस तरह का प्रोग्राम करना चाहिए, जिससे कुछ हद तक गरीबों की मदद हो सके और उन्हें ठंड से बचाया जा सके।

**इनकी रही मौजूदगी**

कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष प्रदीप तिवारी, मण्डल अध्यक्ष अनिल कुमार दूबे, एच पी श्रीवास्तव, अशोक पाठक, शैलेंद्र अवस्थी, प्रदीप तिवारी बुलेट, देवी अवस्थी, , विनय मिश्रा, मेडिसिन हॉस्पिटल के प्रबंधक विपिन सिंह, समाचार पत्र विक्रेता, शिवकुमार मौर्य, आदि संगठन के दर्जनों लोगों की मौजूदगी रहे।

# गैसड़ी में अलाव न जलने से आमजन बेहाल, मजबूरन टायर-पॉलिथीन जलाकर ठंड से बचाव

**●कड़ाके की ठंड में नगर पंचायत की लापरवाही, बाजारवासियों में आक्रोश**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रमेश कुमार यादव

**बलरामपुर।** कड़ाके की ठंड और गलन भरी सर्द हवाओं ने आम जनजीवन को बेहाल कर दिया है। नगर पंचायत गैसड़ी क्षेत्र में ठंड से बचाव के लिए अलाव की समुचित व्यवस्था न होने से राहगीरों, दुकानदारों और बाजारवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात इतने खराब हैं कि नगर पंचायत प्रशासन की ओर से कोई इंतजाम न होने पर मजबूरन लोग स्वयं अलाव जलाने को विवश हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठंड से राहत पाने के लिए कुछ लोग टायर, ट्यूब और पॉलिथीन तक जला रहे हैं, जिससे प्रदूषण फैल रहा है और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। नागरिकों ने बताया कि यदि नगर पंचायत समय रहते अलाव की व्यवस्था करा देती, तो इस तरह के खतरनाक और प्रदूषणकारी उपायों की नौबत ही नहीं आती। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से यह दलील दी जा रही है कि अलाव जलवाने के लिए ठेकेदार की टेंडर प्रक्रिया समय पर पूरी कर ली गई थी और ईंधन की व्यवस्था भी सुनिश्चित थी, लेकिन लकड़ी गीली होने के कारण अलाव नहीं जल पाए। हालांकि स्थानीय लोगों का सवाल है कि जब सारी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी थीं, तो अब तक ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था क्यों नहीं की गई। इस संबंध में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी (ईओ) से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन रिसीव नहीं होने के कारण कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। बी.एन. जायसवाल, सब्बू वर्मा, संजय मोदनवाल, रामपाल सैनी, राजू यादव, विशाल मौर्य सहित अन्य नागरिकों ने नगर पंचायत प्रशासन पर अलाव जलवाने में हीलाहवाली का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई है। लोगों ने मांग की है कि शीघ्र ही सूखी लकड़ी की व्यवस्था कराकर

## संक्षिप्त खबरें

### समित सचिव के द्वारा किसान के साथ मारपीट व जाति सूचक गलियों का प्रयोग किए जाने के आरोप

**ए आर कोऑपरेटिव के हैं सबसे खासम खास**

**कई मामलों में पहले भी विनीत यादव बटोर चुके हैं सुर्खियां इससे पहले भी कई बार किसान कर चुके हैं शिकायत**

**लखीमपुर खीरी।** मामला दिनांक 17/12/2025 करीब 12:25 दिन का है जहां किसान केशव राम पुत्र प्रताप निवाशी भंगहा अपने फूल डॉक्यूमेंट के साथ खाद लेने पहुंचा किसान ने सचिव विनीत यादव को अपने कागज दिए लेकिन किसी बात को लेकर भड़के सचिव यादव ने किसान को धक्का दे दिया और जाति सूचक गलियों से संबोधित करते हुए सोसाइटी से बाहर निकाल कर लात घुसो से किसान को बुरी तरह घायल कर दिया किसान केशव राम पुत्र प्रताप निवाशी भंगहा किसी तरह वहां से जान बचाकर भागा किसान ने शारदा नगर थाना में अपनी शिकायत दर्ज की है थाना प्रभारी मनोज कुमार द्वारा अभी तक कोई कार्यवाई नहीं हुई है किसान का कहना है की तहरीर के अनुसार उचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जाए और सचिव विनीत यादव पर कार्रवाई की जाए किसानों के साथ हुए अभद्र व्यवहार से किसानों में भारी रोष व्याप्त है अगर किसान के साथ नहीं हुआ न्याय तो किसान कर सकते हैं एक बड़ा आंदोलन। इसके जिम्मेदार सोसाइटी बरहीडीह में सचिव विनीत यादव व लखीमपुर खीरी प्रशासन होग।

### क्यों लड़िया के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ मोहम्मद मुगीश को किया डी एम ने किया सम्मानित



**बरेली/** क्यों लड़िया के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ मोहम्मद मुगीश को जिला अधिकारी अभिनाश सिंह मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ विश्राराम सिंह ने सराहनीय कार्य करने के लिए उनको प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान यहां के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को जनपद में एक कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया है यहां के प्रभारी डा मोहम्मद मुगीश के जनता को अच्छी सुविधा उपलब्ध कराने शासन के अनुरूप माह जुलाई से अगस्त में संचालित होने वाले कार्यक्रम में अच्छा प्रदर्शन करने पर अन्य कार्यों में भी जिले में पहचान छोड़ने वाले प्रभारी डा मोहम्मद मुगीश को को आज जिलाधिकारी अविनाश सिंह मुख्य चिकित्साधिकारी डा विश्राम सिंह ने संयुक्त रूप सम्मानित किया गया है इस के लिए वह बधाई के पात्र हैं।

### कड़ाके की सर्दी मैं निरीक्षण को निकली अपर जिलाधिकारी प्रशासन




**कड़ाके की पड़ रही सर्दी का निरीक्षण करने अपर जिला अधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह ने किया गौशालाओं का निरीक्षण मिली कमियां दिया निर्देश**

**बरेली/** नवाबगंज तहसील स्तर पर बनी गौशालाओं का निरीक्षण करने के लिए अपर जिला अधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह ने आज गौशालाओं का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान किसी भी गौशाला में अलाव जलता नहीं मिला नहीं किसी मवेशी पर झूल पड़ी मिली इसे देखकर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की । और कहा यह लापरवाही बर्दाश्त करने योग्य नहीं है 24 घंटे के अंदर इसे ठीक किया जाए अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहे इस सर्दी में घूम रहे पशुओं को देखकर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्ति की और कहां यदि इस स्थिति में आप लोगों को भी रखा जाए तो कैसा महसूस करेंगे इसलिए इन बेजुबान पशुओं पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हर हालत में गौशालाओं में अलाव जलवाए जाएंगे इनमें संरक्षित पशुओं पर हर हालत में झूले उड़ाई जाएगी ताकि उन्हें ठंड से बचाया जा सके यदि किसी गौशाला संचालक ने ऐसा नहीं किया तो इसके लिए खंड विकास अधिकारी पशु चिकित्सा अधिकारी से लेकर तहसील प्रशासन भी जिम्मेदार होगा इसलिए इसका शीघ्र पालन किया जाए । इस क्रम में उन्होंने अदकटा नजराना की गौशाला देखी साथ ही विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत दलेल नगर की गौशाला माजरा गांव आसपुर दरियाव सिंह का निरीक्षण करने के बाद अभि व्यवस्था पर कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा यहा पर व्यवस्था को ठीक क्यों नहीं किया जा रहा है सचिव बी डी ओ से जवाब लिया जाए। निरीक्षण मे समिलित एसडीएम उदित सिंह पवार तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह पशु चिकित्सा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह एवं अन्य लोगों साथ थे।

# रोशन नगर में स्कूल की जमीन पर अवैध कब्जा,प्लाटिंग के लिए बना ली सड़क

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बांकेगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत रोशन नगर में सरकारी और स्कूल की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। 22 नवंबर को आईजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायत–शिकायत संख्या 4001532 5054 354–पर दर्ज कराई गई थी जिसमें लेखपाल दिनेश वर्मा द्वारा जो रिपोर्ट लगाई गई है वह कई सवाल खड़े कर रही है लेखपाल की रिपोर्ट में दिखाया गया है कि कोई अवैध कब्जा नहीं है वहां पर कोई रास्ता नहीं है जो कि सरासर भ्रामक है किसी भी ग्रामीण या पूर्व प्रधानों से पूछा जा सकता है। सरकारी नक्शा देखा जा सकता है। इससे साबित होता है कि लेखपाल और अवैध प्लाटिंग करने वाले के बीच सांठ गांठ जरूर हुई है। लेखपाल द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल का खुला मजाक उड़ाया गया है और अधिकारियों को गुमराह करने वाली रिपोर्ट दी गई है। रिपोर्ट में आवासीय मामले को लेकर बताया गया है की फाइल अधिवक्ता के पास मौजूद है ऐसे तो कोई प्लाटिंग कर ले, बता दे कि फाइल अधिवक्ता के पास मौजूद है। काम खत्म हो जाएगा। जिसकी जांच जनहित में कराया जाना बेहद जरूरी है ताकि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा रुक सके। मामला यह है कुछ प्राथमिक स्कूल और बड़े मंदिर के बीच कोई रास्ता नहीं था तत्कालीन ग्राम प्रधान के परिजनों का मंदिर था इसलिए उन्होंने मंदिर और स्कूल की जमीन के बीच चढ़ा और गहरा नाला खुदवा दिया था जब बाद में स्कूल बना तो नाले के बाद कुछ जमीन छोड़कर भवन बनाया गया फिर बाउंड्री बाल कराई गई जो बीच में जगह सरकारी जगह छुट्टी थी उसको एक धर्म विशेष के ग्राम प्रधान की मदद से उसी के धर्म के एक प्रॉपर्टी डीलर द्वारा स्कूल एवं सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रास्ता बनाया गया है, जबकि संबंधित भूमि न तो आवासीय घोषित है और न ही प्लॉटिंग के लिए जिला पंचायत से कोई नक्शा पास कराया गया है। इसके बावजूद अवैध रूप से प्लाटों की बिक्री जारी है। जिस खेत पर प्लाटिंग की गई है, उसका मूल रास्ता उत्तर दिशा की ओर है, लेकिन अवैध रूप से दक्षिण दिशा में स्थित स्कूल की जमीन पर कब्जा कर नया रास्ता निकाल दिया गया है। इससे स्कूल की भूमि पर अतिक्रमण होने के साथ-साथ भविष्य में शिक्षण संस्थान के विस्तार और सुरक्षा पर भी खतरा उत्पन्न हो गया है। जनहित से जुड़े इस मामले में शिकायतकर्ता ने प्रशासन से अवैध कब्जे को तत्काल हटाने और जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।




# धान खरीद प्रक्रिया में भ्रष्टाचार के आरोप, क्रय केंद्रों पर पसरा सन्नाटा ,खाली पड़ी कुर्सिया

**● किसानों के कागजो पर धान मिलो और बिचौलियों का खरीदा जा रहा धान**

**ना किसान और ना ही धान की आमद फिर भी रोजाना हो रही सैकड़ो टन धान की खरीद**

**आखिर यूज किसका खरीदा जा रहा क्रय केदो पर धान - यक्ष प्रश्न**

**कागजी आंकड़ों की बाजीगरी में बिचौलिया ,मिलर तथा सेंटर इंचार्ज हो रहे मालामाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** जनपद में किसानों को उनकी धान की फसल का उचित मूल्य दिलाने की मंशा से सरकार द्वारा क्रय केंद्रों के माध्यम से की जा रही सरकारी धान खरीद प्रक्रिया पर गंभीर सबाल खड़े हो रहे हैं। जनपद खीरी में उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का धान खरीद प्रक्रिया पर असर पड़ता नजर नहीं आ रहा है। धान खरीद प्रक्रिया में बिचौलिए की सक्रियता होने के आरोप लगाए जा रहे हैं धान खरीद की जमीनी पड़ताल को गए हमारे संवाददाता ने मंडियों में क्रय केंद्रों की धरातली हकीकत जानने का प्रयास किया तो पता चला कि केदो पर धान की आवक ना के बराबर है।, कई किसानों ने तो आन कैमरा बताया कि क्रय केदो पर सेटिंग गेटिंग और रसूखदारों का ही धान खरीदा जाता है ।अब तक अधिकांश किसान अपनी धान की फसल औने पौने दाम बिक्री कर चुका है ।और शायद यही कारण है कि मंडियों में लगे क्रय केदो पर सन्नाटा पसरा है।क्रय केंद्रों पर केंद्र प्रभारियों की कुर्सियां खाली पड़ी है बैनर गायब हैं ।और किसानो की आवक भी ना के बराबर है फिर भी केंद्र प्रभारी मिल मालिकों आढ़तियों और बिचौलियों की मिली भगत से रोजाना हजारों कुंतल धान की खरीद महज कागजों पर हो रही है।



अहम सवाल यह है कि जब मंडियों में ना तो किसानों की ट्रालियो की आवक है और क्रय केंद्रों पर सारा दिन सन्नाटा पसरा रहता है केंद्र प्रभारी केंद्रों से लापता रहते हैं तो फिर किसका खरीदा जा रहा धान?और कहां से हो रही हजारों टन धान की खरीद, यक्ष प्रश्न बना हुआ है? धान खरीद की जमीनी पड़ताल को मंडियों में गए हमारे संवाददाता ने जब इस धान खरीद के जादुई आंकड़े जुटाना का प्रयास किया तो हकीकत कुछ और ही नजर आई जो सरकार की धान की खरीद नीति पर सवाल खड़े करने को काफी है। नवीन गल्ला मंडी ,मोहम्मदी, गोला, लखीमपुर, तिकुनिया , में सुबह से शाम तक केंद्रों पर एक भी किसान नहीं दिखाई दिया, केंद्रों पर सन्नाटा पसरा दिखाई दिया लेकिन धान खरीद कागजों पर हर केंद्र पर हो गई ।जब कई केंद्र प्रभारियो के करिंदों और केंद्र प्रभारी से जानकारी चाहि तो ऑन कैमरा बताया आप भी जानते हैं सब मैं छिपाता कुछ नहीं यहां पर धान नहीं आता है केवल कागज किसानों के आते हैं। धान मिलर का खरीदा जाता है अब किसान केपास धान बचा कहा है जो मंडियों में आयेगा? बात रही धान खरीद लक्ष्य की तो लक्ष्य धान मिलर और आढ़तियों से पूरा होता है यह व्यवस्था नई नहीं है आप भी जानते हो और मैं भी जानता हूं जो यह साबित करता है कि किसान को सरकारी मूल्य का लाभ कम ही मिलता है ।बिचौलिया जरूर लाल हो जाते हैं। यदि दिनांक 15 दिसंबर 2025 को गल्ला मंडी में लगे क्रय केंद्र प्रभारी द्विवेदी के कारनामों पर एक नजर डालें तो जब केंद्र प्रभारी द्विवेदी से जानकारी चाहि गई तो उन्होंने बताया कि उनकी 15/12/2025की खरीद शून्य है यह कथन शाम 5:30 का है जब उन्होंने अपने केंद्र की खरीद ऑन कैमरा शून्य बताइ कि उनके केंद्र की खरीद शून्य है । मज़े की बात यह है कि केंद्र भी बंद रहा कोई ट्रॉली भी नहीं आई और उनके केंद्र पर ऑनलाइन डाटा में 29 टन धान की खरीद हो गई, जो सवाल पैदा करती है कि आखिर यह धान कहां से आया और कौन तथा कब लेकर आया? सूत्रों ने बताया ने कि केंद्र प्रभारी से लेकर एम ओ, विपणन प्रबंधक सहित ए.आर.कोऑपरेटिव तक मिल रहे हैं सहयोग के चलते और सरकार द्वारा मिले लक्ष्य को पूरा करने की सोची समझी व्यवस्था के तहत खेल चल रहा है। सूत्रों का आरोप है कि प्रति कुंतल लगभग 700 का बंटवारा मिल मालिक से लेकर ऊपर तक पहुंचता है ।इसमें ट्रांसपोर्टर की भी भूमिका अहम बताई जाती है मंडी मे धान की ट्रॉली भले नहीं दिखी पर दूर-दूर से कुछ किसान जरूर कागज लिए मंडी में दिखाई दिए ।

जब कागज लिए किसानों से संवाददाता द्वारा बातचीत कर जानकारी की गई तो किसानों ने बताया कि वह कागज जमा करने आए हैं। जो यह साबित करता है कि धान खरीद प्रक्रिया में जादूईआंकड़ों की बाजीगरी का खेल चल रहा है ।किसानों को मिलने वाला फायदा किसी तीसरे की जेब का वजन बढ़ा रहा है।

फिलहाल मामला जांच का विषय बना है यदि धान बेचने वाले किसानों की जमीनों के रकबे और कुल रकबे में से कितने रकबे में धान बोए गए थे और कितने में गन्ना बोया है कि करा ली जाए जांच तो एक बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा होना तय होगा और राजस्व विभाग के जिम्मेदारों से लेकर पुरी धान प्रक्रिया में लगे जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका होगी सबालो के घेरे मे और तय होगी जवाब देही।

# डीएम की सख्ती! गोला कॉरिडोर निर्माण धीमी रफ्तार पर, ठेकेदारों पर 5 करोड़ से अधिक जुर्माने की तैयारी

**● डीएम को समिति ने सौंपा रिपोर्ट कार्ड, अनुबंध की शर्तों के अनुसार ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई की सिफारिश**

**डीएम ने यूपीपीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर से तलब किया स्पष्टीकरण**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** गोला स्थित शिव मंदिर के पर्यटन विकास हेतु निर्माणाधीन कॉरिडोर कार्य की प्रगति धीमी होने पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल द्वारा गठित एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह की अगुवाई वाली चार सदस्यीय जॉच समिति ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण में कार्य की भौतिक प्रगति अत्यंत धीमी और श्रमिकों की संख्या कम पाई गई। कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के एपीएम निरीक्षण के समय मौके पर उपस्थित थे। गठित समिति ने उपलब्ध बार-चार्ट का विश्लेषण किया, जिसमें स्पष्ट हुआ कि अनुबंध के अनुसार कार्य की पूर्णता तिथि 15 मार्च 2026 है। इसके विपरीत, ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत वर्क प्रोग्राम में कार्य अगस्त 2026 तक पूरा करने का प्रस्ताव है, जो अनुबंध की शर्तों के अनुरूप नहीं है। उल्लेखनीय है कि श्रावण मास के दौरान गोलागोकर्णनाथ शिव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं कांवड़ियों का आगमन होता है। यदि कॉरिडोर निर्माण कार्य श्रावण मास से पूर्व पूर्ण नहीं होता है तो शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रतिकूल परिस्थितियां उत्पन्न होने की प्रबल संभावना है। उक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत गठित समिति द्वारा डीएम को प्रस्तुत आख्या के आधार पर संबंधित ठेकेदारों के विरुद्ध अनुबंध की शर्तों के अंतर्गत लिक्विडेटेड डैमेज अधिरोपित किए जाने की संस्तुति की है। श्रावण मास से पहले कॉरिडोर निर्माण कार्य न पूरा होने की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने ठेकेदारों पर लिक्विडेटेड डैमेज लगाने की तैयारी कर ली है। अनुबंध संख्या 109 में मेसर्स रीना सिंह के विरुद्ध 1.81 करोड़ रुपये, अनुबंध संख्या 110 में मेसर्स नारायन एसोसिएट्स के विरुद्ध 1.73 करोड़ रुपये तथा अनुबंध संख्या 111 में मेसर्स नारायन एसोसिएट्स के विरुद्ध 1.71 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने का प्रस्ताव है। समिति की प्राप्त रिपोर्ट पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कार्यदाई संस्था यूपी-पीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर से स्पष्टीकरण जवाब तलब किया है। अधिकारियों का कहना है कि यह कदम कार्य की समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है। इस गठित समिति में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड गोला, उप जिलाधिकारी गोला शामिल है।

### कैंचीधाम जाते समय स्कॉर्पियो गाड़ी खाई में जा गिरी सास बहू की दब कर हुई मौत



**बरेली/रिठौरा।** कैंची धाम यात्रा पर जा रहीं सास बहू की गुरुवार को हादसे में मौत हो गई थी इसकीसूचना मिलने पर परिवार में कोहाराम मंच गया इस घटना से लोग स्तंभ रह गए साथ ही ग्रामीणों का घर में ताता लग गया सभ्रांत नागरिकों ने उनके घर जाकर शोक जताया। शुक्रवार को जब एक साथ दो अर्थियां उठीं तो महिला-पुरूष सब भावुक होकर आंसू बहाने लगे। हर किसी के मुंह से यही निकला कि बहुत बुरा हुआ। भगवान इनको अपने श्री चरणों में लें। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। गांव एवं आसपास के संभ्रांत नागरिकों ने मृतकों के परिवार को सांत्वना देते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त की। शोक व्यक्त करने वालों में हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार फौजी, प्रदीप कुमार गुप्ता,हिमांशु पटेल,तरूण गुप्ता,समता सैनिक दल के पूर्व जिला प्रवक्ता एडवोकेट जसवीर सिंह राणा,शिक्षक उमेश पटेल,पूजा मिश्रा, सुनील पटेल,चावड़ गांव के पूर्व प्रधान राजपाल सिंह यादव, वेदप्रकाश पटेल पूर्व ग्राम प्रधान मुड़िया अहमदनगर , ग्राम प्रधान धर्मेंद्र पटेल, आनंद प्रकाश सागर, नत्थू लाल पटेल, मलखान सिंह यादव उमेंद्र पटेल, आदि मौजूद रहे।

## थाना अध्यक्ष के पहल से सकुशल बरामद हुआ बेटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** जहां चाह होती है वहां राह होती है। माधुरी की बात पर बात बात कहासुनी होना और आपकी संवाद ना होना कभी-कभी बड़ा बिछड़ने का कारण बन जाता है और सगे संबंध टूटकर तिनके की तरह बिखर जाते हैं। आपसी पति पत्नी के विवाद में मासूम बच्चों की मासूमियत कभी पिता के प्यार कभी मां की ममता को तरसती रहती है। पति-पत्नी के आपसी मन मुटाव में पांच साल का बच्चा फुटबाल बन गया कभी मां की ममता तो मिली। लेकिन बाप का प्यार पाने को तरसता रहा । मायके में अकेली रह रही मां पर जब आर्थिक बोझ बाड़ा तो अपने पांच साल के बेटे को रखने से इन्कार कर दिया।अपने जिगर के टुकड़े को पिता को सौंप दिया। पति पत्नी के आपसी विवाद में पांच साल का बेटा फुटबाल बनकर इस पाला से उस पाले में घूमता रहा 5 साल की मासूम जिंदगी को कभी मां की गोद मिली तो कभी पिता का प्यार नसीब हुआ। पति-पत्नी के आपसी विवाद में आखिर सिंगाही थाना अध्यक्ष ने पहल की और दोनों पति-पत्नी के आपसी विवाद को समझा बुझा कर आपसी संवाद से यानी बात चीत कराकर दोनों पति-पत्नी को मिला दिया। इस पार्लर से उसे पार्लर में घूम रहे 5 साल के मासूम को मां-बाप का प्यार नसीब हो गया। गुरु वार को जिला बहराइच के गांव मुर्तिहा थाना हरखापुर निवासी सर्वजीत कौर की शादी पांच पहले हर पाल सिंह निवासी मसुरहा थाना सिंगाही के साथ हुई थी उनके एक 5 साल का बेटा गुरुपेज सिंह भी था । पति पत्नी के आपसी कहासुनी के मनमुटाव के विवाद में दोनों अलग-अलग रहकर कोर्ट कचहर के चक्कर लगाने लगे 5 साल का मासूम गुरुपेज सिंह की मासुमियत तबाह होकर माता-पिता के प्यार और दुलार को एक साथ पाने के लिए तरसने लगी। 5 साल की नन्ही सी मासूम जिंदगी कभी मां के पास थी। अभी कुछ दिन पहले ही मां ने अपने बेटे को पिता हरपाल को दे दिया गुरुवार को सर्वजीत कौर सिंगाही थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर अपने गुरपेज को दिलाने की मांग की सिंगाही थाना अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने दोनों पति-पत्नी को बुलाकर समझाया और दोनों पति-पत्नी 5 साल के बेटे के भविष्य संवारने का वास्ता देकर साथ रहने की सलाह दी। जिस पर दोनों पति-पत्नी राजी हो गए।




# खमरिया थाना क्षेत्र में सक्रिय चोर गैंग

**● दो गांवों में 8 जगह चोरी जिम्मेदार बने निष्क्रिय, थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, संवेदनशील पुलिस अधीक्षक की साख पर लग रहा बट्टा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर, खीरी।** खमरिया थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर चोर गैंग बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहा है, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारी निष्क्रिय नजर आ रहे हैं। हालात ऐसे बनते जा रहे हैं कि जिले के संवेदनशील और अनुशासनप्रिय पुलिस अधीक्षक की साख पर भी असर पड़ता दिखाई दे रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार/गुरुवार की रात खमरिया थाना क्षेत्र के लखपेड़ा और फत्तेपुर गांवों में चोरों ने जमकर तांडव मचाया। चोरों ने एक ही रात में 6 घरों और 2 दुकानों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की नकदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। ग्राम पंचायत लखपेड़ा निवासी अनुज राजपूत पुत्र रामदुलारे के घर चोर पीछे की दीवार के सहारे छत पर चढ़े और सीढ़ी के रास्ते नीचे उतरकर कमरे में रखे बक्से तोड़ दिए। चोर दो छोटे बक्से उठा ले गए। पीड़ित के अनुसार बक्सों और रैक में रखे करीब 1 लाख 60 हजार रुपये नकद और लगभग 10 लाख रुपये कीमत के जेवरात चोरी कर लिए गए। गुरुवार सुबह घर के पीछे खेत में टूटे ताले वाले बक्से बरामद हुए, सामान बिखरा पड़ा मिला, वहीं बैग भी खाली मिले। इसी गांव में रामपाल पुत्र टीकाराम के घर से चोर मंगलसूत्र उठा ले गए। रामकिशोर पुत्र भारत के घर चोर कुंडी तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन आहट होने पर घर की महिला के जाग जाने से चोर भाग निकले। बनवारी पुत्र चूरामन के घर भी चोर घुसे, मगर गृहस्वामी के जाग जाने पर बिना कुछ लिए फरार हो गए। पड़ोसी गांव फत्तेपुर में चोरों ने श्यामू शुक्ला पुत्र पैकरमा और मुनुवा बाजपेई के खोखे काटकर उनमें रखा सामान और नगदी चोरी कर ली। इसके अलावा रामलखन अवस्थी के घर ताला तोड़कर घुसे चोरों के हाथ ज्यादा कुछ नहीं लगा। गृहस्वामी की नींद खुलने पर चोर ठंड से बचाव के लिए एक शॉल उठाकर फरार हो गए। रामलखन के भतीजे सुधीर अवस्थी के घर के भी ताले काटे गए। सुधीर लखनऊ में रहते हैं। उनके घर से गृहस्थी का सामान चोरी हुआ। सुधीर के अनुसार उनके घर में पहले भी कई बार चोरी हो चुकी है।



**पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल**

ग्रामीणों का आरोप है कि चोरी की सूचना देने के बावजूद पुलिस की प्रतिक्रिया बेहद सुस्त रही। न तो रात्रि गश्त बढ़ाई गई और न ही संदिग्धों पर कोई सख्त नजर रखी जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई होती तो चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता था। जिले के पुलिस अधीक्षक को आमतौर पर एक संवेदनशील और सक्रिय अधिकारी के रूप में जाना जाता है, लेकिन खमरिया थाना क्षेत्र में लगातार बिगड़ती कानून-व्यवस्था उनकी साख पर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि थाना स्तर की लापरवाही पर तुरंत अंकुश नहीं लगाया गया, तो जनता का पुलिस से भरोसा उठता चला जाएगा। अब देखना यह है कि उच्चाधिकारी खमरिया थाना क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को कितनी गंभीरता से लेते हैं और जिम्मेदारों पर कब कार्रवाई होती है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि जल्द ही पुलिस सख्त कदम उठाकर सक्रिय चोर गैंग पर लगाम लगाएगी।

### फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने भेजा जेल




**सिंगाही खीरी।** सिंगाही थाना पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सिंगाही थाना प्रभारी मनीष कुमार के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किया गया। वारण्टी अभियुक्त शाहिद अली पुत्र साबिर अली नि0 ग्राम बेनीपुरवा थाना सिंगाही जनपद खीरी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। जो काफी समय से वारंट के बावजूद फरार चल रहा था। शुक्रवार को उपनिरीक्षक केसी तिवारी ने अपनी टीम के साथ उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में कांस्टेबल पोपिल बंसला और कांस्टेबल कुलदीप यादव शामिल रहे।

## विधुत लाइन से बच्चों की जान को प्रतिदिन खतरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जनपद लखीमपुर खीरी।** के पसगवां ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय वरनैया मे 11000 हजार वोल्ट की विधुत लाइन और ट्रांसफार्मर का स्कूल प्रांगण के अंदर संचालित होना बच्चों के लिए गंभीर खतरा है, खासकर बरसात में जब करंट फैलने की आशंका ओर भी बढ़ जाती है। कई ज़िलों में ऐसे मामलों को अत्यंत संवेदनशील मानकर उच्च अधिकारियों ने खुद संज्ञान लिया था और बिजली विभाग को लाइनों व ट्रांसफार्मर हटाने के निर्देश भी दिए थे। क्या या जोखिम नहीं है बरसात के समय जमीन में नमी के कारण यदि कहीं लीकेज या फॉल्ट हो जाए तो करंट स्कूल प्रांगण में फैल सकता है, जिससे बच्चों और स्टाफ की जान को सीधा खतरा रहता हो सकता। देश के कई जिलों में हाईटेंशन लाइन और ट्रांसफार्मर वाले विद्यालयों को 'हाई रिस्क' की श्रेणी में रखते हुए उन्हें चिह्नित किया गया है और हटाने की प्रक्रिया भी शुरू कराई गई थी। लेकिन उचौलिया थाना क्षेत्र के बरनैया मे स्कूल के प्रांगण मे विधुत लाइन संचालित है जिम्मेदार अधिकारी कौन हैं संबंधित विद्युत वितरण खंड के जूनियर/अवर अभियंता (JE) और एसडीओ (उप खंड अधिकारी) पहली ज़िम्मेदारी बनती है ओर अधिकारी होते हुये भी समस्या का समाधान नहीं किया गया । वैसे बेसिक शिक्षा अधिकारी (BSA) और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पसगवां (BEO) भी ऐसे मामलों में संज्ञान न लेकर किसी बडी घटना के इंतजार में है बिजली विभाग तो मूकदर्शक साबित होता हुआ दिख रहा। पहले दिए गए सभी लिखित प्रार्थना पत्रों की कॉपी इकट्ठा कर एक संक्षिप्त शिकायत बनाकर ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री को भेजी जायेगी एक शिकायत की कापी ऊर्जा मंत्री व बिजली विभाग के जिम्मेदार और जिलाधिकारी (DM) को संयुक्त रूप से लिखित शिकायत पुनः दें। शिकायत की जायेगी । कि बरनैया प्राथमिक विद्यालय, पसगवां ब्लॉक के प्रांगण में 11000 वोल्ट लाइन व ट्रांसफार्मर से बच्चों की जान को प्रतिदिन खतरा है और बारिश में कई बार करंट उतरने की घटना हो चुकी है, इसलिए तत्काल लाइन डायवर्जन/ट्रांसफार्मर स्थानांतरण कराया जाए। प्रधानाध्यापक द्वारा कई बार स्कूल की समस्या के सम्बंध में सम्बन्धित अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया गया पर बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने संज्ञान नहीं लिया किसी बडी घटना के इंतजार मे है।

## मिशनरी प्राइवेट स्कूल की मनमानी,बच्चों और अभिभावकों को सरे आम किया बदनाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मैलानी-खीरी।** मैलानी नगर में स्थित डॉन बास्को स्कूल में फीस के लिए बच्चों को किया प्रताड़ित।अभिभावकों में आक्रोश। बताते चलें कि मैलानी नगर में लड़ती मार्ग पर स्थित डॉन बास्को स्कूल में कई अभिवावक अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए भेजते हैं,पर मिशनरी स्कूल अपनी मनमानी करते हैं। किताबें, मोजे, जूते और तो और सब कुछ उनकी इच्छा पर निर्भर है।लेना वही है जो वो लोग कहें।फीस के अलावा और भी चार्ज किसी न किसी नाम से वसूल रहे हैं।गार्जेन जैसे तैसे सब लेकर अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए देता है।किसी कारण वश अगर फीस जमा करने में सक्षम नहीं हो पाता है तो आगे भर देते हैं।लेकिन इस तरह की हरकत कोई स्कूल नहीं करता।मैलानी में बहुत से स्कूल हैं और फीस भी बकाया है,पर न बच्चों और अभिभावकों को को इस तरह अपमान सहन नहीं करने देते।स्कूल के प्रधानाध्यापक या फादर से बात करनी चाही तो कोई उत्तर न दे कर नंबर ही ब्लॉक कर दिया।यह तो लगता है कि कहीं न कहीं स्कूल प्रबंधन की गलती है जो जवाब नहीं देना चाहता।अब आगे क्या होता है ये तो बाद में ही पता चलेगा?फिलहाल सबका कहना है कि इस तरह नहीं करना चाहिए।लोग तो जिला अधिकारी को ज्ञापन देने की बात भी कर रहे हैं।फिलहाल लोगों का कहना कि ये मानसिक,धार्मिक और मानवाधिकारों का हनन है।



## संक्षिप्त खबरें

### चुनार की छात्रा जिज्ञासा का चिकित्सक बनने का सपना हुआ साकार



**चुनार, मीरजापुर।** नगर के लाल दरवाजा मोहल्ला निवासी बृजेश कुमार की पुत्री जिज्ञासा ने नीट 2025 के परीक्षा मे सफलता हासिल कर अपने माता पिता सहित नगर का नाम रोशन किया है। जिज्ञासा को राजकीय मेडिकल कॉलेज कुशीनगर, उत्तर प्रदेश में एमबीबीएस पाठ्यक्रम मे दाखिला मिला है। गौरतलब है कि इस बार की नीट प्रवेश परीक्षा विगत कई वर्षो की तुलना मे कठिन था।जिज्ञासा वर्तमान मे एम्स रायबरेली मे बी.एस.सी. नर्सिंग (आनर्स) मे अध्ययनरत है। जिज्ञासा की पढाई- लिखाई हरिद्वार मे हुई जहॉ पर उनके पिता भारत हेवी इलेक्ट्रिक्ल्स लिमिटेड (भेल) मे वरि0 अभियंता के पद पर सेवारत है। जिज्ञासा बचपन से ही चिकित्सा क्षेत्र मे करियर बनाने की इच्छा रखती थी।जिज्ञासा ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत,लगन और परिवार एवं शिक्षक जनों के निरंतर सहयोग को दिया है। जिज्ञासा के दादा नगर के प्रतिष्ठित एवं समाजसेवी मुन्नन प्रसाद ने बताया कि जिज्ञासा पूरे अनुशासन और दृढ निश्चय के साथ कुशल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करना चाहती है। जिज्ञासा की सफलता पर वार्ड सभासद गौतम जायसवाल,अमित सोनकर इत्यादि ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### सुशासन सप्ताह के तहत 99 ग्राम पंचायतों में लगे ग्राम चौपाल




**भदोही।** सुशासन सप्ताह 2025 के अंतर्गत 'प्रशासन गाँव की ओर' अभियान के तहत जनपद के सभी विकास खंडों की 99 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इन चौपालों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन को मजबूत करना और जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा। मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने विकासखंड ज्ञानपुर के ग्राम पंचायत पाली में आयोजित ग्राम चौपाल में फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम चौपाल शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। ग्राम चौपालों में आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, आवास, पेंशन, मनरेगा, कृषि, स्वास्थ्य, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई और कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन लाने के उद्देश्य से 'प्रशासन गाँव की ओर' अभियान शुरू किया गया है, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

### 167 स्थलों पर अलाव, 7 रैन बसेरों से ठंड में राहत




**भदोही।** जनपद भदोही में शीतलहर और कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशन में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 167 चिन्हित स्थलों पर अलाव जलवाए जा रहे हैं, ताकि राहगीरों, मजदूरों और निराश्रित लोगों को ठंड से राहत मिल सके। सभी अलाव स्थलों की जियो टैगिंग कर जानकारी आपदा प्रहरी मोबाइल ऐप पर अपलोड की जा रही है। इसके साथ ही जनपद में कुल 7 रैन बसेरों का संचालन किया जा रहा है, जिनकी क्षमता 128 लोगों के ठहरने की है। इन रैन बसेरों में कंबल, रजाई, गद्दा, पेयजल, शौचालय और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। भदोही रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न नगर निकायों में रैन बसेरे संचालित हैं। शीतलहर से बचाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा निराश्रित एवं कमजोर वर्ग के लोगों के बीच 3138 कंबलों के वितरण की भी व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ठंड के मौसम में कोई भी असहाय व्यक्ति खुले में न रहे, इसके लिए सभी आवश्यक कदम लगातार उठाए जा रहे हैं।

# ग्राम चौपाल का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीखड़, मीरजापुर।** शुक्रवार को सरकार द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देश के अनुसार माह के प्रत्येक शुक्रवार को विकास खण्ड के 2 ग्राम पंचायतों मे जन चौपाल का आयोजन कर जन समस्या सुनने के क्रम मे विकास खण्ड के ग्राम पंचायत लालपुर एवं अदलपुरा में जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव सिंह, जिला उद्यान अधिकारी, एवं खण्ड विकास अधिकारी श्री राम जी मिश्रा , जेई उमाशंकर सिंह ,एडीओ एजी रोहित सिंह, की अध्यक्षता व बाल विकास परियोजना अधिकारी नीलू मिश्रा ,मुख्य सेविका धनदेई देवी ग्राम प्रधान अजय कुमार यादव, कृष्णावती की उपस्थिति में ग्राम चौपाल मे आये विभागीय अधिकारियों , कर्मचारियों द्वारा अपने अपने विभाग से संचालित योजनाओ की जानकारी ग्रामीणों को दी गई तथा उनसे योजनाओं का लाभ लेने का अनुरोध किया गया। तथा अध्यक्षो द्वारा चौपाल मे आये ग्रामीणों के समक्ष ग्राम पंचायत द्वारा कराये गये कार्यो को पढ़ कर सुनाया गया।तथा दोनों ग्राम पंचायतों में आए कुल 5 शिकायत पत्रो जिसमें वृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशन आयुष्मान काड आदि को सुनकर मौके पर निस्तारण किया गया ।

वहीं जिला सेवा योजन अधिकारी ने पीएम सूर्य घर सोलर पैनल से लेकर सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के बारे विन्दुवार जानकारी दी और जिन योजनाओं के लिए जो लोग पात्रता श्रेणी में आने वाले थे उन लोगों को लाभ दिलाने के लिए ग्राम सचिव को दिशा निर्देश दिए। ग्राम चौपाल कार्यक्रम मे ग्राम सचिव उमेश यादव, अर्चना सिंह, शिवसेवक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री स्नेहलता पांडेय, सुमन सिंह,सुषमा सिंह सहित कृषि विभाग स्वास्थ विभाग की एनम महिमा सिंह तथा अन्य विभागों के कर्मचारी तथा सैकड़ों की संख्या में दोनों ग्राम पंचायतों की जनता उपस्थित रही।

## पशु क्रूरता में लिप्त अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के कुशल निर्देशन में एंव अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन मनीष कुमार मिश्र व क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह के नेतृत्व में अपराध की रोकथाम एव अपराधियों की धर पकड़ व गोवध एवं पशुओं के प्रति क्रूरता के विरुद्ध चलाये जा रहे दैनिक अभियान के क्रम में शुक्रवार को मुखबिर के सूचना पर उ0नि0 अखिलेश कुमार यादव हेड कांस्टेबल सन्तोष कुमार हेड कांस्टेबल धनराज यादव कांस्टेबल राजकुमार पुलिस टीम द्वारा आजम कुरैशी पुत्र स्व अम्मामुल्ला निवासी मोची टोला वार्ड नं0 25 (कसाई टोला) थाना चुनार, जनपद मीरजापुर को अपने हांता में एक चापड डेढ़ कुंतल भैस पड़वा का मांस एक लकड़ी का गुटका के सुबह 5.15 मिनट पर पकड़ा गया है।उक्त अभियुक्त के खिलाफ पशुक्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय को भेज दिया गया।

## शीतलहर व कोहरे को लेकर जिलाधिकारी की अपील, सतर्कता से करें यात्रा

**भदोही।** जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि वर्तमान में जारी शीतलहर, ठंड और घने कोहरे को ध्यान में रखते हुए ही यात्रा करें। उन्होंने कहा कि कोहरे के दौरान थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने लोगों से आग्रह किया है कि यात्रा से पूर्व मौसम की अद्यतन जानकारी अवश्य लें, वाहन धीमी गति से चलाएं तथा हेडलाइट और फॉग लाइट का सही उपयोग करें। साथ ही अनावश्यक यात्रा से बचें और सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पूरी तरह पालन करें।

## सुशासन सप्ताह 2025 का शुभारंभ, 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान से तेज होगा जनशिकायत निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** लोक शिकायतों के त्वरित निवारण और सेवा वितरण प्रणाली को मजबूत करने के उद्देश्य से राष्ट्रव्यापी अभियान सुशासन सप्ताह-'प्रशासन गांव की ओर' का जनपद भदोही में शुभारंभ हुआ। जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल ने कलेक्ट्रेट एनआईसी सभागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय कार्यक्रम से जुड़कर अभियान की शुरुआत की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई जाती है और यह अभियान प्रशासन को गांव-गांव तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है।

जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत जनपद में ग्राम चौपाल, विशेष शिविर और जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कर पात्र एवं कमजोर वर्गों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। वहीं आईजीआरएस, पीजी पोर्टल, सम्पूर्ण समाधान दिवस और थाना दिवस से जुड़ी शिकायतों का विशेष अभियान चलाकर निस्तारण किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल ने बताया कि 19 से 25 दिसंबर तक सभी विभाग मांग आधारित पात्र प्रकरणों का समाधान करेंगे। इसमें आवास, पेंशन, जाति, आय, निवास, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य सेवाओं का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है।

## अनुशासन और फिटनेस पर दिया जोर, एसपी ने ली शुक्रवार परेड की सलामी

### ● पुलिस लाइन की व्यवस्थाओं व निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। परेड में पुलिस लाइन एवं विभिन्न कार्यालयों में तैनात कर्मियों के साथ-साथ नवचयनित रिक्रूट पुलिसकर्मी शामिल हुए। इस दौरान शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के उद्देश्य से दौड़ लगवाई गई तथा अनुशासन और एकरूपता के लिए कराई जा रही टोलीवार ड्रिल को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।

एसपी ने प्रशिक्षण हेतु आए नवचयनित आरक्षियों की पीटी एवं परेड का निरीक्षण कर उन्हें अनुशासन व नियमों का पालन करने के लिए ब्रीफ किया। परेड के उपरांत ट्रेनिंग उस्ताद को निर्देशित किया गया कि प्रशिक्षणार्थियों को सभी आवश्यक बिंदुओं से भली-भांति अवगत कराया जाए। साथ ही परेड में शामिल डायल-112 पीआरवी वाहनों व उपकरणों की जांच कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। परेड के बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर में निर्माणाधीन भवनों, आवासों एवं कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साप्ताहिक अर्दली रूम के दौरान विभिन्न रजिस्टरों की जांच कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

## घर से कोटार मेला के लिए निकली युवती को दो युवकों पर भगाने का आरोप




**हलिया, मीरजापुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के पिता ने शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर गांव के दो युवकों को युवती को भगाने का आरोप लगाया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है दी गई तहरीर में बताया है की 18 दिसम्बर की दोपहर 2 बजे बेटी घर से मेला के बहाने निकली व फरार हो गई पूरी रात्रि खोजने पर पता नहीं चला तो कार्रवाई के लिए सूचना दिया है बेटी को एक युवक मोबाइल दिया था जिससे युवक द्वारा बात करता था मुझे विश्वास है युवक अपने साथी के साथ मिलकर कही लेकर चले गए पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

### सुशासन सप्ताह 2025 का शुभारंभ, 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान से तेज होगा जनशिकायत निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** लोक शिकायतों के त्वरित निवारण और सेवा वितरण प्रणाली को मजबूत करने के उद्देश्य से राष्ट्रव्यापी अभियान सुशासन सप्ताह-'प्रशासन गांव की ओर' का जनपद भदोही में शुभारंभ हुआ। जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल ने कलेक्ट्रेट एनआईसी सभागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय कार्यक्रम से जुड़कर अभियान की शुरुआत की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई जाती है और यह अभियान प्रशासन को गांव-गांव तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है।

जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत जनपद में ग्राम चौपाल, विशेष शिविर और जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कर पात्र एवं कमजोर वर्गों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। वहीं आईजीआरएस, पीजी पोर्टल, सम्पूर्ण समाधान दिवस और थाना दिवस से जुड़ी शिकायतों का विशेष अभियान चलाकर निस्तारण किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल ने बताया कि 19 से 25 दिसंबर तक सभी विभाग मांग आधारित पात्र प्रकरणों का समाधान करेंगे। इसमें आवास, पेंशन, जाति, आय, निवास, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य सेवाओं का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है।

## रोल ऑफ बैंक इन वूमेन एंपावरमेंट ऑफ इंडिया विषय पर ऑनलाइन संगोष्ठी आयोजित

**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में शुक्रवार को मिशन शक्ति फेज 5, अर्थशास्त्र विभाग एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 'रोल ऑफ बैंक इन वूमेन एंपावरमेंट ऑफ इंडिया' विषयक ऑनलाइन संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें काशी हिंदू विश्वविद्यालय के विधि संकाय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अंजली अग्रवाल मुख्य वक्ता रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में महिलाओं के सशक्तिकरण में बैंकों की भूमिकाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही बैंकों से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं उनके महत्व के विषय में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ माधवी शुक्ला ने की।उन्होंने छात्र छात्राओं को प्रेरित करते हुए आत्मनिर्भर बनने को कहा एवं बैंकिंग क्षेत्र में विभिन्न अवसरों के विषय में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ शिखा तिवारी, स्वागत भाषण डॉ मंजुला शुक्ला, विषय प्रवर्तन डॉ शेफालिका राय एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ चंदन द्विवेदी ने किया। इस दौरान 69 छात्राएं एवं 29 छात्र उपस्थिति रहें। इस अवसर पर डॉ दीप नारायण,डॉ रीता मिश्रा, डॉ अमित कुमार,डॉ विद्या सिंह, धर्मचंद्र, जयप्रकाश सहित समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## दो अध्यक्ष पद सहित 27 ने किया नामांकन



### ● नवयुवक अधिवक्ता समिति 2026 का 6जनवरी को होना है चुनाव

### अध्यक्ष पद पर शिवशंकर सिंह व शीतला प्रसाद यादव ने किया नामांकन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** नवयुवक अधिवक्ता समिति के विभिन्न पदों के लिए आठ पदों हेतु पहले दिन शुक्रवार को दो अध्यक्ष पद सहित कुल 27 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। जिसमें अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता शिवशंकर सिंह व शीतला प्रसाद यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के तीन, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के दो, महामंत्री पद के तीन, संयुक्त मंत्री पद के चार, कोषाध्यक्ष पद के दो, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद के आठ, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए तीन उम्मीदवारों सहित कुल 27 अधिवक्ताओं ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

ईल्डर्स समिति के अध्यक्ष सत्येंद्रनाथ द्विवेदी ने बताया कि शुक्रवार को दो अध्यक्ष पद सहित कुल 27 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान श्याम मुरारी सिंह, कल्लू सिंह, नंदकिशोर सिंह, अखिलेश सिंह, महामंत्री अजय पांडेय, पूर्व महामंत्री राहुल सिंह, महेंद्र सिंह, गुरुदास आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## बाजपेई जी सुशासन एवं राष्ट्रीय चेतना के अग्रदूत थे- प्रोफेसर माधवी शुक्ला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) माधवी शुक्ला ने मां सरस्वती जी एवं श्री अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि वाजपेयी जी ने भारत में सुशासन, राष्ट्रीय चेतना और लोकतांत्रिक मर्यादाओं को एक नई दिशा दी। इस अवसर पर भाषण एवं एकल काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंजली जायसवाल, द्वितीय स्थान शाश्वत वैभव मिश्रा एवं तृतीय स्थान नरेंद्र कुमार मौर्य ने प्राप्त किया। इसी प्रकार एकल काव्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जागृति विश्वकर्मा, द्वितीय स्थान वर्तिका उपाध्याय एवं तृतीय स्थान काजल रॉय ने प्राप्त किया। डॉ सत्येंद्र कुमार, डॉ नलिनी सिंह एवं डॉ रीता मिश्रा ने निर्णायक की भूमिका निभायी। इस अवसर पर वाजपेयी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी छात्र-छात्राओं को दिखाई गई।आई.क्यू.ए. सी. प्रभारी डॉ चन्दन साहू ने कार्यक्रम का संयोजन किया,उन्होंने कहा कि वाजपेयी जी एक कुशल राजनीतिज्ञ के साथ-साथ सहृदय कवि भी थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ दीप नारायण एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ अदिती सिंह ने किया। कार्यक्रम में डॉ अवधेश सिंह यादव, डॉ अरविन्द कुमार,डॉ शिव कुमार, रामकेश सोनकर, धर्म चंद्र, जय प्रकाश सहित समस्त प्राध्यापक, कर्मचारीगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। साथ ही महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेज 5, अर्थशास्त्र विभाग एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'रोल ऑफ बैंक इन वूमेन एंपावरमेंट ऑफ इंडिया' विषयक ऑनलाइन संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें काशी हिंदू विश्वविद्यालय के विधि संकाय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अंजली




अग्रवाल मुख्य वक्ता रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में महिलाओं के सशक्तिकरण में बैंकों की भूमिकाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही बैंकों से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं उनके महत्व के विषय में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 डॉ माधवी शुक्ला ने की। उन्होंने छात्र छात्राओं को प्रेरित करते हुए आत्मनिर्भर बनने को कहा एवं बैंकिंग क्षेत्र में विभिन्न अवसरों के विषय में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ शिखा तिवारी, स्वागत भाषण डॉ मंजुला शुक्ला, विषय प्रवर्तन डॉ शेफालिका राय एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ चंदन द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर 69 छात्राएं एवं 29 छात्र उपस्थिति रहें।

## सरकारी नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### ● 30 लाख से अधिक की धोखाधड़ी का खुलासा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही।** सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को भदोही पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला इंडियन आर्मी में भर्ती कराने के नाम पर युवकों से 30 लाख 74 हजार रुपये हड़पने से जुड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना ऊंज क्षेत्र निवासी प्रशांत यादव सहित उनके साथियों से वाराणसी जनपद के दो आरोपियों ने सेना में नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाकर बड़ी रकम वसूल ली। आरोपियों ने खुद को सेना के अधिकारियों से जुड़ा बताते हुए युवकों को दिल्ली तक ले जाकर झांसा दिया, लेकिन न तो किसी को नौकरी मिली और न ही रकम वापस की गई।

पीड़ित की तहरीर पर थाना ऊंज में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर की गई कार्रवाई में थाना गोपीगंज पुलिस टीम ने अभिषेक कुमार पटेल उर्फ अखिलेश पटेल, निवासी फूलपुर, वाराणसी को उसके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त जांच में सहयोग नहीं कर रहा था और फरार होने की आशंका थी। मामले में दूसरा आरोपी अशोक पाठक निवासी सिधौरा, वाराणसी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सरकारी नौकरी के नाम पर किसी भी व्यक्ति को धन न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## श्री ऑटो एजेंसी ने शक्ति ढाबा को हराया

**भदोही।** भदोही प्रीमियर लीग (बीपीएल) सीजन-4 के तहत शुक्रवार को शक्ति ढाबा और श्री ऑटो एजेंसी के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। मैच की मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री श्रीमती आरती सिंह रहीं। टॉस जीतकर शक्ति ढाबा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 126 रन बनाए। टीम की ओर से सचिन मिश्रा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 34 गेंदों में 41 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में श्री ऑटो एजेंसी की तरफ से परमेश्वर दुबे और एवीएन सुमित ने दो-दो विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्री ऑटो एजेंसी की टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 12.3 ओवर में ही मुकाबला अपने नाम कर लिया। आदर्श कुमार ने 28 गेंदों में 29 रन, जबकि अजित ने 30 गेंदों में 34 रन की उपयोगी पारी खेली। शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए परमेश्वर दुबे को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें यह पुरस्कार आभार मार्ट की ओर से ऋषभ मालवीय ने प्रदान किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में आयोजक अतुल तिवारी व शिवम शुक्ला तथा स्कोरर दिनेश जायसवाल की अहम भूमिका रही।

## कड़कड़ाती ठंड में डीएम व एडीएम ने रैन बसेरों व अलाव व्यवस्था का लिया जायज़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही।** बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) कुंवर वीरेंद्र मौर्य ने गुरुवार की देर रात जनपद के विभिन्न नगरीय निकायों में रैन बसेरा एवं अलाव व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य बेसहारा, निराश्रित एवं राहगीरों को ठंड से बचाव हेतु उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करना रहा। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत ज्ञानपुर के दुर्गागंज त्रिमुहानी व हरिहर नाथ मंदिर परिसर में जल रहे सार्वजनिक अलावों पर डीएम और एडीएम आमजन के बीच पहुंचे। उन्होंने अलाव ताप रहे लोगों से आत्मीय संवाद कर उनकी कुशल-क्षेम जानी और व्यवस्थाओं पर फीडबैक लिया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि अलाव नियमित रूप से जलते रहें तथा लकड़ी की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। नगर पंचायत ज्ञानपुर स्थित रैन बसेरा में ठहरे यात्रियों से जिलाधिकारी ने हाल-चाल जाना और भोजन, बिस्तर, कंबल सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। यात्रियों ने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इसके बाद नगर पालिका परिषद गोपीगंज के वार्ड संख्या-5 स्थित स्थायी रैन बसेरा का निरीक्षण कर पुरुष एवं महिला हॉल, बिस्तर, कंबल, पेयजल और शौचालय की व्यवस्था का जायज़ा लिया गया। निरीक्षण के दौरान गोपीगंज पिलर संख्या-25 के पास बैठी एक बेसहारा महिला पर जिलाधिकारी की नजर पड़ी। उन्होंने तुरंत वाहन रुकवाकर महिला से हालचाल पूछा– 'अम्मा ठीक हैं, खाना-पीना खाया है?' महिला की अस्वस्थता को देखते हुए उसे गोपीगंज रैन बसेरा भिजवाने और भोजन की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में पिलर संख्या-26 के पास लेटे एक अन्य व्यक्ति को भी रैन बसेरा पहुंचाया गया। जिलाधिकारी के इस मानवीय पहल की आमजन ने सराहना की।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने स्पष्ट कहा कि जनपद में कोई भी बेसहारा व्यक्ति खुले में न सोए। सभी नगरीय निकायों में रैन बसेरों की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था निर्बाध रूप से जारी रहे और ठंड से बचाव के सभी इंतजाम समय से सुनिश्चित किए जाएं। निरीक्षण में उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर भान सिंह, अधिशासी अधिकारी गोपीगंज आर.बी. यादव, जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## निःशुल्क स्वास्थ की जांच का आयोजन



**नैनी,प्रयागराज।** शुक्रवार को शिवनगर नंदन के समीप निःशुल्क जांच का आयोजन किया गया। जिसमें बीपी के मरीजों का निःशुल्क जांच परामर्श सुमित्रा देवी ग्रामीण सेवा संस्थान के तत्वाधान में प्रधान कार्यालय पर संजय श्रीवास्तव के द्वारा निशुल्क बीपी के मरीजों की जांच की गई। जिसमें दर्जनों गरीब असहाय लोगों का जांच निःशुल्क किया गया। संजय श्रीवास्तव ने बताया प्रतिदिन सुबह 8 से लेकर 9:00 तक निःशुल्क बीपी की जांच की जाती है।इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव, सामाजिक कार्यकर्ता समाज सेवक शाहनवाज खान, आनंद जायसवाल, बाबूजी यादव, छोटू यादव, बृजेश नारायण, दिलीप कुमार मिश्रा, बाबूजी शुक्ला, विकास मिश्रा, आदि रहे।

## उत्तर मध्य रेलवे की रेलगाँव कॉलोनी सूबेदारगंज में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



**ब्यूरो प्रयागराज।** मासिक पौधारोपण के तहत आज दिनांक 19.12.2025 को उत्तर मध्य रेलवे के रेलगाँव कॉलोनी सुबेदारगंज में पौधारोपण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत रेलगाँव कॉलोनी सूबेदारगंज उत्तर मध्य रेलवे में मियांवाकी पौधारोपण स्थल पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधारोपण का उद्देश्य प्रकृति को हरा-भरा करना, वायु (AQI) को शुद्ध करना, एवं वातावरण में ऑक्सीजन का प्रवाह बढ़ाना है। वृक्ष हमारी भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। इस पौधारोपण कार्यक्रम में विभिन्न किस्म के लगभग 100 फलदार पौधो को लगाया गया जिनमे प्रमुखतः कटहल, आवला, अमरूद, जामुन इत्यादि सम्मिलित थे। ज्ञात हो कि, मियांवाकी पौधारोपण स्थल पर ड्रिप इरीगेशन की सुविधा मौजूद है, जिसमे पौधो की निरंतर सिचाई स्वतः होती रहती है। इस पौधारोपण कार्यक्रम में श्री शिव कुमार, मुख्य पर्यावरण प्रबन्धक के साथ अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण शामिल हुए एवं सभी के द्वारा पौधारोपण किया गया। इस दौरान पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मुख्य पर्यावरण प्रबन्धक/उत्तर मध्य रेलवे ने अपने आसपास और अधिक वृक्षो को लगाने एवं उनकी देखभाल करने, अपने कार्यस्थल, अपने घर एवं अपने आसपास के स्थान को स्व'छ एवं साफ सुथरा करने और स्व'छता बनाए रखने का निवेदन किया। उपरोक्त कार्यक्रम मुख्य पर्यावरण प्रबन्धक के मार्गदर्शन में विभिन्न पर्यवेक्षकों एवं हॉर्टिकल्चर कर्मियों एवं सफाई कर्मियों द्वारा सम्पन्न किया गया ।

## थाना फाफामऊ पुलिस टीम द्वारा गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार



**ब्यूरो प्रयागराज।** थाना फाफामऊ पर पंजीकृत मु0अ0सं0-348/25 धारा-2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त कुशल उर्फ साधू पुत्र कुन्दन हरिजन निवासी ग्राम मोरहूँ थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना फाफामऊ पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-19.12.2025 को थाना फाफामऊ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मोरहूँ के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त कुशल उर्फ साधू उपरोक्त आपराधिक संगठित गैंग का सक्रिय सदस्य है, जिसका गैंग लीडर सुनील कुमार पुत्र राधेश्याम हरिजन निवासी ग्राम रंगपुरा थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज है । गिरफ्तार अभियुक्त अपने आर्थिक एवं भौतिक लाभ हेतु भारतीय दण्ड विधान के अध्याय-16,17 व 22 में वर्णित अपराध करने का अभ्यस्त अपराधी है। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपने गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर अपने आर्थिक, भौतिक एवं बुनियादी लाभ, स्वयं व परिवार के ऐशो आराम के लिये लूटपाट करने जैसे आपराधिक कृत्य किया जाता है । थाना फाफामऊ पर उपरोक्त अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0-348/2025 धारा-2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम पंजीकृत है।

# महिला वकील के कथित उत्पीड़न मामले में नोटिस जारी; अदालत ने कहा- सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** नोएडा के एक पुलिस थाने में महिला वकील से कथित हिरासत में यौन उत्पीड़न और अवैध नजरबंदी के गंभीर आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एन. वी. अंजारिया की पीठ ने गौतम बुद्ध नगर के पुलिस आयुक्त को स्पष्ट निर्देश दिया है कि संबंधित अवधि की सीसीटीवी फुटेज को न तो हटाया जाए और न ही नष्ट किया जाए। अदालत ने आदेश दिया कि फुटेज को सीलबंद कवर में सुरक्षित रखा जाए। हालांकि अदालत ने शुरुआत में याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने की सलाह दी थी, लेकिन आरोपों की गंभीरता और सीसीटीवी से जुड़े मुद्दे को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई का फैसला किया। मामले की अगली सुनवाई 7 जनवरी को होगी। सुनवाई के दौरान महिला वकील की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया गया। इस पर पीठ ने कहा कि अदालत के आदेश के बाद अब कोई उन्हें छूने की हिम्मत नहीं करेगा। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने इसे 'बेहद गंभीर और शर्मनाक' मामला बताया। उन्होंने कहा कि यदि दिल्ली से सटे नोएडा में इस तरह की घटना हो सकती है, तो देश के अन्य हिस्सों की स्थिति की कल्पना करना मुश्किल नहीं है। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि इस मामले में संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए जाएं और निष्पक्ष जांच के लिए मामले को विशेष जांच दल (एसआईटी) या सीबीआई को सौंपा जाए। महिला वकील ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि 3 दिसंबर की रात, जब वह अपने मुवक्किल की ओर से कानूनी जिम्मेदारी निभा रही थीं, तब नोएडा के सेक्टर-126 थाने में उन्हें करीब 14 घंटे तक अवैध रूप से हिरासत में रखा गया। इस दौरान उनके साथ यौन उत्पीड़न, शारीरिक हिंसा और मानसिक दबाव डाला गया। याचिका में दावा किया गया है कि घटना के समय पुलिस स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे जानबूझकर बंद कर दिए गए या हटा दिए गए, जो सुप्रीम कोर्ट के पूर्व आदेशों का सीधा उल्लंघन है। साथ ही आरोप लगाया गया कि पुलिस अधिकारियों ने एफआईआर दर्ज करने से इनकार किया और पीड़िता को धमकियां दी गई।

# अदालत ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर हलफनामा दाखिल नहीं किया गया तो एसएसपी को स्वयं अदालत में उपस्थित होना होगा




## ● बांग्लादेश हिंसाः मीडिया दफ्तर जलाए गए, भीड़ ने हिन्दू युवक की हत्या की।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** बांग्लादेश में जुलाई विद्रोह के प्रमुख नेता और इन्कलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद देश भर में व्यापक अशांति फैल गई है। हादी की सिंगापुर में इलाज के दौरान मौत की खबर फैलते ही ढाका सहित कई शहरों में प्रदर्शनकारियों ने हिंसा शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों ने प्रमुख अखबारों प्रथम आलो और डेली स्टार के दफ्तरों में तोड़फोड़ की और आग लगा दी। भारतीय दूतावास पर पथराव की भी खबरें हैं। एक हिन्दू को भीड़ ने जिन्दा मार डाला। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने इस घटना की निन्दा की और कहा कि इसे कभी स्वीकार नहीं किया जाएगा। हादी पर 12 दिसंबर को ढाका में मस्जिद से निकलते समय नकाबपोश हमलावरों ने गोली चलाई थी। उन्हें गंभीर चोटें आई और सिंगापुर ले जाया गया, जहां गुरुवार को उनकी मौत हो गई। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने हादी की मौत को 'राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति' बताया और हत्यारों को न्याय के कटघरे में लाने का वादा किया। उन्होंने शांति बनाए रखने की अपील की और 20 दिसंबर को राष्ट्रीय शोक दिवस घोषित किया।बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार ने शुक्रवार को ढाका में हिंदू व्यक्ति की पिटाई और हत्या की कड़ी निंदा की। अंतरिम सरकार ने जोर देकर कहा कि 'नए बांग्लादेश में ऐसी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है' और कसम खाई कि इस अपराध में शामिल किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। पीड़ित दीपू चंद्र दास भालुका उपज़िला के दुबालिया पारा इलाके में किराए पर रहने वाला एक युवा कपड़ा कारखाने का कर्मचारी था। पुलिस के अनुसार, स्थानीय निवासियों के एक समूह ने उस पर पैगंबर मोहम्मद के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया और गुरुवार रात करीब 9 बजे उस पर हमला कर दिया। सरकार ने एक बयान में कहा, 'हम मयमनसिंह में एक हिंदू व्यक्ति की पिटाई और हत्या की घटना की कड़ी निंदा करते हैं। नए बांग्लादेश में इस तरह की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। इस क्रूर अपराध में शामिल किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। ' प्रदर्शनकारियों ने ढाका के करवान बाजार में प्रथम आलो और डेली स्टार के दफ्तरों को निशाना बनाया। डेली स्टार की रिपोर्टर जायमा इस्लाम सहित कम से कम 25 पत्रकारों को इमारत से बचाया गया। एक रिपोर्टर ने सोशल मीडिया पर लिखा कि धुएं से सांस लेना मुश्किल हो गया था। चटगांव (चिटागांव) में भारतीय सहायक उच्चायोग पर पत्थर फेंके गए। प्रदर्शनकारियों ने भारत-विरोधी और अवामी लीग-विरोधी नारे लगाए। ढाका में भारतीय उप उच्चायुक्त के आवास को भी घेरा गया। भारत ने सुरक्षा चिंताओं के कारण खुलना और राजशाही में वीजा केंद्र बंद कर दिए।

# पुलिस अधीक्षक रेलवे ने यातायात की मुख्य रणनीतियों से अवगत कराया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** माघ मेला-2026 रिजर्व पुलिस लाइन्स के त्रिवेणी सभागार में आज दिनांक 19.12.2025 को पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज प्रशांत वर्मा IPS ने प्रशिक्षण पण्डाल में उपस्थित सभी अधिकारियो/कर्मचारियों को बताया कि किस तरह रेलवे, पुलिस, प्रशासन मिलकर माघ मेला में यातायात नियंत्रण के लिए कलर-कोडिंग सिस्टम, डायवर्जन प्लान, समर्पित होल्डिंग एरिया, AI-आधारित निगरानी और साइनेज/माइक अनाउंसमेंट जैसी रणनीतियाँ अपनाते हैं, ताकि भीड़ को व्यवस्थित किया जा सके, ट्रेनों और प्लेटफार्मों तक सुरक्षित पहुंचना सुनिश्चित की जा सके और यात्रियों को भटकने से बचाया जा सके, खासकर प्रयागराज जंक्शन और अन्य प्रमुख स्टेशनों पर।

**मुख्य तरीकेः** कलर-कोडिंग सिस्टम (रंग-कोडिंग प्रणाली) यात्रियों को उनके गंतव्य (जैसे लखनऊ, गोरखपुर) के अनुसार अलग-अलग रंगों के शेल्टर (लाल, नीला, पीला, हरा) में भेजा जाता है प्रत्येक रंग एक विशिष्ट रूट या ट्रेन के लिए होता है, जिससे यात्री सीधे अपनी ट्रेन तक पहुंच सकते हैं। डायवर्जन और होल्डिंग एरिया (मोड़ और ठहराव क्षेत्र) शहर की तरफ से आने वाले भारी यातायात को नियंत्रित करने के लिए डायवर्जन प्लान लागू होते हैं 7 प्रयागराज जंक्शन पर यात्रियों को अस्थायी होल्डिंग एरिया पर रोका जाता है, जब तक कि प्लेटफार्म पूरी तरह से भर न जाएं, ताकि भीड़ का प्रबंधन हो सके।

**तकनीकी सहायता**

AI-संचालित कैमरे और ड्रोन का उपयोग भीड़ की निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया के लिए किया जाता है इंटिग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर (ICCC) से 24×7 निगरानी होती है।

**सूचना और साइनेज**

यात्रियों को माइक पर हर घंटे दिशा-निर्देश दिए जाते हैं.

स्टेशनों पर स्पष्ट साइनेज (संकेत) लगाए जाते हैं।

**सुरक्षा और जांच**

RPF (रेलवे सुरक्षा बल) द्वारा यात्री आश्रय स्थलों में प्रवेश करने वाले सभी यात्रियों के सामान की गहन जांच की जाती है।



**स्टेशन-वार योजना**

प्रयागराज जंक्शन, छिवकी, नैनी, रामबाग, प्रयाग और झूंसी जैसे सभी प्रमुख स्टेशनों के लिए अलग-अलग योजनाएँ होती हैं। पुलिस अधीक्षक रेलवे और अन्य अधिकारी/कर्मचारी एक समग्र योजना के तहत काम करते हैं, जिससे भीड़ को नियंत्रित करके, श्रद्धालुओं को सुरक्षित व व्यवस्थित यात्रा का अनुभव दिया जा सके। माघ मेला पुलिस से प्रशिक्षण शिविर में अपने अनुभव को साझा करने के लिए रेलवे प्रयागराज की टीम का पुलिस अधीक्षक माघ मेला व नोडल अधिकारी माघ मेला ने आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षण के दौरान रेलवे प्रयागराज के अधिकारी/कर्मचारी व मेला पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# इफको प्रबंध निदेशक ने किया फूलपुर संयंत्र का निरीक्षण

## ● बोर्ड रूम में अधिकारियों का पेच कसा कह जीरो टार्लेंस पर कोई समझौता नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** इफको के प्रबंध निदेशक के.जे. पटेल ने इफको फूलपुर संयंत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने यूरिया-II कूलिंग टावर के एक्सटेंशन, अमोनिया स्टोरेज टैंक तथा नैनो संयंत्र में 33 केवी यार्ड परियोजना का उद्घाटन किया। संयंत्र भ्रमण के दौरान प्रबंध निदेशक ने नैनो संयंत्र, यूरिया-1, यूरिया-2, अमोनिया-1, अमोनिया-2 के नियंत्रण कक्ष, बैगिंग प्लांट, शक्ति संयंत्र, डीएम प्लांट एवं परिवहन अनुभाग का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पटेल ने इफको फूलपुर प्रबंधन के साथ बोर्ड रूम में बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने संयंत्र की विश्वसनीयता (Reliability) सुनिश्चित करने, सभी वैधानिक एवं वैधकीय (Statutory) आवश्यकताओं के पूर्ण अनुपालन, तथा सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि हर काम में सतर्कता सुरक्षा का ध्यान रखना अनिवार्य है।पारदर्शिता और ईमानदारी पर कोई समझौता नहीं हो सकता। इफको का दायित्व केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्र एवं किसानों की सेवा करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु जो भी संभव हो, उसके लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि कृषि क्षेत्र में हो रहे नवीनतम तकनीकी विकास को किसानों तक पहुँचाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए तकनीकी खेती, आधुनिक कृषि पद्धतियों एवं नवीन कृषि नवाचारों पर किसानों के प्रशिक्षण पर विशेष फोकस किया जाना चाहिए, ताकि किसान अधिक उत्पादक, आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बन सकें। प्रबंध निदेशक ने इफको इम्पलाइज संघ एवं इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के कार्यालयों का भी भ्रमण किया, जहाँ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने इफको फूलपुर के युवा इंजीनियरों एवं पेशेवरों से संवाद किया। कोर्डेट भ्रमण के दौरान प्रबंध निदेशक के साथ यूपीपीसीएफ के चेयरमैन एवं इफको के निदेशक श्री वाल्मीकि त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाप्रबंधक (इकाई प्रमुख) पी.के. सिंह, महाप्रबंधकगण संजय भंडारी, डॉ. अनीता मिश्र, पी.के. पटेल, रत्नेश कुमार; संयुक्त महाप्रबंधकगण अरुण कुमार, एस.के. सिंह, ए.के. गुप्ता, पी.के. वर्मा, अरवेन्द्र कुमार, डॉ. सत्य प्रकाश, आर.पी. यादव, पी.के. त्रिपाठी, संदीप गोयल; विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) शम्भू शेखर; इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी एवं महामंत्री स्वयम् प्रकाश तथा इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष श्री पंकज पाण्डेय एवं महामंत्री विजय कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरासर उद्दंडताः इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सीजेएम को जवाब देने के लिए सब-इंस्पेक्टर तैनात करने पर SSP को फटकारा, जवाब तलब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को बदायूं के सीनियर पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के रवैये पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उसे सरासर उद्दंडता करार दिया। अदालत ने स्स्क्क द्वारा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) को जवाब देने का काम एक सब-इंस्पेक्टर को सौंपने पर सख्त आपत्ति जताई और उनसे व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर यह स्पष्ट करने को कहा कि उनके खिलाफ अलग से सिविल अवमानना की कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए। जस्टिस जे.जे. मुनिर और जस्टिस संजीव कुमार की खंडपीठ एक ऐसे आपराधिक अपील मामले की सुनवाई कर रही थी, जो वर्ष 1984 से लंबित है और जिसमें एकमात्र अपीलकर्ता आनंद प्रकाश लापता है। अदालत ने 10 दिसंबर 2025 को पारित अपने आदेश में अपीलकर्ता की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए जमानती वारंट जारी करने का निर्देश दिया था। साथ ही स्पष्ट किया गया कि वारंट तब तक बिना तामील लौटाया नहीं जाएगा, जब तक पुलिस शपथपत्र सहित यह प्रमाण न दे दे कि अपीलकर्ता की मृत्यु हो चुकी है या वह देश छोड़ चुका है। इसके अतिरिक्त बदायूं के पुलिस अधीक्षक को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया कि अपीलकर्ता जहां भी छिपा हो या स्थानांतरित हुआ हो वहां उसकी तलाश कर वारंट की तामील कराई जाए। 18 दिसंबर, 2025 को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पाया कि एसएसपी ने न केवल वारंट की तामील के लिए अपेक्षित प्रयास नहीं किए बल्कि संबंधित सीजेएम से स्वयं संवाद भी नहीं किया।

अदालत के आदेश के अनुपालन में सीजेएम बदायूं ने सीधे एसएसपी को एक मेमो भेजा था लेकिन एसएसपी ने स्वयं उत्तर देने के बजाय अपने अधीनस्थ सब-इंस्पेक्टर से सीजेएम को पत्र भिजवा दिया। इस पर कड़ा ऐतराज जताते हुए खंडपीठ ने टिप्पणी की कि जब CJM ने हाईकोर्ट के आदेश के तहत स्वयं स्स्क्क को मेमो भेजा था तो ऐसे में किसी थाना स्तर के सब-इंस्पेक्टर से जवाब भिजवाना प्रथम दृष्टया सरासर उद्दंडता है। अदालत ने यह भी कहा कि यदि मामला न्यायालय की प्रक्रिया से जुड़ा था, तब भी स्स्क्क को स्वयं मेमो के माध्यम से जवाब देना चाहिए, न कि किसी साधारण अधीनस्थ अधिकारी से पत्र लिखवाना चाहिए। हाईकोर्ट ने पुलिस द्वारा दाखिल रिपोर्ट पर भी गहरी असंतुष्टि जताई, जिसमें कहा गया कि अपीलकर्ता का पता नहीं चल सका। अदालत ने कहा कि यह रिपोर्ट उसके स्पष्ट आदेश का उल्लंघन है, क्योंकि वारंट केवल दो ही परिस्थितियों में बिना तामील लौटाया जा सकता है। यदि अपीलकर्ता की मृत्यु हो चुकी हो या वह देश छोड़ चुका हो। अदालत ने कहा कि इन दोनों में से किसी भी स्थिति की पुष्टि रिपोर्ट में नहीं की गई। खंडपीठ ने टिप्पणी की कि इन परिस्थितियों में बदायूं के स्स्क्क प्रथम दृष्टया हाईकोर्ट के आदेश की अवमानना के दोषी प्रतीत होते हैं।इस रवैये को गंभीरता से लेते हुए हाईकोर्ट ने SSP, बदायूं को निर्देश दिया कि वह 19 दिसंबर को दोपहर 2 बजे तक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर तीन बिंदुओं पर कारण बताएं क्यों उनके खिलाफ अलग से सिविल अवमानना की कार्यवाही दर्ज न की जाए? उन्होंने 10 दिसंबर, 2025 के आदेश में बताए गए सीमित आधारों के बावजूद अपीलकर्ता को गिरफ्तार कर पेश क्यों नहीं किया? साथ ही उन्होंने स्वयं सीजेएम को जवाब देने के बजाय सब-इंस्पेक्टर से पत्र क्यों भिजवाया?

# कोडीन सिरप कांड : हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी पर रोक लगाने से किया इनकार, दुबई में बैठे सरगना को झटका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में कोडीन युक्त कफ सिरप की बड़े पैमाने पर तस्करी के मामले में मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल समेत अन्य आरोपियों को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। जस्टिस सिद्धार्थ वर्मा और जस्टिस अचल सचदेव की डिवीजन बेंच ने सोमवार (15 दिसंबर 2025) को स्न्नढ्ढक्र रद्द करने और गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग वाली 22 याचिकाओं को खारिज कर दिया। इससे पुलिस अब कभी भी आरोपियों को गिरफ्तार कर सकती है। शुभम जायसवाल (32), जो 25 हजार रुपए का इनामी है, फिलहाल दुबई में छिपा हुआ माना जा रहा है। इस सिंडिकेट में 6 बड़े चेहरे और कुल 68 लोग पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। 2 दिसंबर 2025 को मामले में प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) की एंट्री हुई, जो मनी लॉन्ड्रिंग एंगल से जांच कर रहा है। श्वष्ठ के निशाने पर 50 आरोपी हैं। एक हफ्ते पहले श्वष्ठ ने लखनऊ, रांची, अहमदाबाद समेत देशभर में 25 ठिकानों पर छापेमारी की। इनमें स्ञ्जस्न के बर्खास्त सिपाही आलोक प्रताप सिंह की लखनऊ स्थित कोठी, सहारनपुर के राणा बंधु विभोर और विशाल के ठिकाने, शुभम जायसवाल और उसके सहयोगियों के घर शामिल थे। सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी ने कोर्ट में कहा- 'कफ सिरप में कोडीन फॉस्फेट नामक तत्व मिला है, जिसका उपयोग सिर्फ नशे के लिए किया जा रहा था। इसलिए मामला NDPS एक्ट का है, जिसके प्रावधानों का याचियों ने उल्लंघन किया। फर्जी फर्म बनाकर सिर्फ कागज पर ट्रांजैक्शन दिखाए गए। वास्तव में कफ सिरप को चोरी-छिपे नशे के लिए कई राज्यों में भेजा गया।' प्रदेश में सबसे पहली FIR सोनभद्र जिले के रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में 18 अक्टूबर 2025 को दर्ज हुई। सोनभद्र स्क्कअभिषेक वर्मा के अनुसार, दीपावली के समय वाहनों की चेकिंग सख्त थी। 18 अक्टूबर की रात एक्साइज विभाग के साथ पुलिस टीम ने एक ट्रक रोका, जो त्रिपुरा जा रहा था। ट्रक में नमकीन भरा था, लेकिन नमकीन के बीच कोडीन कफ सिरप की 1.19 लाख शीशियां छिपी थीं, जिनकी कीमत 3.5 करोड़ रुपए थी। ट्रक ड्राइवर हेमंत पाल, बृजमोहन शिवहरे और स्क्क के ट्रांसपोर्टर रामगोपाल धाकड़ को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पता चला कि शीशियां गाजियाबाद से लोड हुई थीं। इसके बाद मेरठ से सौरभ त्यागी, वसीम और आसिफ को पकड़ा गया। रांची से एक ट्रक और गाजियाबाद से 4 ट्रक जब्त किए गए, जहां चूने और चावल की बोरियों में सिरप छिपा था।

# एकल काव्य पाठ और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी प्रयागराज में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य के अनुक्रम में भाषण एवं एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ पूनम शुक्ला, डॉ निरुपमा यादव एवं डॉ अमित कुमार मिश्रा शामिल रहेद्य भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रोफेसर सविता कुमारी श्रीवास्तव,डॉ इंदु प्रकाश सिंह, डॉ मीनाक्षी राठौर एवं डॉ विपिन कुमार शामिल रहेद्य कार्यक्रम का संचालन डॉ जयराम त्रिपाठी एवं डॉ धीरेंद्र सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम की आयोजन समिति में डॉ अर्चना राय, डॉ प्रिया तिवारी एवं डॉ संदीप सामंत सिंह शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजु लता ने छात्र-छात्राओं को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जन्मदिन शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करने हेतु साधुवाद दिया. कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ अर्चना राय द्वारा किया गया।आज भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आस्था मिश्रा क्रूपंचम सेमेस्टर और शिखा पांडे बीए प्रथम सेमेस्टर द्वितीय स्थान पर आंचल पाल बी ए पंचम सेमेस्टर और हृदय मिश्रा बीएससी प्रथम सेमेस्टर और तृतीय स्थान पर निशीथ दुबे एम ए प्रथम सेमेस्टर और अर्चना शर्मा क्क्रू तृतीय सेमेस्टर संयुक्त रूप से रहे।एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में विजेता प्रथम स्थान पर संयुक्त रूप से देवेंद्र प्रताप सिंह बी ए पंचम सेमेस्टर और शिखा पांडे बीए प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर निशीथ दुबे एम ए प्रथम सेमेस्टर और तृतीय स्थान पर हृदय मिश्रा Bsc प्रथम सेमेस्टर संयुक्त रूप से रहे।

## QR कोड पेमेंट के बाद व्यापारी का बैंक खाता फ्रीज़, पीड़ित परेशान



**प्रयागराज।** चौक स्थित अग्रवाल हैंडलूम हाउस के त्तक्र कोड पर एक ग्राहक द्वारा ?700 का ऑनलाइन भुगतान किया गया था। इसके कुछ समय बाद ही मुंबई साइबर सेल द्वारा व्यापारी का बैंक खाता फ्रीज़ करा दिया गया। खाता फ्रीज़ होने से व्यापारिक लेन-देन पूरी तरह बाधित हो गया है, जिससे व्यापारी को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित का कहना है कि वह इस संबंध में बैंक और साइबर सेल दोनों से संपर्क कर चुका है, लेकिन अभी तक कहीं से भी स्पष्ट जवाब नहीं मिल सका है। न तो बैंक यह बता पा रहा है कि खाता कब और क्यों फ्रीज़ किया गया और न ही साइबर सेल की ओर से कोई समाधान निकल रहा है। व्यापारी ने प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर जल्द से जल्द खाता अनफ्रीज़ कराने की मांग की है।

# यह शीतकालीन सत्र नहीं, 'प्रदूषण कालीन' सत्र थाः कांग्रेस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** संसद के शीतकालीन सत्र में सरकार के रवैये पर कांग्रेस ने बड़ा हमला किया है। सत्र शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। कांग्रेस ने इसे 'शीतकालीन सत्र' नहीं बल्कि 'प्रदूषण कालीन सत्र' करार दिया। इसने कहा कि दिल्ली और उत्तर भारत में हवा की गंभीर समस्या पर चर्चा नहीं हुई। उन्होंने सरकार के उस बयान पर आश्चर्य जताया जिसमें सरकार ने सदन में कहा कि 'प्रदूषण और फेफड़ों की बीमारियों के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है'। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महासचिव जयराम रमेश ने शीतकालीन सत्र के समापन के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने कहा, 'कल सरकार की तरफ़ से कहा गया कि प्रदूषण और फेफड़ों के नुक़सान के बीच कोई रिश्ता नहीं है। यह बहुत चौंकाने वाली बात है। कई रिपोर्टों में साबित हो चुका है कि प्रदूषण से गंभीर बीमारियाँ हो रही हैं और फेफड़े ख़राब हो रहे हैं। लेकिन मोदी सरकार सभी तथ्यों को नकार रही है।' जबकि सरकार ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस नहीं चाहती थी कि प्रदूषण पर बहस हो। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, 'एक विषय रह गया था, हमलोग उस पर चर्चा करना चाहते थे। विपक्ष ने बोला था। बाद में कांग्रेस ने बोला कि प्रदूषण महत्वपूर्ण नहीं है, चर्चा नहीं करेंगे। हंगामा किया तो प्रदूषण पर हम चर्चा नहीं कर पाए। ये थोड़ा सा मलाल रह गया।' वैसे, यदि किरेन रिजिजू के दावे को ही सही मानें तो कांग्रेस वंदे मातरम और मनरेगा को ख़त्म करने वाले बिल पर भी बहस नहीं चाहती थी व इनके ख़िलाफ़ तो विरोध-प्रदर्शन भी किया था। फिर सरकार ने इन मुद्दों पर क्यों बहस करायी? पिछले हफ्ते राहुल गांधी ने दिल्ली के प्रदूषण पर जोरदार तरीके से आवाज उठाई थी। उन्होंने कहा था कि यह एक बड़ा मुद्दा है और इस पर तुरंत बहस होनी चाहिए। केंद्र सरकार ने भी इस पर सहमति जताई थी। तो फिर कमी कहाँ रह गई? केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को गुरुवार शाम 6 बजे लोकसभा में प्रदूषण पर जवाब देना था। लेकिन सदन दोबारा शुरू होने के एक घंटे बाद ही स्थगित हो गया। उस समय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान जी राम जी बिल पर बोल रहे थे और विपक्षी सांसद जोरदार नारेबाजी कर रहे थे। इस बीच बिल पास हो गया, लेकिन विपक्ष ने इसको लेकर सरकार पर हमला किया। फिर आधी रात को राज्यसभा में भी यह बिल पास हो गया। लेकिन प्रदूषण पर चर्चा नहीं हो पायी। बहरहाल, जयराम रमेश ने सत्र की शुरुआत और अंत पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'मोदी सरकार ने रवींद्रनाथ टैगोर जी और जवाहरलाल नेहरू जी को बदनाम करने से इस सत्र की शुरुआत की और महात्मा गांधी जी के अपमान से सत्र का अंत किया। सरकार द्वारा सदन में हर बार की तरह इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया।'

## संक्षिप्त खबरें

### सिटी मजिस्ट्रेट आसाराम शर्मा ने वृद्धा आश्रम का किया निरीक्षण, वरिष्ठ नागरिकों को बांटी शीतकालीन राहत सामग्री



**बलिया।** सिटी मजिस्ट्रेट आसाराम शर्मा ने शुक्रवार को गड़वार स्थित वृद्धा आश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी दिनचर्या, स्वास्थ्य, भोजन, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। शीत ऋतु की बढ़ती ठंड को देखते हुए सिटी मजिस्ट्रेट ने आश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों को शॉल, स्वेटर, मोज़ा एवं टोपी सहित अन्य शीतकालीन राहत सामग्री वितरित की। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनके सम्मानजनक जीवन, सुरक्षा तथा गरिमा की रक्षा करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट ने आश्रम प्रबंधन, अधीक्षक एवं कर्मचारियों के सेवा कार्यों की सराहना की और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, पौष्टिक आहार, स्वच्छता तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील रहने का आह्वान करते हुए जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर वृद्धा आश्रम के कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### कड़ाके की ठंड में भी अडिग रही आस्था, गुरु गोविंद सिंह प्रकाश उत्सव पर बलिया में निकली प्रभात फेरी



**बलिया।** गुरु गोविंद सिंह महाराज के पावन प्रकाश उत्सव के अवसर पर शुक्रवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। कड़ाके की ठंड के बावजूद सिख समुदाय के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रभात फेरी में भाग लेकर गुरु महाराज के प्रति अपनी अटूट आस्था का परिचय दिया। प्रभात फेरी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार जगजीत सिंह चावला के नेतृत्व में निकाली गई। इस दौरान कमेटी के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में संगत उपस्थित रही। प्रभात फेरी गुरुद्वारा दरबार से प्रारंभ होकर चौक, आर्य समाज रोड, माल गोदाम, शीश महल से नया चौक जापलिंगगंज, रामलीला मैदान, एल.ई.सी. रोड और विजय सिनेमा रोड होते हुए पुनः गुरुद्वारा दरबार पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर सरदार इंद्रजीत सिंह के परिवार द्वारा गुरुद्वारा परिसर में संगत के लिए जलपान की सेवा प्रदान की गई। प्रभात फेरी में सरदार स्वर्ण सिंह, तजेंद्र सिंह, रणजीत सिंह, बलबीर सिंह, सुरजीत सिंह, हरेंद्रपाल सिंह, जगमीत सिंह, हरजीत सिंह चावला, सुरेंद्र सिंह, अमृतपाल सिंह, इन्द्रपाल सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रकाश उत्सव के अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में धार्मिक माहौल बना रहा और संगत ने गुरु गोविंद सिंह महाराज के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

### पंसस जीतू ठाकुर ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था शीघ्र करने की मांग की



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य जीतू ठाकुर ने प्रमुख, अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी बरही से कड़ाके की ठंड को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों पर अविलंब अलाव की व्यवस्था कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष शीतकाल में वन विभाग अथवा अन्य मदों से लकड़ी उपलब्ध कराकर चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की जाती रही है, जिससे आम लोगों को ठंड से राहत मिलती है। इस वर्ष अब तक अलाव की समुचित व्यवस्था नहीं होने से गरीब, बुजुर्ग एवं राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पंसस जीतू ठाकुर ने प्रशासन से आग्रह किया कि वर्तमान भीषण ठंड को ध्यान में रखते हुए शीघ्र लकड़ी उपलब्ध कराकर जगह-जगह अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी व्यक्ति की जान ठंड के कारण खतरे में न पड़े। उन्होंने कहा कि यह एक मानवीय एवं आवश्यक कदम है, जिस पर त्वरित कार्रवाई की जानी चाहिए।

# ग्राम प्रधान और सचिव खमरिया की मिलीभगत से लाखो का गोलमाल -आरोप

**●गांवो को रोशन करने और स्वच्छ जल उपलब्ध कराने केनाम परलाखो का बंदरबाट,स्ट्रीट लाइट खरीद और नल रिबोर मे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप**

**साफ सफाई और दवा छिडकाव कराये बिना फर्जी बिल बाउचर लगाकर भुगतान कराये जाने के आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** भले ही उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगाने को जीरो टारलेंस की नीति लागू कर रहे हैं पर उनकी जीरो टारलेंस नीति का असर विकासखंड पसगवां के खंड विकास अधिकारी समेत ग्राम प्रधान व पंचायत स. सचिव खमरिया पर पड़ता नजर नहीं आ रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण ग्राम पंचायत खमरिया में देखा जा सकता है ।सूत्र बताते हैं कि ग्राम पंचायत खमरिया में हुए स्ट्रीट लाइट खरीद घोटाला और नल रिबोर एवं मरम्मत तथा दवा छिड़काव के नाम पर किए गए भारी भ्रष्टाचार की ऑनलाइन शिकायत सीएम पोर्टल पर किए जाने के बाद भी मामले की जांच न किया जाना खंड विकास अधिकारी और जिला स्तरीय अफसर की मिलीभगत होने की ओर इशारा करने को काफी है। सीएम पोर्टल पर की गई शिकायत में शिकायतकर्ता अतुल शुक्ल और संतोष कुमार मुन्ना आदि का आरोप है कि ग्राम पंचायत खमरिया में पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान ने मिली भगत करके स्ट्रीट लाइट खरीद और नल रिबोर एवं मरम्मत तथा दवा छिड़काव के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। तमाम लोगों का आरोप है कि गांव को रोशन करने के दावे तो ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव द्वारा काफी जोर किया जा रहे हैं पर लेकिन हकीकत के खंभों पर लगी लाइटों की खरीद में जमकर घोटाला किया गया है। सूत्रों के अनुसार गांव में सड़क एवं गलियों की को दूधिया रोशनी से जगमग किए जाने को लाखों रुपए का भुगतान किया गया है लेकिन मौके पर मानक विहीन और बेहद कम कीमत की लाइट लगाई गई हैं। आरोप है कम कीमत की लाइटों को अधिक दामों की दिखाकर भुगतान कर भारी कमीशन खोरी की गई है। और सरकारी धन का जमकर बंदरबाँट



किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में लगी लाइट कुछ ही दिनों में खराब हो गई जिससे भ्रष्टाचार की पोल खुद ही खुल गई है। स्ट्रीट लाइट खरीद की शिकायतों में यह भी सामने आया है की खरीद प्रक्रिया में ना तो गुणवत्ता का ध्यान रखा गया और ना ही निर्धारित मानकों का ही पालन किया गया है। यही हाल नल रिबोर एवं मरम्मत का है कई नल आज भी खराब पड़े बताए जाते हैं ।वही दवा छिड़काव तो कभी गांव में कराया ही नहीं गया है और दवा छिड़काव के नाम पर भारी भरकम भुगतान भुगतान निकालकर बंदरबाँट कर लिए जाने के आरोप शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए हैं ।शिकायतकर्ता ने मामले के निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है आहम सवाल यह है जब लाखों रुपए खर्च किए गए तो फिर गांव आज भी अंधेरे में क्यों है,,?

## अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में डीएवी बरही के आदर्श कुमार आदर्श ने 99 रैंक प्राप्त कर अपना और विद्यालय का बढ़ाया मान



**सतत अभ्यास की बेहतर परिणाम प्रदान करता है : प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ़**

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** साइंस ओलंपियाड फाऊंडेशन के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में हजारीबाग जिला अंतर्गत डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के आदर्श कुमार आदर्श कक्षा दशम के छात्र ने 99 रैंक प्राप्त कर अपना और विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर आशुतोष कुमार मैढ़ ने छात्र को प्रमाण पत्र देते हुए कहा कि यह आदर्श के सतत अभ्यास का परिणाम है। साथ ही विद्यालय के गणित शिक्षकों को भी इसके लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इसी तरह विद्यालय का प्रयास जारी रहना चाहिए और इससे भी बेहतर परिणाम मिलना चाहिए। उन्होंने सभी बच्चों से आग्रह किया कि वे इस तरह के परीक्षाओं में अवश्य सम्मिलित हो।

# KGMU लखनऊ से बेल्थरा रोड पहुंचा मंटू का शव, मौत पर हत्या का आरोप

**● परिजनों ने 50 लाख मुआवजा और धारा 302 की मांग**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया/बेल्थरा रोड।** समीर कुमार उर्फ मंटू का शव शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे लखनऊ के KGMU से उनके पैतृक आवास बेल्थरा रोड पहुंचते ही इलाके में मातम छा गया। शव पहुंचते ही सैकड़ों लोग मौके पर जुट गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। परिजनों और स्थानीय लोगों ने मंटू की मौत को सामान्य न मानते हुए इसे सुनियोजित हत्या करार दिया। उनका आरोप है कि मंटू पर जानलेवा हमला किया गया, जिसमें आंत और लिवर फटने से उसकी हालत गंभीर हो गई और इलाज के दौरान लखनऊ में उसकी मौत हो गई। लोगों में घटना को लेकर आक्रोश देखा गया, हालांकि स्थिति शांतिपूर्ण रही। घटना के बाद क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। परिजनों ने निष्पक्ष जांच, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। मौके पर पहुंचे उभांव थाना प्रभारी संजय शुक्ल ने परिजनों से बातचीत कर उन्हें सांत्वना दी और स्पष्ट किया कि घटना उभांव थाना क्षेत्र की नहीं है। परिजनों ने मऊ जनपद के रामपुर बेलौली थाना पुलिस की मौके पर मौजूदगी की मांग की। मृतक मंटू तीन भाइयों में तीसरे थे। उनके परिवार में दो विवाहित बहनें भी हैं। परिजनों से मिलने पहुंचे बसपा नेता विनोद कुमार सेहरा, सपा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनय प्रकाश अंचल, अंगद यादव समेत कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की। मंटू की मां ने प्रशासन को सौंपे गए पत्रक में आरोप लगाया कि हमलावरों ने मारपीट के साथ गला दबाकर हत्या का प्रयास किया और मृत समझकर छोड़कर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है, पति का पहले ही निधन हो चुका है और इलाज में भारी खर्च के कारण परिवार संकट में है। पत्रक में 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, आरोपियों पर धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज करने, नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी, लापरवाह पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई और भूमि उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इस संबंध में एसडीएम मधुबन ने पत्रक को शासन तक पहुंचाने और मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। मौके पर एसडीएम शरद चौधरी, सीओ रसड़ा आलोक कुमार गुप्ता, तहसीलदार मधुबन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पूर्ण शांति व सामाजिक सौहार्द के साथ मनाया जाए क्रिसमस : बीडीओ पाकुड़िया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** क्रिसमस पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बीते शुक्रवार को पाकुड़िया थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी ने की। बैठक में थाना प्रभारी मनोज महतो, थाना के अन्य पदाधिकारी व कर्मी, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, सांसद प्रतिनिधि खुर्शीद आलम, समाजसेवी कालीदास टुडू, चुंडा सोरेन सहित प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आए फादर एवं मसीही समाज के लोग उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ सोमनाथ बनर्जी ने कहा कि क्रिसमस पर्व को पूर्ण शांति, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के साथ उत्साहपूर्ण माहौल में मनाएं। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रशासन आमजन के सहयोग के लिए पूरी तरह तत्पर है। बिजली या अन्य किसी प्रकार की समस्या होने पर प्रशासन को तत्काल सूचित करने की अपील की। वहीं थाना



प्रभारी मनोज महतो ने कहा कि पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में प्रशासन हरसंभव सहयोग करेगा। उन्होंने लोगों से वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की अपील करते हुए सुरक्षा नियमों का पालन करने को कहा। साथ ही तालाब या जलभराव वाले स्थानों पर बच्चों को जाने से रोकने की सलाह दी। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को जानकारी देने का आग्रह किया। बैठक के दौरान उपस्थित लोगों ने भी अपने-अपने सुझाव रखे। अंत में बीडीओ सोमनाथ बनर्जी एवं थाना प्रभारी मनोज महतो ने सभी को क्रिसमस पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

## विधायक ने लाभार्थियों के बीच किया कंबल वितरण



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने गुरुवार को पाकुड़िया सिद्धू-कान्हू मोड़ स्थित झामुमो कार्यालय में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गरीब, असहाय एवं बुजुर्ग लाभार्थियों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने कहा कि ठंड के मौसम को देखते हुए जरूरतमंदों को कंबल उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि किसी भी गरीब और असहाय व्यक्ति को ठंड से परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर भी इसी प्रकार कंबल वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे, प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, देबीलाल हांसदाक, अशोक भगत, कलम मुर्मू, अब्दुल बनीज, मुनिराम मरांडी, कालिदास टुडू, बिश्वाजीत दास, कुबराज मरांडी, मोईन आलम, शाहजहां अंसारी, अनिसूर रहमान, सिकंदर अली, सुनील टुडू सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# गीता इंटरप्राइजेज में इलेक्ट्रॉनिक मिस्त्रियों की हुई बैठक, मार्केटिंग ऑफिसर ने प्रोडक्ट की दी गई जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** फाइब्रॉस और हालोनिक्स कंपनी के मार्केटिंग अफसर जितेंद्र पांडे ने गीता इंटरप्राइजेज पलम्बरिंग एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, डोमाडांढ़ी चौपारण में प्रखंड क्षेत्र के इलेक्ट्रॉनिक मिस्त्रियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक का उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक मिस्त्रियों को कंपनी के नवीनतम और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की विस्तृत जानकारी देना तथा बाजार में उनकी उपयोगिता से अवगत कराना था। बैठक के दौरान मार्केटिंग अफसर जितेंद्र पांडे ने फाइब्रॉस और हालोनिक्स कंपनी द्वारा निर्मित एलईडी बल्ब, ट्यूबलाइट, पैनल लाइट, फैन, स्विच रूम हीटर, ब्लोअर, गीजर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की गुणवत्ता, ऊर्जा बचत क्षमता और लंबी आयु पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कंपनी के सभी उत्पाद आधुनिक तकनीक से निर्मित हैं, जो कम बिजली खपत के साथ बेहतर रोशनी और अधिक टिकाऊपन प्रदान करते हैं। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक मिस्त्रियों को यह भी बताया कि सही इंस्टॉलेशन और उचित रख-रखाव से उत्पादों की कार्यक्षमता और भी बढ़ जाती है। साथ ही कंपनी द्वारा दिए जाने वाले वारंटी, सर्विस सपोर्ट और तकनीकी सहायता की जानकारी भी साझा की गई, जिससे मिस्त्रियों को कार्य के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में उपस्थित इलेक्ट्रॉनिक मिस्त्रियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और कंपनी के उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना की। मिस्त्रियों ने कहा कि फाइब्रॉस और हालोनिक्स के उत्पाद ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में उपभोक्ताओं की जरूरतों पर खरे उतरते हैं। गीता इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर जवनपुर पंचायत के मुखीया जानकी यादव के पुत्र विकास यादव ने कहा कि इस तरह की बैठकें स्थानीय मिस्त्रियों के ज्ञान को बढ़ाने के साथ-साथ बेहतर और भरोसेमंद उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में सहायक होती हैं। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और अंत में सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

सुबोध प्रजापति, सतपाल गुप्ता,शिवपूजन कुमार, मनान मिस्त्री, पिंटू कुमार, मो नौशाद ,ओम कुमार,रोहित कुमार, धनंजय यादव,सोनी कुमार , रितेश यादव, सूरज कुमार, छोटू कुमार,आदित्य कुमार, अमन कुमार ,नरेश दांगी,चंदन कुमार,संजय यादव,मिनी कुमार, जितेंद्र राणा सहित चौपारण के अन्य इलेक्ट्रॉनिक मिस्त्री बैठक में उपस्थित रहे।

# खपिया के पवन कुमार महतो झारखंड संतोष ट्रॉफी टीम में चयनित, बूंडू केरेडारी क्षेत्र में खुशी का लहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**केरेडारी, हजारीबाग, झारखण्डः-** बुंडू पंचायत के खपिया गांव के युवा फुटबॉलर पवन कुमार महतो का झारखंड की संतोष ट्रॉफी फुटबॉल टीम में चयन होने से पूरे बूंडू-केरेडारी क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल है। यह चयन स्थानीय स्तर पर पहली बार हुआ है, जिससे गांव के युवाओं में खेल के प्रति नई उमंग जागी है पवन कुमार महतो बचपन से ही फुटबॉल के प्रति समर्पित रहे हैं और स्कूल स्तर से लेकर जिला स्तर तक कई टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। सीमित साधनों के बावजूद लगातार अभ्यास, अनुशासन और मेहनत के बल पर उन्होंने झारखंड टीम में जगह बनाई है, जिसे क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है हाल में आयोजित चयन ट्रायल में पवन ने डिफेंडर के रूप में बेहतरीन खेल दिखाया। उनकी मार्किंग, हेडिंग और पासिंग ने चयनकर्ताओं को प्रभावित किया जिसके बाद उनका नाम संतोष ट्रॉफी के लिए घोषित किया गया पवन का कहना है कि वह राज्य की ओर से अच्छा प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का सपना पूरा करना चाहते हैं और इसके लिए वे मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने को तैयार हैं पवन के चयन की खबर मिलते ही खपिया और आसपास के गांवों में लोगों ने मिठाइयां बांटकर खुशी व्यक्त की। पंचायत प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय खेल प्रेमियों ने पवन को सम्मानित करने की पवन के परिवार वालों ने बेटे की सफलता पर गर्व जताते हुए कहा कि



आर्थिक तंगी के बावजूद उन्होंने कभी उसका हौसला नहीं टूटने दिया। परिजनों ने सरकार और खेल विभाग से मांग की कि गांव-देहात के खिलाड़ियों के लिए बेहतर मैदान, कोच और प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि और भी प्रतिभाएँ आगे आ सकें।

## डीएमएफटी मद से बन रहे सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप, ग्रामीणों ने की जांच की मांग



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड अंतर्गत खैरोन गांव से कटीयौन गांव तक डीएमएफटी मद से लगभग पौने दो करोड़ रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस सड़क निर्माण में भारी अनियमितता बरते जाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क के साथ-साथ कई स्थानों पर बनाए जा रहे पुल-पुलियों के निर्माण में भी मानकों की अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों ने इस संबंध में संबंधित विभाग और प्रशासन को लिखित एवं मौखिक रूप से शिकायत करने की बात कही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही सड़क और पुलों का निर्माण निर्धारित मापदंडों के अनुरूप बेहतर गुणवत्ता के साथ कराया जाए, ताकि भविष्य में आम लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। मौके पर देवेंद्र सिंह, बीरबल सिंह, बीरू सिंह, शम्भू सिंह, शंकर सिंह, दिनेश सिंह, डॉ एसएन सिंह, राकेश सिंह, राजरन्द्र प्रसाद सिंह, पंकज सिंह, बाबूलाल राणा, रूपलाल राणा, सतीश सिंह, देवनंदन सिंह आदि उपस्थित रहे। इधर जेई सुभाष कुमार से बात करने पर उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के अनुरूप किया जा रहा है।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को पेश करेंगी बजट, जानें क्यों चुना गया ये रविवार का दिन



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार ( 1 फरवरी) को भारत का 2026-27 का आम बजट पेश करने के लिए तैयार हैं। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि यह असामान्य दिन होने के बावजूद 2017 के बाद की परंपराओं का पालन है। यह कदम नए वित्तीय वर्ष में राजकोषीय कार्यान्वयन को शीघ्रता से शुरू करने के प्रयासों के अनुरूप है। 2017 से केंद्रीय बजट हर साल 1 फरवरी को पेश किया जाता है। यह बदलाव इसलिए किया गया है ताकि अप्रैल 1 से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष से पहले संसद को बजट की गहन जांच और उसे पारित करने के लिए पर्याप्त समय मिल सके।

## कड़ाके की ठंड और कोहरे के बीच अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति की ओर से की गई अलाव की व्यवस्था




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** भीषण ठंड और घने कोहरे को देखते हुए बिजैया चौक पर अल्पसंख्यक कल्याण महा समिति की ओर से अलाव की व्यवस्था की गई। यह व्यवस्था समिति के अध्यक्ष मो. कैयूम के नेतृत्व में तथा कन्हैया मिष्ठान भंडार के संचालक प्रकाश यादव के सहयोग से की गई, जिससे राहगीरों, दुकानदारों और स्थानीय लोगों को ठंड से राहत मिल सके। इस अवसर पर अल्पसंख्यक कल्याण महा समिति के अध्यक्ष मो. कैयूम ने कहा कि वर्तमान समय में ठंड और कोहरा अत्यधिक बढ़ गया है, ऐसे में सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था करना सामाजिक दायित्व है। उन्होंने बताया कि आगे भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए इस तरह के प्रयास जारी रहेंगे। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया दशरथ यादव, समाजसेवी पप्पू खान, भोला यादव, अनिल दास, प्रकाश यादव, संतोष यादव, असगर मियां एवं कार्तिक यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की सामाजिक गतिविधियों से आमजन को काफी राहत मिलती है। स्थानीय लोगों ने अल्पसंख्यक कल्याण महा समिति एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रशासन से भी अन्य चौक-चौराहों पर इसी प्रकार अलाव की व्यवस्था कराने की मांग की है।

## छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद पर सुरक्षाबलों का शिकंजा, बीजापुर में 5 लाख का इनामी माओवादी ढेर



छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में पांच लाख रुपये के इनामी नक्सली को मार गिराया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में 5 लाख रुपये का इनाम वाला एक नक्सली मारा गया। उन्होंने बताया कि भैरमगढ़ पुलिस स्टेशन इलाके में आडवाड़ा-कोटमेटा के जंगल में आज सुबह गोलीबारी हुई, जब डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड की एक टीम इलाके में माओवादी कैडरों की मौजूदगी की जानकारी के आधार पर नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। उन्होंने बताया कि गोलीबारी खत्म होने के बाद मुठभेड़ वाली जगह से एक नक्सली का शव, एक .303 राइफल, एक 9स्रूपिस्टल और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई।

## कड़ाके की ठंड में भी जोश चरम पर, श्रीदस इंटरनेशनल प्लस टू स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल प्लस टू स्कूल में शुक्रवार को साप्ताहिक वार्षिक खेल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। कड़ाके की ठंड के बावजूद छात्र-छात्राएं अपने खेल और प्रतियोगिताओं को लेकर पूरी तरह उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी एवं विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन, तत्पश्चात रिबन काटकर एवं मशाल प्रज्वलन कर वार्षिक खेल महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया गया। बताया गया कि यह वार्षिक खेल प्रतियोगिता पूरे एक सप्ताह तक चलेगी। इसमें विद्यालय के चार हाउस रेड फ्लैशेस, गोल्डन बुलेट, ग्रीन एरो एवं ब्लू ब्लेजर्स के छात्र-छात्राएं आपस में कड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे। खेल प्रतियोगिताओं में अंडर 10, अंडर 14 एवं ओपन कैटेगरी के अंतर्गत कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, खो-खो, एथलेटिक्स, लॉन्ग जंप, हाई जंप, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, पचास मीटर दौड़, शतरंज एवं कैरम जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रंजीत चंद्रवंशी ने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक विकास के साथ-साथ उनमें अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास को विकसित करते हैं। ऐसे




आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व देता है ताकि विद्यार्थी शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से मजबूत बन सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### आंख में गुलेल मारकर घायल करने पर मामला दर्ज

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गोविन्दनगर रावतयाना में रहने वाले जाहिद पुत्र मुनब्बर शाह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 13 दिसम्बर को सुबह करीब 10 बजे वह मजदूरी करने ईमामी कब्रिस्तान जा रहा था। तभी रास्ते में कैलगुवां रोड पर टपरियन के पास रहने वाला कबूतरा समाज के दीपेश व पुना मिले, जिनमें से दीपेश ने उसकी सीधे आंख में गुलेल से पत्थर मार दिया, जिससे उसकी आंख में गम्भीर चोट आयी है। आंख में चोट आने के कारण उसे दिखाई देना बंद हो गया है। जब उसने गुलेल मारने का विरोध किया तो पूना ने गालियां देते हुये उसे लात-घूसों से मारापीटा, जिससे उसे चोटें आयीं और उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### गंगा ग्राम सेवा समिति की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित




**ललितपुर।** जिला गंगा समिति के अंतर्गत गंगा ग्राम सेवा समिति की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पंचायती राज विभाग कार्यालय में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत ग्राम स्तर पर नदी संरक्षण, स्वच्छता एवं जनजागरूकता गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू करना रहा। इस दौरान परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे द्वारा गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के संरक्षण, जल स्रोतों की स्वच्छता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त ग्राम की अवधारणा तथा वृक्षारोपण जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। जिला गंगा समिति सदस्य रुचिका बुंदेला ने बताया कि गंगा ग्राम समितियों की सक्रिय भूमिका से ही नदी पुनर्जीवन एवं स्वच्छता अभियान को गति मिल सकती है। जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) ब्रजेश तिवारी द्वारा सदस्यों से अपील की गई कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन के प्रति जागरूक करें। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों ने गंगा एवं अन्य नदियों को स्वच्छ एवं अविरल बनाए रखने का संकल्प लिया तथा ग्राम स्तर पर नियमित गतिविधियां आयोजित करने का निर्णय लिया। कार्यशाला में गंगा ग्राम सेवा समिति के ग्राम प्रधानों एवं सचिवों ने भाग लिया।

### रिश्तेदारी में आये युवक को स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर, मौत

**पिता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत थाना ईसागढ़ के ग्राम भियाखेड़ी में रहने वाले सीताराम कलावत पुत्र हरदास ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका पुत्र रविन्द्र कलावत व अभिषेक पुत्र मुकेश ग्राम कालापहाड़ रिश्तेदारी में आये हुये थे। 1 दिसम्बर की शाम करीब 4 बजे दोनों अपने घर अपनी मोटर साइकिल नम्बर एम.पी.67 एम.एच. 7078 से अपने गांव वापस जा रहे थे। तभी राजघाट रोड पर सामने से आ रही स्कॉर्पियो नं. एम.पी. 09 सी.आर. 9973 ने उसके पुत्र की गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पुत्र रविन्द्र की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके छोटे भाई धर्मेंद्र को जब इसकी जानकारी हुयी तो धर्मेंद्र ने मौके पर पहुंच कर दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने रविन्द्र को मृत घोषित कर दिया व अभिषेक को गंभीर हालत के कारण गुना रिफर कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना बानपुर अंतर्गत एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 16 दिसम्बर को सुबह करीब 4 बजे उसकी 19 वर्षीय पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। उसने अपनी पुत्री की काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## डीएम ने चकबंदी प्रक्रिया की समीक्षा कर कार्य में तेजी लाने व बंदोबस्ती सुधारने के दिये निर्देश

**●ग्रामीणों की सुविधा हेतु कब्जा परिवर्तन ग्रामों के चक मार्गों पर मनरेगा योजना से मिट्टी डलवाने के दिये निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी प्रक्रियारत ग्रामों की कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बताया गया कि जनपद में वर्तमान में 77 ग्राम चकबंदी प्रक्रियान्तर्गत गतिमान हैं, इनमे से इस वर्ष धारा-7 के अंतर्गत 19 ग्रामों में सर्वे/तरमीम का कार्य, धारा-8 के अंतर्गत 11 ग्राम, धारा-9 के अंतर्गत 09 ग्राम, धारा-10 के अंतर्गत 03 ग्राम, धारा-20 के अंतर्गत 03 ग्राम , धारा 23 के अंतर्गत 03 ग्राम, धारा-24 के अंतर्गत 04 ग्रामों का कार्य पूर्ण किया है, वर्तमान माह दिसम्बर में 02 ग्राम छिल्ला और विजेपुरा का धारा-9 पूर्ण किया गया है। साथ ही वर्तमान में 37 वर्ष पुराने ग्राम नाराहट तहसील पाली, के साथ अन्य 05 ग्राम- मोगान, बरोदीनक़ीब, मऊमाफी, छायन, सूरीकलाँ इस प्रकार कुल 06 ग्राम में चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण होने की ओर है उक्त सभी ग्रामों का धारा-52 मार्च 2026 तक चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए किया जाना है। अवशेष 24 ग्रामों में चकबंदी प्रक्रियाएँ जनपद मे लेखपालगण की कमी के कारण बाधित हैं।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने चकबंदी प्रकिया अन्तर्गत जनपद के 77 ग्रामों व उनके मजरों में चकबंदी कार्यों की प्रति की एक-एक कर समीक्षा की, जिसमें ग्राम सतौरा, सोजना, जलन्धर, खोखरा सहित अन्य ग्रामों में चकबंदी कार्य की खराब प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए सम्बंधित चकबंदी अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। बैठक मे जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गए कि जिन ग्रामो मे कब्जा परिवर्तन का कार्य पूर्ण हो चुका है उन ग्रामो मे निर्मित सेक्टर मार्ग/चकमार्ग पर मनरेगा योजना के अंतर्गत मिट्टी डलवाने हेतु ऐसे चक मार्गों की सूची मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध करायें, ताकि सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा उनके क्षेत्रान्तर्गत ऐसे चक मार्गों पर मिट्टी डलवाने का कार्य कराया जा सके। उन्होंने बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिये कि वह चकबंदी आयुक्त को पत्र प्रेषित करें। बैठक के समय अशोक कुमार यादव अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/उप संचालक चकबंदी, राकेश कुमार बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, दयाशंकर दयाल जिला सूचना अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार गौतम पेशी कानूनगो, फरहत अहमद, अरविंद कुमार, मसूद अहमद, मो0 आजम, रामचन्द्र मौर्या, मसूद सेरवानी चकबंदी अधिकारीगण तथा सभी क्षेत्रों मे तैनात सहायक चकबंदी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बछर्रई गांव में युवक की हत्या, सिर पर रखे मिले टायर व पत्थर

**●पुलिस मामले की जांच में जुटी, दोस्तों पर पार्टी के बाद हत्या का शक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** थाना नाराहट अंतर्गत ग्राम बछर्रई के एक घर में युवक का शव पतले कम्बल से ढ़का हुआ मिला। मृतक के सिर पर गाड़ियों के टायर रखे पाये गये। घटना की सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया। संदिग्धावस्था में युवक के कमरे में मिले शव के बाद अब पुलिस घटना की जांच में जुट गयी है। इधर घटना में हत्या का मामला प्रतीत हो रहा था, वहीं पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि गुरूवार देर रात दोस्तों के साथ हुयी पार्टी के बाद उसकी हत्या कर दी गयी। मृतक की पहचान दीपक प्रजापति पुत्र मुन्नालाल 26 वर्ष के रूप में हुई है, जो बछर्रई गांव का निवासी था। गुरुवार शाम उसे गांव के एक दोस्त के साथ घर की ओर जाते देखा गया था। शुक्रवार सुबह जब दीपक के माता-पिता मुन्ना लाल और उनकी पत्नी दिल्ली से मजदूरी कर घर लौटे, तो उन्हें दीपक घर पर नहीं मिला। गांव वालों से पूछताछ के बाद वे अपने घर पहुंचे, जहां दीपक का शव पलंग पर पड़ा मिला। दीपक का शरीर चादर से ढका था और उसके चेहरे पर एक गाड़ी का टायर, एक बड़ा पत्थर और लकड़ी रखी हुई थी। बेटे का शव देखकर माता-पिता सदमे में आ गए। पिता ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नाराहट थानाध्यक्ष पारुल चंदेल और क्षेत्राधिकारी (सीओ) मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि दीपक अपने माता-पिता के साथ दिल्ली में मजदूरी करता था और दस दिन पहले ही गांव आया था। जिस दोस्त पर हत्या का शक है, वह गांव में अकेला रहता है। उसके माता-पिता का निधन हो चुका है और बहनें शादी के बाद अपने ससुराल में रहती हैं। प्रारंभिक आशंका है कि पार्टी के दौरान दोस्त ने गला दबाकर दीपक की हत्या की है।

## कांग्रेस ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव

**●सरकार कर रही है ईडी का दुरूपयोग : जिलाध्यक्ष**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जिला व नगर कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कांग्रेस के निर्देश अनुसार जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय का घेराव किया किया, जिस सभी कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मिलित हुए तथा भाजपा कार्यालय का घेराव करते हुए कांगेसियों ने केन्द्र सरकार के विरोध में भारी नारेबाजी की तथा भाजपा की नीतियों का विरोध किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस सरकार ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दुर्भावना से ग्रस्त होकर यंग इण्डिया को लेकर ई.डी. की कार्यवाही की गई, जिसका मामला न्यायलय में चल रहा था। न्यायलय ने अपना फैसला देते हुए सोनिया गांधी व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ ईडी ने दुर्भावना से ग्रसित होकर दायर आरोप पत्र अवैध पाया है। अदालत कहा कि ई.डी. की कार्यवाही उसके क्षेत्र अधिकार के बाहर व अवैध है।

यह मामला मनी लानड्रिग का भी नहीं है, सम्पति का भी कोई हस्तारण नहीं हुआ। यह सभी आरोप निराधार व राजनीति की दुर्भावना से प्रेरित है। न्यायालय के आदेश से केन्द्र सरकार व भाजपा के मंसूबे सारे देश के सामने वे- नकाब हो गए है। कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व सत्य व भारतवासियों के अधिकारों को लडने् के लिए प्रतिबद्ध है। हमें कोई डरा नहीं सकता क्योंकि हम सत्य के लिए लड़ते है। मोदी सरकार की बदनियत और गैर कानूनी तरीके की न्यायलय ने पोल खोल रख दी है। घेराव के दौरान नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे, नेहा तिवारी, शशिकांत दीक्षित, रामभरोसे कुशवाहा, रामसिंह यादव, मुकेश रजक, मोहन कुशवाहा, राहुल सेन, पप्पू तिवारी, प्रेमशंकर गुप्ता, मुकेश कुशवाहा, रामकुमार अहिरवार, बॉबी राजा, मु.इमरान, मु.असलम आदि उपस्थित थे।

### दस रुपये के मार्जन पर बेचता है देशी शराब

**पुलिस ने 22 क्वाटर रसभरी के साथ दबोचा**

**ललितपुर।** थाना बार में तैनात उप निरीक्षक सिपाही लाल ने बताया कि वह अपने साथ उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह के साथ बार से दशरारा रोड पर गश्त कर रहा था। तभी नहर की ओर से मोटर साइकिल पर सवार होकर दो व्यक्ति आये, जिन्हें रोकते हुये पूछताछ की तो उक्त लोग पीठ पर लदी बोरी को फेंकते हुये भागने लगे। लेकिन घेराबंदी कर एक युवक को पकड़ लिया। पकड़े गये युवक ने अपना नाम ग्राम बम्हौरी बहादुर सिंह निवासी गंगाराम पुत्र मोतीलाल बताया। पुलिस ने उसके पास से बोरी में 22 क्वाटर देशी पैड रसभरी को बरामद किया। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 (1) के तहत मामला दर्ज किया है। पकड़े गये युवक ने बताया कि वह देशी शराब की दुकान से 55 रुपये का क्वाटर लाकर 65 रुपये में बेचकर रुपये कमाता है।

## अक्टूबर में वाहन दुर्घटना से हुयी पत्नी की मौत मामले में एफआईआर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम खैराडांग में रहने वाले रहीश यादव पुत्र स्व.लखनलाल ने तालबेहट कोतवाली पुलिस को शिकायत दर्ज करायी है। बताया कि बीती 19 अक्टूबर 2025 को वह अपनी पत्नी अभिलाषा व 7 माह के पुत्र रिषभ को लेकर मोटर साइकिल से मुहारा गांव से अपनी बहन के गांव अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी. 94 ए.एच. 2496 से जा रहा था। वह रात करीब 8 बजे जैसे ही असऊपुरा से ललितपुर की ओर मंदिर के पास पहुंचा तो वह लघुशंका करने के लिए सड़क से करीब 15-20 फुट की दूरी पर गाड़ी खड़ी कर दी। आरोप है कि झांसी की ओर से आ रही गाड़ी संख्या यू.पी. 80 ए.जेड. 5183 ने तेजी व लापरवाही से उसकी मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी पत्नी अभिलाषा व पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। वह दोनों को लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचा, जहां कुछ उपचार के के बाद उसकी पत्नी को झांसी रेफर कर दिया गया। झांसी मेडीकल कॉलेज में एक घण्टे रूकने के बाद उसकी पत्नी को ग्वालियर रिफर कर दिया गया, जहां निजी अस्पताल में रात करीब 2.30 बजे भर्ती किया गया, जहां से 20 अक्टूबर को दूसरे अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां अपराह्न करीब 3.30 बजे उसकी पत्नी की मौत हो गयी, जबकि उसके पुत्र का एक पैर टूट गया था, जिसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी) व 106 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## ओबीसी महासभा ने किसानों व जनसमस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन, आरक्षण बहाली सहित कई मांगें उठीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महरौनी।** ओबीसी महासभा जिला इकाई ललितपुर के पदाधिकारियों ने महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी महरौनी रजनीश बाजपेई को सौंपते हुए किसानों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन में बताया गया कि हालिया लेखपाल भर्ती प्रक्रिया में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण को 27 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, जो न्यायसंगत नहीं है। महासभा ने इस निर्णय को वापस लेते हुए पूर्व की भांति 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग की। इसके साथ ही महरौनी तहसील अंतर्गत ग्राम क्योलारी में खेल का मैदान निकलवाने, क्योलारी तिगड्डा पर सार्वजनिक शौचालय निर्माण कराने तथा ग्राम सुनवाहा में बंद सेक्टर मार्ग को खुलवाने की मांग रखी गई। महासभा का कहना है कि सेक्टर मार्ग बंद होने से आम जनमानस को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपते समय रामनिवास लोधी, भजन सिंह लोधी, प्रेमनारायण साहू, देवराज सिंह लोधी, अंकित सिंह लोधी, भान प्रताप सिंह एवं विक्रम सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नाराहट में हुआ कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज नाराहट में जिला सेवायोजन विभाग की ओर से लक्ष्य निर्धारण व समय प्रबंधन से सफलता विषय पर कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुभारंभ जिला सेवायोजन अधिकारी नरेन्द्र व गगन चतुर्वेदी ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य काउंसलर गगन चतुर्वेदी ने छात्र-छात्राओं को उनके कैरियर से संबंधित मार्गदर्शन दिया व स्किल डवलपमेंट के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा विभिन्न आयु वर्ग के छात्र छात्राओं को कई कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। जिनका प्रशिक्षण प्राप्त कर आप लोग सरकारी सेवाओं में जा सकते हैं साथ ही स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकते हैं उन्होंने हाई स्कूल व इंटर के बाद होने वाले व्यवसायिक पाठ्यक्रमों पर भी प्रकाश डाला। प्रबंधक उमाकांत मिश्रण में छात्र-छात्राओं से अपना लक्ष्य निर्धारण कर उसे पर पूरी लगन से मेहनत करने हेतु प्रेरित किया उन्होने कहा कि यदि आप पूरे समर्पण महुची अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहते हैं और समय का सदुपयोग करते हैं तो जीवन में कभी असफल नहीं हो। प्रभारी अधिकारी नरेन्द्र कुमार ने कहा कि विभाग द्वारा विभिन्न निशुल्क रोजगार परक प्रशिक्षण संचालित किए जा रहे हैं, जिनका लाभ आप सभी इंटर पास व 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर, कर सकते है। इस दौरान उमेश कुमार, प्रधानाचार्य राजीव पुरोहित, ऋषि पांडे, संजीव कुशवाहा, दयाराम राठौर, रूपेश गौतम, अरविंद रैकवार, सोनू राज, मनोहर विश्वकर्मा, लक्ष्मी कुशवाहा, शिवानी बुंदेला, इंदु तिवारी, कामना, सृष्टि, रघुवर दयाल आदि मौजूद रहे।

### राजकीय इंटर कॉलेज माताटीला में भव्य वार्षिकोत्सव संपन्न

**माताटीला।** राजकीय इंटर कॉलेज माताटीला में शुक्रवार को भव्य वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित किया गया। जिसमें शैक्षणिक सत्र में कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। साथ ही विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं, विज्ञान प्रदर्शनी, वाद-विवाद व निबंध प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नृत्य एवं नाटिकाओं की मनोहारी प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों व अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह एवं प्राधानाचार्य राम बुझ राम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की सराहना की और इसे उत्कृष्ट स्तर का आयोजन बताया। मुख्य अतिथि एसडीएम अभिजीत सिंह ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे आयोजनों को उपयोगी बताया।कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह एवं अधिशासी अभियंता लव कुमार चौहान उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन इंटर कॉलेज प्रवक्ता अवधेश कुमार मोर्य ने किया।

## जिला बार एसोसिएशन परिसर में ऑनलाइन स्पीड पोस्ट काउंटर शुरू

**●अधिवक्ताओं को मिलेगी बड़ी राहत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं और न्यायिक कार्यो से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण रहा। बार एसोसिएशन परिसर में भारतीय डाक विभाग की ऑनलाइन स्पीड पोस्ट सेवा का भव्य शुभारंभ किया गया। ललितपुर जिला बार एसोशियेशन परिसर में डाक विभाग की इस नई पहल का नेतृत्व पोस्ट मास्टर रणजीत वर्मा ने किया। उनके कुशल दिशा-निर्देशन में इस काउंटर को स्थापित किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य अधिवक्ताओं और वादकारियों को उनके कानूनी पत्राचार के लिए त्वरित और सुलभ साधन उपलब्ध कराना है। यह विशेष काउंटर नियमित रूप से निम्नलिखित समय पर उपलब्ध रहेगा, प्रारंभ सुबह 10 बजे, समाप्ति सायंकाल 04.30 बजे तक रहेगी। अधिवक्ताओं और कर्मचारियों को मिलेगा सीधा लाभ। इस अवसर पर पूर्व महामंत्री महेंद्र जैन झब्बू ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि कोर्ट कचहरी के कार्यों में स्पीड पोस्ट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। अक्सर नोटिस, सम्मन और आवश्यक दस्तावेज़ भेजने के लिए अधिवक्ताओं को मुख्य डाकघर की दौड़ लगानी पड़ती थी। इस सुविधा के मुख्य लाभ, समय की बचत होगी,परिसर के भीतर सेवा होने से अधिवक्ताओं और न्यायिक कर्मचारियों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। त्वरित न्याय प्रक्रिया, अदालती दस्तावेजों का समय पर प्रेषण सुनिश्चित हो सकेगा। सुविधाजनक ट्रैकिंग, ऑनलाइन सेवा होने के कारण पत्रों की स्थिति को आसानी से ट्रैक किया जा सकेगा। इस शुरुआत के दौरान विधि जगत से जुड़े कई वरिष्ठ और युवा अधिवक्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने डाक विभाग के इस कदम की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निम्नलिखित सदस्य मौजूद थे। इस दौरान गोविंद नारायण सक्सेना, प्रतीश तिवारी, हरीश अग्रवाल, दर्शन बड़ौनिया, सुरेंद्र लोधी, रोहित कुशवाहा, आकाश झा, ओमप्रकाश कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा, प्रताप यादव एवं अन्य गणमान्य अधिवक्ता मौजूद रहे। जिला बार एसोसिएशन में इस काउंटर के खुलने से न केवल कार्यकुशलता बढ़ेगी, बल्कि डाक विभाग और न्यायिक प्रणाली के बीच समन्वय भी बेहतर होगा।

## साप्ताहिक परेड की एसपी ने ली सलामी, किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** एसपी मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। एसपी ने उपरांत रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर में निर्माणाधीन साइबर क्राइम थाना का निरीक्षण कर, सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड तथा तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैन्टीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की गई। एसपी ने डायल-112 के पीआरवी वाहनों निरीक्षण कर वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। एसपी ने अर्दली रूम का आयोजन किया, जिसमें रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों अवलोकन कर विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लम्बित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया। परेड में शामिल पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। एसपी मो.मुश्ताक ने मेस के निरीक्षण में मीनू के अनुसार साफ एवं स्वच्छ तरीके से तैयार किये गये। भोजन की गुणवत्ता जांचकर, मेस मैनेजर कां.रंजीत कुमार को उत्कृष्ट कार्य के लिए उत्साहवर्धन हेतु 500 रुपये की नगद धनराशि के पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी पाली सुनील कुमार व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## माया ज्ञानोदय संस्कार अकादमी में क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिरधा।** कस्बा बिरधा के माया ज्ञानोदय संस्कार अकादमी आवासीय विद्यालय में स्व. रामसहाय दीक्षित और विद्यालय के संस्थापक और पूर्व प्रबंधक कीर्ति शेष राजेश दीक्षित बबलू सर की पुण्य स्मृति में पांचवे क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया विद्यालय के अध्यक्ष अंशुल दीक्षित एवम राज दीक्षित प्रबंधक द्वारा फीता काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया प्रथम मुकाबला

उद्घाटन मैच के दौरान एक अच्छा रोमांचक मुकाबला संस्था के अध्यक्ष जी एवं संस्था के सीनियर वार्डन इंद्रपाल जी के बीच खेला गया जिसमें निर्धारित 10 ओवर में इंद्रपाल जी की टीम को 83 रनों का लक्ष्य मिला और इंद्रपाल जी की टीम ने 83 रन बनाकर पहले मुकाबले में विजय हासिल की और क्वार्टर मैच में प्रवेश किया । दूसरे मैच में रोमांचक स्थिति में मैच पहुंचते हुए 118 रन का लक्ष्य करते हुए शिवम तिवारी एवं आलोक की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 118 रन बनाकर मुकाबले में जीत हासिल की और क्वार्टर फाइनल प्रवेश किया।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष पंडित अंशुल दीक्षित ,कोषाध्यक्ष पंडित जयराम दुबे , उपाध्यक्ष पंडित स्वदेश शर्मा जी, उप सचिव पंडित भारत भूषण चतुर्वेदी जी ,एवं संस्था के प्रबंधक पंडित राज राजेश दीक्षित जी सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य राधेश्याम पुरोहित, रामकुमार साहू पंडित रविकांत तिवारी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद अंत में विद्यालय के प्रबंधक राज दीक्षित द्वारा मैच के आयोजन पर सभी का आभार प्रकट करते हुए विद्यार्थी की सराहना की गई और खेल शिक्षा से जुड़ा एक महत्वपूर्ण अंग है,कहा जाता है कि शिक्षा के तीन सोपान कक्षा ,मंच, और मैदान के साथ विद्यालय परिवार इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समय- समय विद्यालय स्तर पर करवाता रहता हैं जिससे विद्यार्थी सभी जगह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते रहें।

## महरौनी बीडीओ ने ग्राम पंचायतों में किया वोटर लिस्ट का स्थलीय सत्यापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महरौनी।** शासन के निर्देशानुसार प्रदेश भर में चल रहे एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) एवं वोटर लिस्ट पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड महरौनी में भी सत्यापन कार्य किया जा रहा है। जिला स्तर से जारी निर्देशों के क्रम में खंड विकास अधिकारी महरौनी आज़म अली ने बुधवार को ग्राम पंचायत पड़वा एवं धवारी पहुंचकर वोटर लिस्ट का स्थलीय सत्यापन किया।

सत्यापन के दौरान संबंधित बीएलओ एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। बीडीओ ने ग्रामीणों के समक्ष वोटर लिस्ट में प्रकाशित मतदाताओं के नाम पढ़कर सुनाए तथा मृतक मतदाताओं के नाम पृथक किए जाने का मिलान कराया। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि किसी भी परिस्थिति में कोई भी पात्र मतदाता वोटर लिस्ट में शामिल होने से वंचित न रहने पाए।

पीएमश्री कंपॉजिट विद्यालय पड़वा एवं प्राथमिक विद्यालय धवारी में आयोजित सत्यापन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से संवाद कर मृतक मतदाताओं की पहचान की गई। इस अवसर पर पीएमश्री कंपॉजिट विद्यालय पड़वा के विद्यार्थियों ने खंड विकास अधिकारी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय के अध्यापक सुरेंद्र दुबे एवं हेमंत भोंडेले सहित अन्य शिक्षकों ने विद्यालय में आवश्यक कार्य कराए जाने का अनुरोध किया, जिस पर बीडीओ ने शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। सत्यापन कार्यक्रम के दौरान ग्राम विकास अधिकारी हंसराज राजपूत, ग्राम प्रधान, ग्राम रोजगार सेवक, विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस उपायुक्त यातायात ने शुक्रवार की परेड का किया मान-प्रमाण ग्रहण



**कानपुर।** आज दिनांक 19.12.2025 को पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार, द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित साप्ताहिक शुक्रवार परेड का मान-प्रणाम ग्रहण कर विस्तृत निरीक्षण किया गया। परेड के दौरान पुलिस बल की एकरूपता, अनुशासन एवं शारीरिक दक्षता का आकलन करते हुए टोलीवार ड्रिल कराई गई तथा वर्दी, हथियारों व अभ्यास की समीक्षा की गई। निरीक्षण उपरांत क्वार्टर गार्ड, डायल-112 वाहन, बैरिक, परिवहन शाखा, मैस एवं शस्त्रागार का भ्रमण कर ड्यूटी प्रबंधन, साफ-सफाई, वाहन रख-रखाव, भोजन व्यवस्था व सुरक्षा मानकों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### मैं अब इस दुनियां में नहीं रहना चाहता



**सुसाइड नोट लिखा, बच्चों को कुचला खुद भी जान दी**

**कानपुर।** थाना अरौल के अरौल कस्बे में एक पिता ने अपने दो पुत्रों को ईट से कुचल दिया और खुद भी जहर खा कर कमरा अंदर से बंद कर लिया। घटनाक्रम की सूचना जब पुलिस को मिली तो तत्काल थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जानकारी एकत्र की। पुलिस उपायुक्त पश्चिम दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि अरौल कस्बे में अजय कटियार नाम के एक व्यक्ति की ज्वैलरी की शॉप है और जानकारी करने पर पता चला कि ये डिप्रेशन के शिकार थे इनकी पत्नी की मृत्यु भी पूर्व में हो चुकी थी। अजय कटियार द्वारा अपने आवास में अपने दो नाबालिग पुत्रों पर हमला कर स्वयं विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। सूचना पर दरवाजा खुलवाने पर छोटे पुत्र की मृत्यु हो चुकी थी, जबकि उपचार के दौरान अजय कटियार की भी मृत्यु हो गई है और बड़े पुत्र का इलाज जारी है।घटनास्थल से सुसाइड नोट प्राप्त हुआ है, जिसमें लिखा है कि मैं अब इस दुनियां में रहना नहीं चाहता और आत्महत्या कर रहा हूं। प्रकरण के संबंध में आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### बर्रा में झोले में भरकर छत पर फेंका नवजात



**कानपुर।** शहर के जरौली में गुरुवार देर रात एक युवक की छत पर नवजात पड़ा मिला,जिसे सर्दी में खुली छत पर झोले में भरकर फेंका गया था , हालांकि उसके रोने की आवाज सुनकर युवक अपनी छत पर गया, तों बच्चे को देख कर उनके होश उड़ गए, उसे नीचे लाकर पुलिस को सूचना दी। इस बीच उसकी जान बचाने के लिए उसे अंगीठी से गर्माहट दी, डीसीपी साउथ दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि मायावती कालौनी में एक नवजात शिशु की किसी बबलू भदौरिया के मकान की छत पर लावारिस हालत में फेंक गया,आवाज सुनकर युवक छत पर गया जहां देखा शिशु झोले में पड़ा था, उसे नीचे लाने के बाद आसपास के संवेदनशील नागरिकों, अमिता सिंह, निशा किरण और संदीप ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए बिना देर किए शिशु को साई राम अस्पताल विवेकानंद नगर में भर्ती कराया, डॉक्टरों के मुताबिक समय पर इलाज मिलने से नन्ही परी की जान बच गई, इलाज के बाद शिशु को अस्थाई रूप से उसकी देखभाल के लिए बबलू भदौरिया को सुपुर्द किया गया, वहीं बच्चे को किसने फेंका, इसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

### दिलीपपुर पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया

**प्रतापगढ़।** थाना दिलीपपुर के उप निरीक्षक पवन कुमार यादव व म0उ0नि0 सारिका मय हमराह म0का0 वन्दना कुमारी म0का0 संगीता के द्वारा तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त थाना शिवकुटी प्रयागराज से संबंधित एक वारंटी अभियुक्ता को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

# बादल फटने से सीआईएसएफ के शहीद हुए दो जवानों के परिजनों को वित्तीय सहायता दी गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** कानपुर नगर जनपद के घाटमपुर एनयूपीपीएल में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यूनिट के डिप्टी कमांडेंट सूरज राय ने बताया कि किश्तवाड़ में बादल फटने की घटना के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले सीआईएसएफ जवानों के परिजनों के लिए एसबीआई,सीएपीएसपी,के बढ़े हुए लाभ स्वीकृति, सीआईएसएफ ने,एसबीआई,के समन्वय से जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में 14अगस्त 2025 को दुखद बादल फटने की घटना के दौरान जान गंवाने वाले दो सीआईएसएफ कर्मियों के परिजनों को व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कै रूप में एक करोड़ रुपए की अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान की गई,14/8/2025 को 7 वीं रिजर्व बटालियन, किश्तवाड़ के प्रधान आरक्षक जीडी आनन्द कुमार, और प्रधान आरक्षक जीडी एम के विस्वाल को चिसौती गांव में आंतरिक सुरक्षा डियूटी पर तैनात किया गया था ,जो गुलाब गढ़ से मचैल माता मंदिर तक 32। किलोमीटर लंबे तीर्थ मार्ग का अंतिम पड़ाव हैं,उनकी तैनाती के दौरान, अचानक और तेज बादल फटने से इलाके में भारी बाढ़ सी आ गई, ख़तरे को भांपते हुए, दोनों कर्मियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना तुरंत तीर्थ यात्रियों को सचेत किया,और उन्हें सुरक्षित ?स्थानो की ओर पहुंचाना शुरू किया, उनकी सूझबूझ से कई यात्रियों को समय पर सुरक्षित निकालने और अनगिनत लोगों की जान बचाने में मदद की, मानवीय काम करते समय दोनों अचानक आई बाढ़ की तेज धारा में बह गए, दोनों कर्मियों ने अपने कर्तव्य का पालन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया, उनके पार्थिव शरीर दो दिन बाद मिले,देश भर में 360 से अधिक महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा करने वाला सीआईएसएफ अपने सेवारत कर्मियों के साथ साथ सर्वोच्च बलिदान देने वाले परिवारों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है, सीआईएसएफ और ग्रह मंत्रालय लगभग 60 लाख रुपए की एकमुश्त अनुग्रह राशि सुनिश्चित करते हैं, सीआईएसएफ,बल,ने एसबीआई के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

### जहरीला पदार्थ खिलाने के प्रकरण में नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना आसपुर देवसरा पुलिस द्वारा जहरीला पदार्थ प्रकरण में एक अभियुक्त अमन गौतम उर्फ सर्वेश गौतम को थाना क्षेत्रान्तर्गत देवसरा पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार किया गया। घटना के बावत वादी निवासी मझिगवां थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ द्वारा थाना आसपुर देवसरा पर पर तहरीर दी है कि प्रतिवादी अमन गौतम पुत्र रामदौड़ निवासी सोनपुरा ढकवा थाना आसपुर देवसरा जनपद देवसरा प्रतापगढ़ जो रिश्ते में उसका भांजा लगता है। अमन उपरोक्त द्वारा वादी पुत्री को बुधवार को जहरीला पदार्थ खिला दिया तथा दवा इलाज कराने पर मेरी पुत्री स्वस्थ हुई और घर आ गयी है। इस संबंध में थाना आसपुर देवसरा में एक नामजद अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है।थाना प्रभारी आसपुर देवसरा विजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक सचिन पटेल मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर दर्ज मुकदमा से संबंधित एक अभियुक्त अमन गौतम उर्फ सर्वेस गौतम उम्र करीब 22 वर्ष पुत्र रामदेवर गौतम निवासी ग्राम सोनपुरा ढकवा हाल पता मझिगंवा थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ को थाना आसपुर देवसरा क्षेत्रान्तर्गत देवसरा पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार किया गया ।

## कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में बड़ा फेरबदल अनुज कुमार भारती होंगे सजेती के नए थाना प्रभारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** कानपुर पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बड़े स्तर पर निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। इस नवीन स्थानान्तरण सूची में कई थानों के प्रभारियों को बदला गया है, जिसमें कि सजेती थाना भी शामिल हैं,सजेती में नए थाना प्रभारी की तैनाती लंबे समय से सजेती थाने की कमान संभाल रहे अवधेश कुमार का स्थानांतरण कर दिया गया है, घाटमपुर थाने की कमान संभाल रहे धन्नजय पांडेय का भी स्थानांतरण कर दिया गया है घाटमपुर के नए थाना प्रभारी निरीक्षक होंगे दिनेश सिंह विष्ट इससे पूर्व थाना सचेडी में प्रभारी निरीक्षक के पद पर तैनात थें , अन्य स्थानांतरण, दीनानाथ मिश्र वाचक पुलिस आयुक्त से प्रभारी निरीक्षक थाना कलेक्टर गंज बनाए गए, ललित कुमार प्रभारी निरीक्षक कलेक्टर गंज से अब प्रभारी निरीक्षक थाना हरबंश मोहाल की जिम्मेदारी संभालेंगे, विक्रम सिंह प्रभारी निरीक्षक हरबंश मोहाल से अब प्रभारी निरीक्षक सचेडी बनाए गए हैं ,विनय तिवारी प्रभारी निरीक्षक कोहना से अब गुजैनी थाने का कार्यभार संभालेंगे , प्रतीक सिंह वाचक संयुक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय अपराध,से थानाध्यक्ष कोहना बनाए गए हैं,अनुज कुमार भारती थाना मूलगंज से स्थानांतरित कर थानाध्यक्ष सजेती बनाए गए हैं, पुलिस विभाग द्वारा जारी इस आदेश के बाद सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने नए कार्यक्षेत्र में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं सजेती थाना प्रभारी के आगमन से क्षेत्रीय जनता को अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था में नई ऊर्जा की उम्मीद है।

## संघर्ष में योगदान के लिए सम्मानित किये गये अधिवक्ता

**● अधिनियम पास कराये जाने का लिया संकल्प**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन द्वारा गुरूवार को अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर प्रदेश में चल रही अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा में सहयोग के लिए साथियों को सम्मानित किया गया। हाईकोर्ट के एफ ब्लाक में हुए आयोजन में अधिवक्ताओं ने संसद में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को पारित कराए जाने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश की अगुवाई में संघर्ष जारी रखने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अवध बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव आरएस त्रिपाठी संघर्ष में प्रभावशाली भूमिका के लिए अधिवक्ताओं को एसोसिएसन की ओर से सम्मान पत्र सौंपकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की मांग को लेकर लखनऊ जिले समेत प्रदेश के कई जिलों में अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा में साथियों का जोश संघर्ष को आगे बढ़ायेगा।

एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने अपने संबोधन में कहा कि अधिवक्ताओं की जानमाल के हिफाजत की सरकार गारण्टी देने के साथ कल्याणकारी योजनाओं को फौरन अमल में लाये। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रवक्ता विकास मिश्र एवं संयोजन एसोसिएशन के लखनऊ मण्डल अध्यक्ष आनन्द त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में शामिल अधिवक्ताओं का स्वागत करते हुए अधिवक्ता विशाल कुमार शर्मा ने सुरक्षा अधिनियम के संघर्षो पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन अधिवक्ता टीपी त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम को लखनऊ हाईकोर्ट बार एसोसिएसन में जूनियर कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता आराधना शुक्ला, आकांक्षा त्रिपाठी, नीलिमा शर्मा ने भी संबोधित करते हुए अधिवक्ताओं के समक्ष विभिन्न चुनौतियों को लेकर संघर्ष की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सुधीर कुमार मिश्र, प्रमेन्द्र कुमार सिंह, अश्विनी दुबे, अंकित सिंह, आयुष त्रिपाठी, सम्पूर्णानंद शुक्ला, तरूण मिश्र, आशीष पाठक आदि अधिवक्ता रहे।

## खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का मजबूत आधार हैं : विधायक श्यामधनी राही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिला स्टेडियम में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा का उद्घाटन सदर विधायक श्यामधनी राही ने किया। उद्घाटन सत्र में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, शिक्षक और खेल प्रेमी मौजूद रहे। जिला स्टेडियम में उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सदर विधायक ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का मजबूत आधार हैं। विधायक खेल स्पर्धा के माध्यम से बुद्ध भूमि के होनहार खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने, प्रतिस्पर्धात्मक अनुभव हासिल करने और आगे चलकर देश-विदेश में प्रदर्शन का अवसर मिलेगा। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन, नियमित अभ्यास और खेल भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। पहले दिन आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में श्री सिंहेश्वर इंटर कॉलेज की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि बुद्ध नगर की टीम उपविजेता रही। मुकाबले के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने दमदार सर्विस, सटीक ब्लॉक और तेज स्मैश से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

व्यक्तिगत मुकाबलों में रंजन यादव, अक्षय कुमार, मोनिका, उजाला और स्नेहा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मेडल्स जीते। खिलाड़ियों की तकनीक, फिटनेस और आत्मविश्वास ने चयनकर्ताओं व दर्शकों को प्रभावित किया। संचालन नियाज कपिलवस्तुवी ने किया। इस मौके पर क्रीड़ा अधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री, बीओ पीआरडी बलवंत यादव व गंगा प्रसाद प्रजापति, खंड शिक्षा अधिकारी रामकुमार सिंह, क्रीड़ा भारती गोरक्ष प्रांत के अध्यक्ष अरुण प्रजापति, जिला ओलपिंक संघ के अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य जयराम यादव, शेषमणि पांडेय, जिला व्यायाम शिक्षक उपेन्द्र उपाध्याय, सत्येन्द्र गुप्ता, बेसिक शिक्षा विभाग से विजय लक्ष्मी यादव, देवेंद्र पांडेय, माहेश्वरी पाठक, रवींद्र गुर्जर, अनिल पांडेय, शशिकांत पांडेय, गुलाब चंद्र यादव, अरविंद कुमार, रत्नेश सिंह, सुमन सिंह, राज लक्ष्मी, रंभा मिश्रा, वर्षा मद्देशिया, साधु शरण चौहान, लक्ष्मी प्रसाद वर्मा सहित शिक्षक, प्रशिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म के अभियोग से संबंधित वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** थाना लीलापुर वरिष्ठ उप निरीक्षक अंकुर कैथवास मय हमराह उप निरीक्षक लतीफ खान,महिला उप निरीक्षक ज्योती सिंह द्वारा तलाश वांछित अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अन्तर्गत दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित वांछित अभियुक्त अशोक कुमार पुत्र पुत्र गिरधारीलाल निवासी ग्राम हण्डौर शेखपुर थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र 38 वर्ष को थाना लीलापुर क्षेत्रान्तर्गत गाजी चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया है।

### मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सांसद खेल स्पर्धा के लिए बैठक संपन्न

**प्रतापगढ़।** विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को सांसद खेल स्पर्धा के लिए मीटिंग हुई, जिसमें सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन 23 से 24 दिसंबर की तिथियों में कराने का निर्णय लिया गया है। इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स बालक (100 मीटर,200मीटर 800 गोला फेंक ,चक्का फेंक, भाला फेंक ) एथलेटिक्स बालिका ( 100 मीटर, 200 मीटर 400 मीटर गोला फेंक,चक्का फेंक,और भाला फेंक ) के अलावा कुश्ती ,वॉलीबॉल ,कबड्डी, और बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं तीन खेल वर्गो सब जूनियर ( अंडर 14 ),जूनियर ( अंडर 17 )और सीनियर वर्ग ( अंडर 19 ) की प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी। बैठक में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह, राजेंद्र कुमार सह विद्यालय निरीक्षक,जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी सुमित सिंह की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# चकेरी पुलिस ने चोरी के आभूषणों समेत दो को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** थाना चकेरी पुलिस ने दो अभियुक्तों को चोरी के आभूषण समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की आभूषण व तमाम कीमती नग बरामद किए हैं। कमिश्नरेट पुलिस ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक चकेरी के नेतृत्व में संदिग्धों की चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि थाना स्थानीय व अन्य थानों के चोरी के अपराधों में वांछित दो अभियुक्त यामाहा मोटर साइ किल R15 नं0 P78H Y5132 से नौबस्ता की ओर जा रहे हैं, उक्त सूचना पर थाना पुलिस टीम द्वारा मंगला विहार बड़ी पुलिया के पास, नौबस्ता की ओर से आ रही उपरोक्त मोटर साईकिल व संदिग्धों को पकड़ लिया, पकड़े गये अभियुक्त दीपक सोनकर पुत्र स्व0 सन्तोष सोनकर नि0 गुड्डू यादव का किराये का मकान मेहरबान सिंह का पुरवा तात्या टोपे नगर थाना गुजैनी कानपुर नगर उम्र करीब 22 वर्ष मूल निवासी जुहारपुर बांदा, विशाल पुत्र स्व0 रामसजीवन नि0 बीजेपी कार्यालय के पीछे मौरंग मण्डी कच्ची बस्ती थाना नौबस्ता कानपुर नगर हाल पता चौधरी का किराये का मकान धोवन पुलिया बच्चा जेल के पीछे थाना हनुमान्त विहार कानपुर नगर उम्र करीब 23 वर्ष मूल निवासी विशेशगंज थाना व जनपद अमेठी हैं। इनके कब्जे से सफेद धातु के आभूषण व विभिन्न रंग के नग बरामद हुये हैं पूछताछ पर बताया कि यह आभूषण इन लोगों ने राजामार्केट आदि जगहों से एक सोने की दुकान व अलग अलग स्थानों से चोरी किये है जो कि राह चलते राहगीरों को बेच कर उनसे मिले पैसे आपस में बाट लेते हैं, आज भी इन आभूषणों को बेचने निकले थे अभियुक्तगणों को उनके जुर्म धारा से अवगत करते हुये नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया।

## जिलाधिकारी ने गरीबों, असहायों को कम्बल का किया वितरण एवं रैन बसेरों व अलाव जलने वाले स्थलों का किया निरीक्षण

**● शीतलहर के दृष्टिगत कोई भी गरीब, असहाय व्यक्ति खुले में न सोये-जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जनपद में कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर से जरूरतमंदों, गरीबों, असहायों, कमजोर वर्ग को राहत दिलाने के लिये जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा विभिन्न स्थलों पर जाकर लोगों को कम्बल का वितरण किया गया तथा जनपद में स्थापित रैन बसेरों व अलाव जलने वाले स्थलों का निरीक्षण भी किया। डीएम ने रोडबेज बस स्टैण्ड पहुंचकर वहां पर बने रैन बसेरा व जल रहे अलाव का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान बस स्टैण्ड पर बने रैन बसेरा में गद्दे व रजाई की व्यवस्था नहीं थी जिस पर डीएम ने एआरएम रोडवेज को गद्दे व रजाई की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान बस स्टैण्ड पर गरीब एवं असहाय लोगों को कम्बल का वितरण भी किया। डीएम ने एआरएम रोडवेज कार्यालय में पहुंचकर उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। उसके उपरान्त डीएम ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर अलाव स्थल का निरीक्षण किया तो मौके पर अलाव जलता हुआ नहीं पाया गया, जिस पर सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि चिन्हित स्थल पर अलाव जलाया जाय इसमें लापरवाही कदापि न बरती जाय। इस दौरान रेलवे स्टेशन पर डीएम ने जरूरतमंद लोगों को कम्बल का वितरण भी किया। इसी प्रकार डीएम ने तुलसीसदन (हादीहाल) में बनाये गये रैन बसेरा का निरीक्षण कर गरीबों एवं असहायों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। हादीहाल में पुरूष व महिला हेतु अलग-अलग रैन बसेरा बनाया गया था जिसमें बेड की संख्या कम पाये जाने पर सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि 50-50 बेड की व्यवस्था करायी जाय। डीएम ने निर्देशित किया कि रेलवे स्टेशन व प्रमुख चौराहों आदि स्थलों पर रैन बसेरा स्थापित होने की होर्डिंग लगायी जाय व प्रचार प्रसार किया जाय जिससे जरूरतमंद लोगों को आश्रय मिल सके। उन्होने कहा कि रैन बसेरों की सूचना गूगल मैप डाली जाय जिससे लोगों को आसानी से जानकारी मिल सके।जिलाधिकारी ने चौक घण्टाघर चौराहा पहुंचकर अलाव का निरीक्षण किया एवं वहां पर गरीब, असहायों को कम्बल का वितरण भी किया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ठण्ड के दृष्टिगत चिन्हित स्थानों पर अलाव जलता रहे, ठण्ड के दौरान कोई भी गरीब, असहाय व्यक्ति सड़क के किनारे खुले में न सोने पाये, यदि कोई व्यक्ति खुले में सोता हुआ पाया जाय तो उसे रैन बसेरा में भेजवाया जाय। जिलाधिकारी ने बताया है कि जनपद में 220 अलाव हेतु चिन्हित स्थल एवं 21 रैन बसेरा बनाये गये हैं। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुये कहा कि रात्रिकाल में कोई भी गरीब एवं असहाय व्यक्ति आये तो उसे जनपद में स्थापित रैन बसेरा की सूचना अवश्य दें जिससे वहां रैन बसेरा में पहुंचकर ठण्ड से बच सके।

### चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, किया निस्तारण



**सिद्धार्थनगर ।** बर्डपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत गायघाट में शुक्रवार को ग्राम चौपाल एवं सुशासन सप्ताह प्रशासन चला गांव की ओर के तहत जन चैपाल का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से ग्रामवासियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, आवास, शौचालय तथा मतदाता पंजीकरण आदि। इस चैपाल में आए ग्रामिणों की समस्याओं को सुना गया और जिनका निस्तारण किया गया। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी ओम प्रकाश सिंह यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी अंकित कुमार शुक्ला, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश, रोजगार सेवक धर्मेन्द्र आदि रहे।

## जिलाधिकारी ने धान क्रय केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा धान क्रय केन्द्र, जोगिया ए एवं जोगिया बी0 का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विपणन शाखा के धान क्रय केन्द्र जोगिया ए एवं जोगिया बी0 के निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी विद्यासागर विपणन निरीक्षण उपस्थित मिले। उनके प्रभार वाले दोनों क्रय केन्द्रों पर कुल 5737.20 कु0 धान 86 किसानों से खरीद किया गया है। निरीक्षण के समय तक दोनों केन्द्रों पर 6 किसानों की तौल की जा चुकी थी, मौके पर किसान महबूब पुत्र मोबीन निवासी करौंदा मसिना की तौल की जा रही थी। किसान से वार्ता करने पर बताया गया की यहां धान बेचने में कोई असुविधा नही है धान की सफाई कराकर तौल की जा रही है अन्य उपस्थित किसानों ने भी खरीद व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। इसके पश्चात क्रय संस्था पी0सी0यू0 के क्रय केन्द्र पथरा बाजार का निरीक्षण किया गया। क्रय प्रभारी सचिव रामफेर यादव उपस्थित थे। मौके पर तौल नही हो रही थी जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई तथा प्रतिदिन खरीद करने के निर्देश दिये गये, केन्द्र पर अभी तक मात्र 224.00 कु0 क्रय करने पर भी जवाब तलब करने का निर्देश दिया गया, यह भी निर्देश दिया गया कि किसानों को धान बेचने में किसी तरह की परेशानी नही होना चाहिए। इस दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी रमेश कुमार एवं पी0सी0यू0 के जिला प्रबन्धक सुधांशू श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## प्रत्येक पात्र व्यक्तियों को मिले योजनाओं का लाभ : जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में विकास खण्ड डुमरियागंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भग्गोभार में सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर के अन्तर्गत ग्राम चौपाल का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। चौपाल कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा ग्राम चौपाल- सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर में समाधान कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी तथा समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त किया गया कि शासन की योजनाओं की जानकारी मिल रही है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों को सभी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाये। आयुष्मान कार्ड से 05 लाख तक का निःशुल्क इलाज की सुविधा है। किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत फसलों के क्षति पूर्ति का भुगतान एवं किसान सम्मान निधि की समस्याओं का निराकरण कराये। राशन वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता नही होना चाहिए। वरासत के प्रकरणो को समयान्तर्गत निस्तारित कराये। जिलाधिकारी ने कहा कि पात्र लाभार्थियो का सत्यापन कराकर पेंशन का लाभ दिया जाये। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियो से पूछा कि गांव की कोई और समस्या हो तो बताए। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भारत सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुॅचाये। इसके किसी भी प्रकार की हीलाहवाली करने पर संबधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जन्म प्रमाण-पत्र, आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र का आवेदन निर्धारित समय में निस्तारित कराये।आपदा राहत के अन्तर्गत लाभ दिलाये। कृषक दुर्घटना बीमा योजना का लाभ दिलाये। सभी लोग अपना फार्मर रजिस्ट्री करा ले जिससे सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओ का लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा चलायी जा रही योजना के अन्तर्गत पंजीकरण कराकर बिजली बिल में छूट का लाभ प्राप्त करें। जिलाधिकारी ने किसानों से कहा कि आपना धान क्रय केन्द्र पर बेचें। सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। ग्राम चौपाल में सम्बन्धित विभाग द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को योजनाओं के बारे जानकारी दिया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा गर्भवती महिलाओ की गोदभराई कराया गया।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी डुमरियागंज राजेश कुमार, पीडी नागेन्द मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ सतीश सिंह, डीसीमनरेगा सन्दीप सिंह, डीसीएनआरएलएम देवनन्दन दूबे, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, खण्ड विकास अधिकारी डुमरियागंज कार्तिकेय मिश्र, ग्राम पंचायत सचिव विनय सिंह, ग्राम प्रधान तेजपाल चौधरी व अन्य ब्लाक स्तरीय अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## पेयजल समस्या को लेकर उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**हमीरपुर–** मौदहा विकासखण्ड के एक गांव में आपरेटर के वेतन नहीं मिलने और मशीनरी की खराबी के चलते पेयजल संकट खड्डा हो गया है जिसको लेकर ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रीवन निवासी लगभग एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि,उनके गांव की पेयजल आपूर्ति की सप्लाई गहबरा चौकी के आपरेटर द्वारा की जाती है।लेकिन मोटर चलाने वाले आपरेटर को लम्बे समय से वेतन नहीं मिला है।जिसके चलते बीते एक सप्ताह से आपरेटर द्वारा पेयजल आपूर्ति नहीं की जा रही है जिसके कारण गांव में पेयजल संकट खडा हो गया है। ग्रामीणों ने समस्या के समाधान की मांग की है। इस दौरान रामकिशन, पंचम लाल, अजय,राकेश, रामसागर, विजय सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## नौ की छात्रा ने राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया चिरस्थायी कृषि मॉडल



**हमीरपुर–** मुस्करा कस्बा के राजकीय इंटर कॉलेज की नौ की छात्रा सोनम ने राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में भाग लेकर विद्यालय व जनपद का नाम रोशन किया। यह प्रदर्शनी पी एम श्री क्वींस इंटर कॉलेज वाराणसी में बीते 16 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक आयोजित की गई। प्रदर्शनी




में सोनम ने अपने विज्ञान मॉडल प्रोजेक्ट 'चिरस्थाई कृषि' के माध्यम से वैज्ञानिक सोच नवाचार एवं रचनात्मकता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसकी प्रशंसा निर्णायक मंडल द्वारा की गई और उसे उसे राज्य में द्वितीय स्थान से अलंकृत किया गया।इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनेंद्र कुमार ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रा की मेहनत, लगन एवं अनुशासन का परिणाम है तथा विद्यालय में विज्ञान शिक्षा की गुणवत्ता की दर्शाती है।छात्रा को इस प्रतियोगिता में मार्गदर्शन देने वाले गाइड शिक्षक दिलीप कुमार, विषय कृषि के प्रयासों की भी सराहना की गई। विद्यालय परिवार द्वारा छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की गई कि वह भविष्य में भी इसी प्रकार की नई उपलब्धियां हासिल करेगी।

## चलती लाइन से ट्रांसफार्मर चोरी, इमिलिया थोक की बिजली आपूर्ति ठप



**हमीरपुर–** सुमेरपुर कस्बा के इमिलिया थोक मोहल्ले में बीती रात अज्ञात चोरों ने चलती विद्युत लाइन में लगे ट्रांसफार्मर को निशाना बनाते हुए उसमें लगा कीमती सामान चोरी कर लिया। इस वारदात के बाद पूरे मोहल्ले की बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई है, जिससे विद्युत विभाग को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। स्थानीय निवासियों और वार्ड सभासद सुमित वर्मा के अनुसार, रात करीब 11 बजे अचानक क्षेत्र की बिजली गुल हो गई थी। लोगों ने इसे सामान्य तकनीकी फॉल्ट मानकर ध्यान नहीं दिया, लेकिन जब सुबह तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो लोगों ने ट्रांसफार्मर के पास जाकर जांच की। मौके पर ट्रांसफार्मर कटा-फटा हालत में पड़ा मिला और उसके अंदर से कॉपर वायर सहित अन्य कीमती उपकरण गायब थे। बिजली न होने के कारण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति भी ठप हो गई है। इसके अलावा घरों में लगे मोटर, मोबाइल चार्जिंग और अन्य जरूरी कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। घटना की सूचना वार्ड सभासद द्वारा तत्काल विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी एमपी सिंह को दी गई। उपखंड अधिकारी ने बताया कि मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है और जल्द ही नया ट्रांसफार्मर मंगवाकर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

# 24 घंटे काम और सैलरी सिर्फ 14 हजार साहब ऐसे जुलुम मत करिए

● रिलायंस जियो के टेक्नीशियन ने शहडोल कलेक्टर से की कार्यवाही की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**शहडोल।** मध्यप्रदेश में सहित पूरे भारत मे मानो जैसे बेरोजगार युवाओं की होड़ सी आ गई हो। आपको बता दे कि रिलायंस इंडस्ट्रीज किसी पहचान की मोहताज नहीं। जिसे किसी व्यक्ति विषेस को पहचान की आवश्यकता हो। आपको बता दे कि भारत जैसे देश मे रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपना कारोबार और व्यापार बड़ी ही मजबूती के साथ युवाओं के साथ और विकास के जनहित में साथ निभा रहा हैं। लेकिन वही रिलायंस के कुछ ठेका कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपने टेक्नीशियन का बुरा हाल कर दिया । क्योंकि जो कंपनी 24 घंटे केवल काम लेती हो और काम के बदले में केवल 14 हजार रुपये देता हैं और न ही किसी भी प्रकार की कोई अन्य सुविधा उपलब्ध नहीं करवा रहे हैं तो ऐसे में बेरोजगार युवाओं ठेका कंपनी के द्वारा प्रताड़ना का आरोप लगना तो सही ही हैं।

**शहडोल कलेक्टर केदार सिंह से की कार्यवाही की मांग**

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहडोल कलेक्टर के कार्यालय पहुंचकर रिलायंस जियो के संभाग के पूरे टेक्नीशियनो ने एक लिखित शिकायत में अपनी मांगों को लेकर पत्र सौंपे हैं और 15 दिवस के अंदर अगर इनकी मांगे कंपनी के द्वारा पूरी नहीं करते तो शहडोल कलेक्टर के सामने ही हड़ताड़ पर बैठ जाएंगे।

**शिकायत पत्र में क्या मांगे**

1. 24 घंटे काम न करवाकर केवल 12 घंटे काम ले

2. कंपनी के द्वारा जो वेतन 14 हजार दिया जा रहा उसे बढ़ाकर 25 से 30 हजार रुपये करें।

3. और साथ ही टी.ए. डी. ए. की सुविधा उपलब्ध करवाए।

4. कंपनी के द्वारा सभी टेक्नीशियनो के परिवार जनों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाए जाए।

5. सभी टेक्नीशियनो को आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। जिससे भाग दौड़ को कम किया जा सकें।

6. कंपनी के द्वारा जो अनावश्यक टेक्नीशियनो को परेशान किया जाता जिससे कि उनके सैलरी से पैसा काट लिया जाता, उसे भी बंद किया जाए।

## बाल विवाह मुक्त भारत 'थीम पर शुरू हुआ सौ दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर–** जिला प्रोबेशन कार्यालय हमीरपुर के तत्वावधान में सौ दिवसीय 'बाल विवाह मुक्त भारत' थीम पर विशेष जागरूकता अभियान शुरू गया।मौदहा के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मौजूद छात्राओं एवं अध्यापिकाओं को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई गयी, साथ ही यह भी बताया गया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है, 18 वर्ष से कम उम्र की बालिका व 21 वर्ष से कम उम्र का बालक का विवाह, बाल विवाह के अंतर्गत आते हैं, जो बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत कठोर दंड का प्रावधान है जिसमें दो साल की क़ैद व एक लाख रुपए का जुर्माना हो सकता हैं उनको उनके मौलिक अधिकारों, शिक्षा व स्वास्थ से वंचित करता है। इस अपराध को रोकने के लिए हम सबको मिल कर प्रयास करना चाहिए। इसके साथ-साथ विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं व सुरक्षा से सम्बन्धित सभी हेल्प लाईन नम्बर यथा 1090, 181, 112, 108 व शिकायत निस्तारण की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। उक्त कार्यक्रम में द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित विधवा पेंशन योजना व स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम, महिला कल्याण विभाग की टीम के सहयोग से आयोजित किया गया।

## ग्राम पंचायत बरगडा व लोहरौह में आयोजित चौपाल में अधिकारियों ने सुनी समस्या

**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय विकास खंड क़े ग्राम पंचायत बरगडा व लोहरौह गांव में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर अधिकारियों ने निस्तारण का भरोसा दिया। ग्राम चौपाल में सड़क आवास, शौचालय नाली, हरघर नल जल योजना की पाइप पानी नहीं होने, राशनकार्ड की समस्या सुनकर बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्राम चौपाल बरगडा गाँव के पंचायत भवन पर बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने शासन से मिलने वाली योजनाओं की जानकारी दी। चौपाल में पशु चिकित्सक अधिकारी कमलेश कुमार ने दुधारू पशुपालन व रखरखाव के बारे में बिस्तार से जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग की एएनएम अंजू देवी ने स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारी दी। इस संबंध में बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया की ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया है। मांग को पूरा करने के लिये संबंधित विभाग सहित अपने स्तर पर शिकायतों का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है। कार्यक्रम का संचालन यूओकांवेट स्कूल के संस्थापक ओम् कार नाथ पांडेय ने किया। इस दौरान प्रधान पान कली, फूल चंद, रवी सिंह, सचिव संतोष कुमार आदि लोगों सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## तौल व डिक्लेरेशन में अनियमितता पर वी-मार्ट, एचयूएल व रिलायंस को कारण बताओ नोटिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर–** उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा को लेकर बाट-माप विभाग द्वारा चलाए जा रहे नियमित जांच अभियान के तहत बड़ी कंपनियों में अनियमितताएं सामने आई हैं। तौल उपकरणों और उत्पादों पर किए गए डिक्लेरेशन में मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर बाट-माप निरीक्षक ने वी-मार्ट हमीरपुर, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) तथा रिलायंस कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। संबंधित कंपनियों से जवाब प्राप्त होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

बाट-माप निरीक्षक एस.पी. सिंह ने बताया कि विभाग समय-समय पर व्यापारिक प्रतिष्ठानों, फैक्ट्रियों और रिटेल स्टोरों में तौल यंत्रों तथा पैक्ड उत्पादों की जांच करता है। हाल ही में सुमेरपुर स्थित हिंदुस्तान यूनिलीवर फैक्ट्री की जांच के दौरान तौल करने वाले तराजू में कमी पाई गई। नियमों के अनुसार तौल के लिए उपयोग होने वाले धर्मकांटे के साथ 25 प्रतिशत अतिरिक्त मानक बाट अलग से रखना अनिवार्य होता है, जो जांच के समय मौजूद नहीं पाया गया। इस गंभीर लापरवाही पर कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार वी-मार्ट हमीरपुर में बिक्री किए जा रहे हॉट पॉट उत्पाद पर कंपनी द्वारा किया गया डिक्लेरेशन निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिला। वहीं रिलायंस कंपनी की धूपबत्ती के पैकेट पर कस्टमर केयर से संबंधित पूरा पता अंकित नहीं पाया गया, जिससे उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज कराने में परेशानी हो सकती है। इसे उपभोक्ताओं के साथ संभावित धोखाधड़ी मानते हुए नोटिस जारी किया गया है।

निरीक्षक ने बताया कि नोटिस का संतोषजनक जवाब न मिलने पर नियमानुसार पेनाल्टी लगाई जाएगी। कुछ इलेक्ट्रॉनिक कांटों में भी गड़बड़ी पाई गई है, जिन पर अलग से कार्रवाई की जाएगी। शासन के निर्देश पर जांच अभियान और तेज किया गया है, जिससे जिले के व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## अटल जी के विचारों पर निबंध प्रतियोगिता, छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**भदोही।** पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्मशताब्दी वर्ष के समापन अवसर पर काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'अटल जी एवं सुशासन' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें जनपद के आठ विद्यालयों के कक्षा 8 से 12 तक के 42 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. रमेश चंद्र यादव ने किया। प्रतियोगिता में ओजस यादव (राजकीय हाईस्कूल सरई मिश्रानी) ने प्रथम, हर्ष तिवारी (विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज) ने द्वितीय तथा विकास कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## जेसीबी मशीन से की नहर की सिल्ट सफाई, सर्विस रोड कर दिया सत्यानाश



● किसानों को खेत जाने में हो रहीं दिक्कतें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हमीरपुर–** नहरों के सिल्ट सफाई में ठेकेदारों ने जमकर लापरवाही और मनमानी की है, यह आरोप लगाया है बिवांर के किसानों ने। आरोप है कि ठेकेदार ने जेसीबी मशीन से नहरों की सिल्ट सफाई तो की है लेकिन नहरों के बगल से निकले सर्विस रो पूरी तरह से बर्बाद कर दिए हैं।बिवांर निवासी राजेश पाठक ,पंचा दुबे ,केदार बाबू आदि किसानों ने बताया कि बिवांर माइनर 1

**हमीरपुर–**राठ रोड क्रॉस करके हीरानंद महाविद्यालय के बगल से निकली है, जिसकी सफाई करने वाले ठेकेदार ने नहर का पूरा सर्विस रीद बर्बाद कर दिया है। बताया कि रास्ता में बड़े-बड़े गड्ढे और जेसीबी के पहियों के गहरे निशान बन गए हैं जिनकी वजह से पैदल तक चलना मुश्किल है। आरोप लगाया है कि ठेकेदार ने माइनर के किनारों की ड्रेसिंग भे नहीं की है। इस सम्बंध में जब जेई महताब आलम से बात हुई, जिन्होंने बताया कि घाटमपुर तरफ के ठेकेदार रानू सचान ने काम कराया है। कहा शिकायत मिली है, मशीन भेजकर ड्रेसिंग करवाई जाएगी और रास्ता भी ठीक करवाई जाएगी।

## कृष के बेहतरी प्रदर्शन से बिवांर ने स्वासा को हराया



**हमीरपुर।** मुस्करा विकासखण्ड के निवादा गांव में चल रहे क्रिकेट में शुक्रवार के दिन



बिवांर और स्वासा की टीमों के बीच दस-दस ओवरों का मैच हुआ।मैच का उद्घाटन हमीरपुर नगरपालिका चेयरमैन कुलदीप निषाद और आरएसएस जिला प्रचारक धनन्जय सिंह ने किया। बिवांर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण चुना। स्वासा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित दस ओवरों में कुल 85 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बिवांर की टीम ने तीन गेंद शेष रहते मैच जीत लिया।बिवांर की टीम से दीपक चंदेल ने 16 गेंदों में 34 रन बनाए और कृष द्विवेदी ने 14 गेंदों में 34 रन बनाए। कृष ने अपनी टीम के लिए दो विकेट भी लिए। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए कृष को मैन ऑफ द मैच दिया गया। टूर्नामेंट के आयोजन में राजा सिंह, छोटू सिंह, हेमंत सिंह, अंकित पंडित, अभिषेक, साकेत आदि का विशेष सहयोग रहा।

## हरियाणा की पूनम ने बाराबंकी के राजेश को किया चित





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर :–** सरीला क्षेत्र के चंडौत गांव में चल रहे वार्षिक मेले मैं शुक्रवार को द्वितीय दंगल का आयोजन किया गया। जहां दूरदराज के पहलवानों ने अपने अपने दांव-पेंच जोहर दिखाएं। जिसमें हिस्सा लेने के लिए राजस्थान पंजाब दिल्ली हिमाचल सहित कई राज्यों के पहलवान पहुंचे थे दंगल में समापनकर्ता के रूप में पहुंचे गुड्डू भैया, प्रमोद तोमर, प्रधान प्रतिनिधि महिपाल सिंह ने पहलवानों का परिचय कराकर कुश्ती शुरू कराई जिसमें पहला मुकाबला पहलवान राजा बोधपुरा व योगेंद्र मैनपुरी के बीच हुआ योगेंद्र ने अपनी प्रतिद्वंद्वी को पटकनी दी। राहुल कानपुर व ऋषि रायबरेली के बीच हुई कुश्ती मै राहुल जीते। वही सत्यवीर राजस्थान व अमरसिंह धोहल के बीच कड़े संघर्ष मै अमरसिंह की जीत हुई। संदीप राणा कुठौदा व संजू कानपुर के बीच कुश्ती बराबरी पर छूटी। महिला पहलवान पूनम हरियाणा व राजेश बाराबंकी के बीच हुए मुकाबले मे पूनम ने बाजी मारी। मानिक ग्वालियर व विनोद उरई के बीच कड़े मुकाबले मैं मानिक ने जीत हासिल कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। दंगल में पहुंची महिला पहलवानों का समाजसेवी पुष्पेंद्र राजपूत ने महिला पहलवानों का हाथ मिलवाया महिला पहलवानों अपनी कला से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कराया। दंगल में रेफरी की भूमिका महिपाल और गुलाब ने निभाई, जबकि संचालन शीलू महाराज परासन ने किया। निर्णायक मंडली में शिवसिंह, अर्जुन, राधाचरण निगम और धर्मेश राजपूत, राजू निगम शामिल रहे। इस अवसर रामकुमार, अरविंद मुखिया, कमलेश जराखर, राजपूत चंद्रवती वर्मा, रिचा आकाश लोधीपुरा, शिवकुमार, सुनील नगायच, रामस्वरूप देवेंद्र राजपूत, रामसहोदर नेता, ज्ञानसिंह सहित अन्य कमेटी सदस्य भी मौजूद रहे।

## नगर के विकास में महती भूमिका निभाने का प्रयास निरंतर कर रहे रोहणी गर्ग

● रेल सुविधाएं बढ़ने से नगर में व क्षेत्र का होगा विकास सभी नागरिक के एक जुट होने का आवाहन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दिनेश चौधरी की रिपोर्ट

**शहडोल, बुढ़ार–** दो रेल मण्डलों जबलपुर और बिलासपुर की गतिविधि कार्यप्रणाली का जब आंकलन करते हैं तो ब्योहारी स्टेशन हमारे बिलासपुर मंडल के स्टेशनो से सर्व सुविधा युक्त दर्शनीय स्टेशन बन चुका हैक्योंकि यह स्टेशन जबलपुर मंडल से जुड़ा है।

आये दिन समाचार पत्रों में रेल समस्याओं को लेकर समाजिक संगठन, रेल यात्री संगठन, व्यापारी संगठन, सत्ता से जुड़े कार्यकर्त्ताअपनी पीड़ा छलकाते हैं, रेल समस्या समाधान के लिये पत्राचार करते हैं, रेल अधिकारियों से मुलाकात कर ज्ञापन देते हैं की शहडोल स्टेशन को सुविधा युक्त बनाइये, नागपुर - शहडोल का विस्तार करिये, ट्रेन 18235/36 को इतवारी तक बढ़ाइए, यहाँ से मुंबई के लिए सीधी ट्रेन दीजिये आदि महत्व पूर्ण मांगों को सक्रियता से रखते हैं।

जुलाई 04 को ळड बिलासपुर शहडोल प्रवास पर आये सभी ने उन्हें समस्या से अवगत कराया, ज्ञापन भी दिया, बुढ़ार का सर्वदलीय मंडल ज्ञापन देकर समाधान चाहा पर आजतक कुछ भी नहीं हुआ।

बुढ़ार का एक संगठन बुढ़ार स्टेशन की समस्या को लेकर 20 जुलाई को आन लाइन पत्र देने के बाद 29 जुलाई को 03 सदस्यीय दल ने क्त्ड से मुलाकात कर वही 05 विन्दुओं का माँग पत्र दिया जिस पर 26 अगस्त को लिखित जबाव आया की आपके स्टेशन की 04 मांगे स्वीकृत है जिनकी कार्यवाही शुरू हो चुकी है। आज 03 माह बीत गए पर स्टेशन में किसी कार्य की शुरुआत नहीं हुई। यह है बिलासपुर मंडल के अधिकारियों की कार्य प्रणाली, कार्य शैली।

शहडोल जिले की बहु चर्चित हवाई सेवा, हवाई अड्डा 03 वर्षो से लगातार पत्राचार तक केंद्रित है। प्रधानमंत्री सहित



प्रदेश के पूर्व और वर्तमान मुख्य मंत्री के वकतब्य के वाबजूद भी कागज का घोड़ा शहडोल -ड्डीवचंस की उड़ान भर रहा है।सभी संगठन निरंतर प्रयास रत हैं पर इस दिशा में कार्यवाही नगन्य है। यही है शहडोल का पुरजोर विकास। गर्ग ने यह भी कहा कि नगर व क्षेत्र के सभी संभ्रांत नागरिक एक जुटता के साथ एक मंच पर सम्मलित होने से रेल प्रषासन बुढ़ार रेल्वे के साथ की जा रही उपेक्षा को समाप्त कर प्लेटफार्म का विकास सीढ़ियों में प्रगति डिसप्ले का सुचारू रूप से संचालन शीघ्र हो, एवं रात्रि समय रेल्वे पुलिस का पैरहा एवं यात्री प्रतिक्षालय सुव्यवस्थित के साथ ट्रेनों का ठहराव होने से विकास में चार चांद लगने के उम्मीद जाग सकती है।

## ट्रक की टक्कर से किसान की मौत, भतीजा गंभीर घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर–** मौदहा कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजते हुए ट्रक को कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। हादसा नारायच गांव के पास चंद्रावल नदी के पुल पर हुआ। रीवन गांव निवासी 55 वर्षीय जगदेव उर्फ छुट्ट विश्वकर्मा अपने 21 वर्षीय भतीजे प्रदीप कुमार के साथ बाइक से मौदहा से गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को मौदहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जगदेव को मृत घोषित कर दिया। प्रदीप की हालत गंभीर बताई जा रही है।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को कब्जे में ले लिया है। मृतक जगदेव एक छोटे किसान थे और खेतिहर मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पांच बेटियां



हैं, जिनमें से तीन की शादी हो चुकी है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मौदहा कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बीजेपी कार्यकर्ता से मारपीट-फायरिंग के बाद हनुमान चालीसा पाठ, पुलिस को 48 घंटे का अल्टीमेटम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद** के ढेढेमऊ गाँव मे बीजेपी के कार्यकर्ता अनुपम सिंह से हुई मारपीट और फायरिंग के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज हिन्दू संगठन के लोगों ने शुक्रवार को शान्तिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। परम शिवालय मन्दिर तहसील रोड पर एकत्र हुए तमाम कार्यकर्ताओं ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर मलिहाबाद को 48 घंटे मे आरोपियों की गिरफ्तारी करने का अल्टीमेटम दिया। साथ ही प्रदर्शन की चेतावनी दी।

हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओ ने आरोप लगाया है कि ढेढेमऊ प्रकरण मे पुलिस की कार्यप्रणाली अत्यंत लचर एवं उदासीन है। पुलिस घटना के दो दिन बाद भी अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नही कर सकी। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर 48 घंटे मे आरोपियों को गिरफ्तार नही किया गया तो हमलोग आन्दोलन के लिये बाध्य होंगे। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर मलिहाबाद सुरेंद्र सिंह भाटी ने कार्यकर्ताओं को जल्द ही उचित कार्यवाही का आश्वासन देकर शान्त कराया।

**यह था मामला।** बुधवार शाम को ढेढेमऊ मे लगे भाजपा के पोस्टर फाडने से रोकने पर गांव के ही गोलू गाजी,दानिश,कामिल, ब्लैक गोलू समेत करीब आधा दर्जन लोगों ने भाजपा



कार्यकर्ता अनुपम सिंह को जमकर पीटा था। उसके सिर पर तमंचे की बट से हमला कर उसे गम्भीर रूप से घायल करते हुये हमलावर फायरिंग करते हुये मौके से भाग निकले थे। अनुपम की तहरीर पर गम्भीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज करने के साथ ही पुलिस ने उसे ईलाज के लिये सीएचसी मलिहाबाद मे भर्ती कराया था।

## सुजीत पाण्डेय की पंचम पुण्यतिथि पर आज भव्य श्रद्धांजलि समारोह, भाजपा के दिग्गज नेताओं की होगी शिरकत

● मोहनलालगंज में आदर्श शिक्षा निकेतन ग्राउंड पर आयोजन, 20 हजार से अधिक लोगों के जुटने की उम्मीद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज। लखनऊ,** समाजसेवा और मानवता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय सुजीत कुमार पाण्डेय की पंचम पुण्यतिथि के अवसर पर आज शनिवार को एक भव्य एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम मोहनलालगंज कस्बे स्थित आदर्श शिक्षा निकेतन ग्राउंड में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कई दिग्गज नेता, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक शिरकत करेंगे। आयोजक अजय पाण्डेय 'सत्यम' के अनुसार श्रद्धांजलि समारोह में लगभग 20 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और कार्यक्रम स्थल पर व्यापक तैयारियां की गई हैं। श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत स्वर्गीय सुजीत पाण्डेय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की जाएगी, इसके पश्चात वक्ता उनके सामाजिक योगदान, सेवा कार्यों और मानवतावादी विचारों पर अपने विचार रखेंगे।

कार्यक्रम के दौरान स्वर्गीय पाण्डेय की स्मृति में दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। वहीं, ठंड को देखते हुए गरीब एवं असहाय लोगों को कंबल वितरण का भी आयोजन किया गया है, जिससे जरूरतमंदों को राहत मिल सके। इस आयोजन के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदना और सहयोग का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक, व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं ट्रस्टी अजय पाण्डेय सत्यम ने बताया कि उनके पिता स्वर्गीय सुजीत पाण्डेय ने अपने पूरे जीवन में समाज के कमजोर, जरूरतमंद और उपेक्षित वर्गों की निस्वार्थ सेवा की। उनका मानना था कि सच्ची समाजसेवा वही है, जिससे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का जीवन बेहतर बन सके। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल



श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि सेवा, समानता और मानवता के उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प है। श्रद्धांजलि समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता, स्थानीय विधायक, जनप्रतिनिधि, व्यापारी संगठन, सामाजिक संस्थाएं और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहेंगे। आयोजकों का कहना है कि यह आयोजन स्वर्गीय सुजीत पाण्डेय के विचारों और कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा।